नई दिल्ली
बुधवार 4 नवंबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 30, अंक : 198
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 16

हरिभूमि

दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

भारत ने रचा नया इतिहास : दुश्मन को संभलने का मौका नहीं देगी 'प्रलय'

एक लॉन्चर से 'दो मिसाइलें' दागने वाला स्वदेशी सिस्टम का हुआ सफल परीक्षण

500 किमी दूर 2 टारगेट तबाह, टेस्ट सफल पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात होगी



एजेंसी ▶▶ चांदीपुर

डीआरडीओ ने ओडिशा के चांदीपुर से 'प्रलय मिसाइल' का सफल परीक्षण किया है। इसकी खासियत यह है कि एक ही लॉन्चर से 2 मिसाइलें लगातार दागी जा सकती हैं। 500 किमी तक मार करने वाली यह मिसाइल दुश्मन के अलग-अलग ठिकानों को निशाना बना सकती है। इसे क्वासी-बैलेस्टिक मिसाइल कहा जाता है, क्योंकि यह उड़ान के दौरान अपना रास्ता भी बदल सकती है। इस परीक्षण के पहले 2 किमी के दायरे में रहने वाले करीब 2500 लोगों को वहां से कथित तौर पर हटा दिया गया था। अब इस मिसाइल के भारतीय थल सेना और वायु सेना में संभावित इस्तेमाल को लेकर ▶▶ शेष पेज 5 पर

2014 से पहले देश में 248 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क था, अब 1200 किमी हो गया, मेट्रो सेवाएं केवल 5 शहरों में थी अब 26 शहरों में चल रहीं

प्रधानमंत्री मोदी ने वीसी से किया पुणे मेट्रो लाइन 3 (पिंक लाइन) का उद्घाटन

भारत दुनिया के शीर्ष 3 मेट्रो नेटवर्क वाले देशों में शामिल

एजेंसी ▶▶ पुणे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 2014 से पहले देश में 248 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क परिचालन में था जबकि अब यह बढ़कर 1,200 किलोमीटर हो गया है। 2014 में मेट्रो सेवाएं केवल 5 शहरों में उपलब्ध थीं जबकि अब 26 शहरों में मेट्रो चल रही है। हर दिन 1 करोड़ से अधिक लोग मेट्रो से यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

◆ भारत का मेट्रो नेटवर्क पिछले 12 वर्षों में 248 किमी से बढ़कर 1,200 किमी हुआ



केंद्र और राजग सरकार पूरी मजबूती से किसानों के साथ

मोदी ने कहा कि इस संकट के समय केंद्र और राजग सरकार पूरी मजबूती से किसानों के साथ खड़ी है और उन्हें पूरी संवेदनशीलता के साथ मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे यह सुनिश्चित करें कि इस स्थिति से प्रभावित किसान और ग्रामीण परिवार भी दिवाली मना सकें।

देश सेवा का संकल्प पूरा कर रहा

वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पुणे मेट्रो लाइन 3 (पिंक लाइन) का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि जब देश ने सेवा करने का मौका दिया तो हमने मध्यम वर्ग के लिए जीवन को आसान बनाने और परिवहन को सुगम बनाने के संकल्प के साथ काम शुरू किया। मोदी ने दूसरे चरण के तहत ▶▶ शेष पेज 5 पर

Dinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

नीट पीजी में रैंक को मिलेगा अधिक महत्व

नई दिल्ली। मेडिकल पीजी में दाखिले की प्रक्रिया 2027 से बदल सकती है। समिति की रिपोर्ट के बाद रैंक आधारित दाखिला व्यवस्था को अधिक महत्व देने की चर्चा तेज हो गई है। क्वालिफाइंग पर्सेंटाइल में भारी कटौती के विवाद के बाद केंद्र की विशेषज्ञ समिति ने समीक्षा की है।



आईपीएस सुजानिया ने दिया इस्तीफा

भोपाल। मप्र कॉडर के 2014 बैच के आईपीएस अफसर अनुराग सुजानिया (38) ने व्यक्तिगत कारणों से आईपीएस पद से इस्तीफा दे दिया। राज्य सरकार ने अभी 5 दिन पहले ही उन्हें सागर एसपी के पद से हटाकर पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) पद पर पदस्थ किया था।



ईरान के दूतावास ने एक्स पोस्ट के जरिए भारत सरकार और नौसेना, वायुसेना के प्रति जताया आभार

समुद्र में बजा भारतीय नौसेना का डंका, सोमाली लुटेरों के चंगुल से छुड़ाए 20 ईरानी नागरिक

ओमान तट के पास वाणिज्यिक जहाज पर हमले में 1 भारतीय की हुई मौत, 13 अन्य सुरक्षित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में युद्ध के हालात के बीच अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग चर्चा के केंद्र में बने हुए हैं। जिनमें कई बार इनका जिक्र वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों को लेकर होता है। तो कभी डाकुओं द्वारा जहाजों के अपहरण की वजह से इनकी बात होती है। यहां हम ऐसे ही दो मामलों का उल्लेख कर रहे हैं। जिनमें पहले में भारतीय नौसेना ने वायुसेना के साथ एक संयुक्त अभियान चलाकर अपने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए सोमालिया के हथियारबंद समुद्री डाकुओं के कब्जे में फंसे हुए ईरान के मछली पकड़ने वाले एक जहाज 'अजिनी' को आजाद कराते हुए उस पर सवार चालक दल के सभी 20 ईरानी नागरिकों को सुरक्षित बचा लिया है। जबकि दूसरे मामले में युद्ध के दौरान ओमान तट के पास लिमाह में एक वाणिज्यिक जहाज एमएसवी अल जुसुफी पर हुए हमले में उस पर सवार चालक दल के कुल 14 भारतीयों में से एक की दुखद मौत हो गई है। 13 अन्य को सुरक्षित बचा ▶▶ शेष पेज 5 पर



48 घंटे में डाकुओं से मुक्त हुआ जहाज

नौसेना ने मंगलवार को बताया कि ईरानी अजिनी जहाज को समुद्री डाकुओं ने पिछले महीने के अंत में 29 अक्टूबर को सोमालिया के उत्तर-पूर्वी तट के पास बंदर बायला व हाफुन के बीच अगवा कर लिया था। जिसके लिए चलाया गया राहत-बचाव अभियान 48 घंटे तक चला ▶▶ शेष पेज 5 पर

सी-17 से जहाज पर उतरे नौसेना के कमांडो

सोमालिया के समुद्र में नौसेना की नियमित मिशन तैनाती पर गश्त में लगे युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने अपने निगरानी विमानों, वायुसेना के सी-17 विमान और अन्य ▶▶ शेष पेज 5 पर

संवाद-कूटनीति से होगी शांति बहाल

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, पश्चिम-एशिया विवाद के मध्य बीते सोमवार शाम ओमान तट के पास 14 भारतीय सवार एमएसवी अल जुसुफी व्यापारिक जहाज पर हुए हमले में 1 की मौत हो गई। जबकि 13 अन्य को सुरक्षित बचा लिया गया है। भारत ने हमले पर चिंता जताते हुए सभी संबंधित पक्षों से बातचीत और कूटनीति के माध्यम से जल्द से जल्द हर प्रकार की शत्रुता को त्यागने की अपील की है। क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों, ढांचागत-नागरिक अवसंरचनाओं पर हमले तुरंत रोकने पर भी जोर दिया है। जिससे इलाके में शांति, स्थिरता बहाल हो सकेगी। वैश्विक जलमार्गों में यूएन के कानूनों के मद्देनजर ▶▶ शेष पेज 5 पर

आईओआर में प्रमुख सुरक्षा प्रदाता नौसेना

नौसेना द्वारा सफलता के साथ चलाया गया यह अभियान अंतर-सेवाओं के बीच मौजूद शानदार समन्वय का प्रमाण प्रस्तुत करता है। जिसके जरिए नौसेना की उच्च-स्तर की रणनीतिक तैयारियों और जटिल समुद्री सुरक्षा अभियानों को लेकर बनी हुए दृढ़ संकल्प की साफतौर पर झलक देखने को मिलती है। इसके अलावा ये हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाली समुद्री सेना व प्रमुख सुरक्षा प्रदाता के रूप में भी भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। नौसेना नाविकों की सुरक्षा, प्रमुख समुद्री व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा करने के लिए हरदम पूरी मुस्तैदी के साथ तैयार है। इसके अलावा वह आईओआर में एक सुरक्षित, स्थिर वातावरण को बनाए रखने के भी पक्ष में है।


ईरान के दूतावास ने जताया आभार

नई दिल्ली में ईरान के दूतावास ने एक्स पोस्ट में प्रतिक्रिया देते हुए अजिनी जहाज को समुद्री लुटेरों से बचाने के लिए चलाए गए सफल अभियान के माध्यम से सुरक्षित बचाए गए 20 ईरानी नागरिकों के मामले को लेकर भारत की सरकार, नौसेना तथा वायुसेना के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही कहा, हम भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा प्रदर्शित किए गए पेशेवर आचरण, साहस और प्रभावी समन्वय की अत्यधिक सराहना करते हैं। यह एक प्रकार से नई दिल्ली की मानवीय सहायता व आपदा राहत (एचएडीआर) को लेकर बने हुए दृढ़ संकल्प, सीमाओं से बाहर जाकर लोगों की जीवन रक्षा में अहम भूमिका निभाने की प्रक्रिया को प्रदर्शित करती है। ये अभियान भारत, ईरान के बीच दोस्ती, एकजुटता और सहयोग की भावना का पुख्ता प्रमाण प्रस्तुत करता है।

चुनाव आयोग का बड़ा फैसला

वोटर लिस्ट से नाम गायब तो निर्भय होकर भरें फॉर्म - 6, नहीं होगा मुकदमा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नाम नहीं आने से परेशान पुराने मतदाताओं को चुनाव आयोग ने बड़ी राहत दी है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिन लोगों के नाम पहले मतदाता सूची में दर्ज थे, लेकिन एसआईआर के दौरान प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में किसी कारणवश शामिल नहीं हो पाए हैं, वे दोबारा नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भर सकते हैं। ऐसा करने पर उन्हें गलत घोषणा करने या कानूनी कार्रवाई का सामना करने का डर रखने की जरूरत नहीं है। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस संबंध में आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी किया है। आयोग ने कहा है कि प्रारूप मतदाता सूची में नाम ▶▶ शेष पेज 5 पर

दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले का हवाला

निर्वाचन आयोग ने अपने स्पष्टीकरण में दिल्ली हाईकोर्ट के 14 अक्टूबर 2026 के एक फैसले का भी उल्लेख किया है। नीलोत्पल दत्ता एवं अन्य बनाम भारत निर्वाचन आयोग एवं अन्य मामले में याचिकाकर्ताओं ने यह आशंका जताई थी कि पहली बार मतदाता नहीं होने के बावजूद फॉर्म-6 भरना गलत घोषणा करने के समान होगा। इस पर दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की आशंका को निराधार माना था। अदालत ने याचिका की कार्यवाही समाप्त करते हुए कहा था कि यदि याचिकाकर्ता चाहें तो फॉर्म-6 जमा कर सकते हैं, जिस पर कानून के अनुसार विचार किया जाएगा।

धारा 31 के तहत कार्रवाई नहीं होगी

आयोग ने अपने ताजा स्पष्टीकरण में सबसे महत्वपूर्ण बात यह कही है कि यदि किसी मतदाता का नाम पहले की मतदाता सूची में दर्ज रहा है और वह एसआईआर के दौरान अथवा उसके बाद फॉर्म-6 जमा करता है, तो केवल इस आधार पर उसके खिलाफ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत कोई कार्रवाई शुरू नहीं की जाएगी। हालांकि, आयोग ने इसके साथ एक महत्वपूर्ण शर्त भी रखी है। संबंधित मतदाता का नाम किसी अन्य संसदीय या विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में पहले से दर्ज नहीं होना चाहिए और उसके द्वारा की गई घोषणा अन्यथा कानून के अनुरूप होनी चाहिए।

'डरिए मत मोदी जी, आमने-सामने बैठकर बहस कर लेते हैं'...

राहुल गांधी की पीएम मोदी को खुली चुनौती, अमेरिकी डील से एपस्टीन तक उठाए सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर खुली बहस की चुनौती देते हुए कहा है कि वह किसी भी मंच और किसी भी स्थान पर प्रधानमंत्री के साथ आमने-सामने बैठकर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री विपक्ष को देशद्रोही बताते हैं, ऐसे में यह तय होना चाहिए कि वास्तव में देशद्रोही कौन है और विदेशी ताकतों से किसके संबंध हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि वह जल्द से जल्द इस चुनौती को स्वीकार करें और डरें नहीं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी अपने वीडियो संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को बहस की चुनौती दिए हुए 24 घंटे हो चुके हैं, लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया है। उन्होंने कहा, ₹24 घंटे हो गए मोदी जी। मैंने आपको चैलेंज दिया है। आप कहते हो कि विपक्ष देशद्रोही है। किसी भी स्टेज पर, किसी भी जगह चुनिए और मेरे साथ डिबेट कीजिए। देश ▶▶ शेष पेज 5 पर

मोहन भागवत को भी बना सकते हैं निर्णायक

राहुल गांधी ने बहस की रूपरेखा भी सामने रखी। उन्होंने कहा कि इस चर्चा में दोनों पक्षों की मौजूदगी होगी, मीडिया और देश के युवा भी वहां मौजूद रहेंगे। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठेंगे और दूसरी तरफ वह स्वयं होंगे। बहस के लिए निर्णायक का चयन भी प्रधानमंत्री अपनी पसंद से कर सकते हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि प्रधानमंत्री चाहें तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत को जज बनाया जा सकता है। राहुल ने कहा कि बहस पूरी तरह खुली होनी चाहिए, ताकि देश के सामने सभी सवालों और आरोपों पर स्पष्ट स्थिति सामने आ सके।

अमेरिका के साथ डील और एपस्टीन मामले पर उठाए सवाल

कांग्रेस नेता ने संभावित बहस के मुद्दे भी गिनाए। उन्होंने कहा कि चर्चा में देश की वित्तीय व्यवस्था और आर्थिक ढांचे से जुड़े सवाल उठेंगे। इसके अलावा अमेरिका के साथ हुई डील की परिस्थितियों, उसके समय और प्रक्रिया पर भी प्रधानमंत्री से जवाब मांगा जाएगा। राहुल गांधी ने सवाल किया कि अमेरिका के साथ यह समझौता कैसे हुआ, इतनी जल्दी क्यों किया गया और प्रधानमंत्री ने इसे अकेले क्यों किया? उन्होंने यह भी पूछा कि इस महत्वपूर्ण समझौते के बारे में केंद्रीय ▶▶ शेष पेज 5 पर

प्रवास के दौरान 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे नितिन नवीन

नवीन का गोरखपुर में दो दिवसीय सांगठनिक प्रवास आज से

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 4 और 5 नवंबर को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के दो दिवसीय महत्वपूर्ण सांगठनिक प्रवास पर रहेंगे। इस प्रवास के दौरान वे 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे, बाबा गोरखनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे और आगामी चुनावों के दृष्टिगत प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व, वर्तमान एवं पूर्व जन-प्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों के साथ कई अहम संगठनात्मक बैठकों की अध्यक्षता कर पार्टी के अभियानों को नई दिशा देंगे।

नवीन 4 नवंबर, बुधवार को सुबह गोरखपुर पहुंचेंगे। वे दोपहर 12 बजे ▶▶ शेष पेज 5 पर

सैनी ने 9 बड़े प्रस्तावों को दी मंजूरी

हरियाणा रोडवेज के बेड़े में शामिल होंगी 500 नई बसें

गुरुग्राम में दो फ्लाईओवर और एक अंडरपास से घटेगा ट्रैफिक का दबाव, लाखों लोगों को मिलेगी राहत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा में सड़क, परिवहन और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी और हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में कुल नौ प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इन निर्णयों से प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, शहरी क्षेत्रों में यातायात ▶▶ शेष पेज 5 पर

दिल्ली से पुणे जा रही फ्लाइट में टला हादसा

उड़ान के दौरान यात्री ने खोला गेट का कवर... बजा अलार्म

यात्री के खिलाफ केस दर्ज, कहा-उसे इसकी जानकारी नहीं थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली से पुणे जा रही इंडिगो की उड़ान में एक यात्री ने उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही इमरजेंसी गेट के लीवर का कवर खोलने की कोशिश की। इससे विमान में अलार्म बजने लगा और चालक दल सतर्क हो गया। घटना सोमवार रात की है। पुलिस ने यात्री के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान पुणे जिले के सासवड निवासी 33 वर्षीय गौरव सत्येंद्र रौतेला के रूप ▶▶ शेष पेज 5 पर

कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की भगवान श्रीकृष्ण पर की गई टिप्पणी से देश भर में गुस्सा

पप्पू यादव ने थाने में दी शिकायत....अखिलेश व तेजस्वी बोले: इनकी कथाओं का देश भर में किया जाए 'बहिष्कार'

- श्रीकृष्ण पर टिप्पणी बर्दाश्त नहीं, माफी से खत्म नहीं होगा मामला
- बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पद से तत्काल किया जाए बर्खास्त
- गुस्साए लोगों ने टीकमगढ़, अशोकनगर व छतरपुर में जलाए पुतले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

भगवान श्रीकृष्ण पर कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की टिप्पणी को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। देश भर में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने मंगलवार को दिल्ली के पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने पहुंचकर धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ लिखित शिकायत दी। उन्होंने यह भी कहा कि केवल माफी मांग लेने से मामला खत्म नहीं होगा और शास्त्री को सजा दिलाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव व आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि शास्त्री की कथाओं का देश भर में बहिष्कार किया जाए। इनको बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पद से बर्खास्त किया जाए। अखिलेश ने कहा कि सच्चे सनातनी अब इसका जवाब देंगे। मप्र के टीकमगढ़, अशोकनगर और छतरपुर में गुस्साए लोगों ने शास्त्री के पुतले फूंके। गौर हो कि करैरा में शास्त्री ने भगवान राम और श्रीकृष्ण के स्वरूप की तुलना करते हुए टिप्पणी की थी। इसमें उन्होंने श्रीकृष्ण की त्रिभंग मुद्रा, बांसुरी बजाने की शैली और भगवान राम के सीधे ▶▶ शेष पेज 5 पर



सांसद पप्पू यादव शिकायत देते हुए

तेजस्वी बोले- ये सत्ता पोषित मानसिक विक्षिप्त

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शास्त्री को सत्ता पोषित मानसिक विक्षिप्त बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण पर की गई टिप्पणी अशोभनीय और अमर्यादित है। राजनीतिक लोभ में कुछ लोग अब भगवान को भी बांटने लगे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेताओं से इस मामले में सामने आकर देश और ▶▶ शेष पेज 5 पर



तेजस्वी यादव

खबर संक्षेप

मादक पदार्थ तस्कर से नशे का सामान बरामद

नई दिल्ली। शाहबाद डेयरी पुलिस ने रोहिणी से 28 वर्षीय एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 117 नशीली गोलियां और इंजेक्शन की 28 शीशियां बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि पंकज उर्फ कौवा नशे के इंजेक्शनों और दवाओं की आपूर्ति करने के लिए रोहिणी के सेक्टर 30 में आएगा। इसके बाद एक नवंबर को ट्रैप लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में पता चला कि आरोपी 10 मामलों में शामिल रहा है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से बुप्रेनॉर्फिन और नालोक्सोन की 117 गोलियां और फेनिरामाइन मैलिएट इंजेक्शन की 28 शीशियां बरामद की गई। इस संबंध में शाहबाद डेरी थाने में मामला दर्ज किया गया है। शाहबाद डेरी निवासी पंकज पहले हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित करीब 10 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

ट्रक और स्कूटी की टक्कर में दो लोगों की मौत

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में एक अनियंत्रित ट्रक और स्कूटी के बीच हुई भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पक्की खजूरी निवासी संतोष (30) और खजूरी खास निवासी पवन (33) के रूप में हुई है। हादसा सोमवार देर रात सामने आया। पुलिस के अनुसार सोमवार देर रात करीब 11:55 बजे पुराने खजूरी खास थाने के कट के पास हादसा होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम और परिजनों द्वारा दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेजा गया है। फॉरेंसिक टीम ने दुर्घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस के अनुसार घटना में शामिल कंक्रीट मिक्सर ट्रक को जब्त कर लिया गया है। हालांकि घटना के बाद आरोपी चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

पुलिस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन के बाद एसीपी मनस्वी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



वकीलों और पुलिस कर्मियों के बीच झड़प के बाद दिल्ली पुलिस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन में शामिल हुए एसीपी मनस्वी वशिष्ठ को निलंबित कर दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक आधिकारिक आदेश में 2019 बैच के दानिप्स अधिकारी वशिष्ठ के निलंबन का आदेश दो नवंबर को जारी किया।

मंत्रालय के आदेश में कहा गया है एसीपी वशिष्ठ के खिलाफ विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित है और इसी के मद्देनजर सक्षम प्राधिकारी ने केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 1965 के तहत उन्हें निलंबित करने का आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक, निलंबन की अवधि के दौरान वशिष्ठ का मुख्यालय दिल्ली रहेगा और उन्हें सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। यह मामला शाहदरा थाने में पुलिस और वकीलों के बीच विवाद से जुड़ा है। वकीलों के अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान करने के बाद, गांधीनगर उपमंडल के एसीपी वशिष्ठ और शाहदरा थाने के एसएचओ अरूण कुमार का तबादला कर दिया गया था। इसके बाद वकीलों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली थी। दिल्ली की सभी जिला अदालतों के बार एसोसिएशन की समन्वय समिति के अनुसार, यह टकराव एक घटना के बाद शुरू हुआ था जिसमें वकील ललित बंसल को कथित हमले में सिर पर गंभीर चोट लगी थी, जिसके लिए शाहदरा थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में नामजद लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर कई वकील 23 अक्टूबर की शाम थाने गए थे। समिति ने दावा किया कि एसीपी और एसएचओ ने उन्हें आश्वासन दिया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा जो उस वक्त थाने में ही मौजूद था। अगले दिन अधिवक्ताओं को पता चला कि आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इसके बाद जब वकील मामले से निपटने के संबंध में जवाबदेही के लिए फिर से शाहदरा थाने गए, तो वकीलों और दो अधिकारियों के बीच हाथापाई हुई। वहीं, एसीपी और थानेदार के स्थानांतरण के विरोध में दिल्ली पुलिस के 150 कर्मी सोमवार को पुलिस मुख्यालय के बाहर जमा हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इनमें महिला कर्मी भी शामिल थीं। हाथों में तख्तियां और पोस्टर लिए प्रदर्शन कर रहे पुलिसकर्मियों ने 'वर्दी का अपमान नहीं सहेंगे' जैसे नारे लगाए। उन्होंने एसीपी वशिष्ठ और कुमार की पुरानी तैनाती बहाल करने की मांग की। पुलिस के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार से मुलाकात की और पांच मांगें सौंपी, जिनमें शाहदरा थाने में हुई घटना में शामिल वकीलों के खिलाफ कार्रवाई और गुंडागर्दी करने वाले वकीलों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना शामिल है।

वजीराबाद में रंजिश के चलते शख्स की गोलीमार कर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



वजीराबाद इलाके के संगम विहार में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जांच में पता चला कि मृतक रवि उत्तर पश्चिम जिले के नेताजी सुभाष पैलेस थाने में 2021 में दर्ज हत्या के एक मामले में आरोपी था और इसी साल अक्टूबर में जमानत पर बाहर आया था। पुलिस ने केस के सिलसिले में मुख्य शूटर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, सोमवार देर रात करीब 11 बजे वजीराबाद के संगम विहार स्थित गली नंबर 14 में गोलीबारी की घटना हुई। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल रवि को अस्पताल ले जाया गया, जहां मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पकड़े गये आरोपियों के नाम वजीरपुर निवासी कमल गोस्वामी और मोनू बताये गये हैं। पुलिस जांच में पता चला कि रवि उत्तर-पश्चिम जिले के नेताजी सुभाष पैलेस थाने में 2021 में दर्ज हत्या के एक मामले में आरोपी था और इसी साल अक्टूबर में जमानत पर बाहर आया था। सोमवार रात रवि अपने परिचितों के साथ शराब पी रहा था, जिनमें कमल गोस्वामी भी शामिल था। वह 2021 में कत्ल किए गए व्यक्ति का दोस्त था और पार्टी में बदला लेने की नीयत से शामिल हुआ था। कमल वजीरपुर की जेजे कॉलोनी का रहने वाला है। साथ में शराब पीने के बाद सभी लोग एक कार में बैठे और एक जगह रुककर बातचीत करने लगे। जब रवि कार से बाहर निकला तो कमल गोस्वामी ने उस पर पिस्तौल से गोली चला दी। वारदात में इस्तेमाल अवैध पिस्तौल और फरार होने के लिए इस्तेमाल की गई सफेद रंग की स्विफ्ट कार बरामद कर ली गई है। मामले में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच जारी है।

साइबर फ्रॉड के चार मामलों में आधा दर्जन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आउटर नॉर्थ जिले की साइबर पुलिस ने म्यूल-अकाउंट रैकेट, फर्जी सिम-कार्ड नेटवर्क और एपीके आधारित साइबर फ्रॉड मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। चार मामलों में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। केस के सिलसिले में चार खाताधारकों और एक पोस्टमैन को भी बाउंड किया गया है।

पुलिस के अनुसार एक मामले में साइबर अपराध नेटवर्क के लिए 70 बैंक खातों की व्यवस्था की गई थी। एक आरोपी मोहित की पहचान हुई, जो पहले से ही तिहाड़ जेल में बंद है। जांच में पता चला कि इसी साल एक डीलर द्वारा लगभग 187 सिम कार्ड फर्जी तरीके से जारी किए गए थे और प्रत्येक को 1,500 रुपये में बेचा गया था। तीन बैंक खाते 20 हजार में बेचे गए थे। पुलिस के अनुसार 125 एनसीआरपी शिकायतें इस रैकेट से जुड़ी पाई गई है। इसमें लगभग 1.59 करोड़ की धोखाधड़ी शामिल है। एपीके आधारित फ्रॉड मॉड्यूल के सिलसिले में मुख्य आरोपी सौरव को जालंधर से गिरफ्तार किया गया। इस गिरफ्तारी से लगभग 3.73 करोड़ की धोखाधड़ी की रकम जांच के दायरे में है। आरोपी के फोन से 124 बैंक खाते/कार्ड की एंट्री मिली। पुलिस के अनुसार 500 गज की बेकरी फैक्ट्री भी जांच के दायरे में है। आरोपी सौरव पहले भी आठ मामलों में शामिल रहा है। पुलिस अभी जामताड़ा, गुजरात और पंजाब में फैले मल्टी-स्टेट सिंडिकेट की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि एमआरएम पोर्टल के जरिए पीड़ितों को 74.94 लाख वापस कराए गए है। इन मामलों में शिकायतकर्ताओं को कुल 1.12 करोड़ की राशि वापस मिली है।

डीटीयू में दाखिले के नाम पर महिला से 8.5 लाख ठगने वाले तीन अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) में दाखिला कराने के नाम पर एक महिला से साढ़े आठ लाख रुपये की ठगी करने आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी का नाम यशराज बाजपेयी बताया गया है। उसने खुद को डीटीयू कर्मचारी के तौर पर पेश किया था।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने डॉ. कृतिका जोशी नामक महिला को ऑनलाइन विज्ञापनों के जरिए लुभाया और विश्वविद्यालय में उनकी बेटी का दाखिला कराने का वादा करके उनसे करीब 8.50 लाख रुपये ठग लिए। महिला की शिकायत के आधार पर शाहबाद डेयरी थाने में केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने बाजपेयी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसने अपने दो साथियों युवराज और देवेंद्र सिंह की संलिप्तता का भी खुलासा किया। तकनीकी निगरानी के बाद युवराज और देवेंद्र को मध्य प्रदेश के भोपाल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि फर्जी दाखिला गिरोह में आरोपियों की भूमिका का पता लगाने, पूरे गिरोह के काम करने के तरीके को समझने, ठगी की रकम का पता लगाने और इसमें शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजिंदर कुमार, पुत्र श्री जय नारायण, निवासी बी-1124, शास्त्री नगर, दिल्ली, दूसरा पता बी-1126, शास्त्री नगर, दिल्ली** ने **सीटी केस संख्या 12660/2016, धारा 138 एनआई एक्ट, थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **राजिंदर कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **राजिंदर कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि सीटी केस संख्या 12660/2016, धारा 138 एनआई एक्ट, थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजिंदर कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री आकाश शर्मा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी -03
कमरा नं. 213, (उत्तर)
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15532/NW/2026

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि. डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नाम व स्थान	भाग–B: DLI डिवीजन के KHV/TSS की बढ़ती लोड ज़रूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा OHE क्षमता को बढ़ाने हेतु फीडर वायर की व्यवस्था।	
अनुमानित लागत	बयाना राशि	प्री–बिड कॉन्फ्रेंस की तारीख और समय
Rs.15,31,65,385.89/-	Rs. 30,63,300/-	09.11.2026 (11.00 बजे)
ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि 11.11.2026 (00.00 बजे) से 25.11.2026 (15.00 बजे तक)		
ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय	25.11.2026 15.00 बजे	
वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है	www.ireps.gov.in	

निविदा संख्या: 30A–क.वि.–नई दिल्ली–2026–27 दिनांक: 02.11.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3828/2026

तीन जगहों पर लगी आग दो बुजुर्ग हुये घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी और दक्षिण दिल्ली में मंगलवार सुबह तीन अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की घटनाएं सामने आई। एक घटना के बाद दो बुजुर्गों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पहली घटना विवेक विहार, दूसरी हौज खास और तीसरी पांडव नगर में सामने आई।

डीएफएस के अनुसार, विवेक विहार फेज-1 स्थित एक मकान में मंगलवार सुबह आठ बजकर 11 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग करीब 235 गज के चार मंजिला मकान की पहली मंजिल पर रखे घरेलू सामान में लगी। फैले धुएं के संपर्क में आए अनिल अरोड़ा (65) और बीना अरोड़ा (60) को दमकलकर्मियों के पहुंचने से पहले ही परिवार के सदस्य पुष्पांजलि अस्पताल ले जा चुके थे। दोनों की हालत स्थिर बताई गई है।

हौज खास डीसीपी कार्यालय के सामने स्थित एक इमारत में सुबह सात बजकर 30 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। दमकल की छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और सुबह आठ बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग इमारत की पहली मंजिल पर स्थित एक बुटीक में लगी। करीब 144 गज की इस इमारत में भूमिगत तल के अलावा चार मंजिल हैं। आग लगने की तीसरी घटना पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर में मदर डेयरी के पास राधा कृष्ण मंदिर के निकट एक मकान में सामने आई। मंगलवार सुबह आठ बजकर तीन मिनट पर आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। सुबह आठ बजकर 20 मिनट तक आग पर काबू पा लिया गया।

अनिश्चितकालीन धरने प्रदर्शन पर कोर्ट के रूख का कैट ने किया स्वागत

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने अनिश्चितकालीन धरने प्रदर्शन मामले पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किए गए महत्वपूर्ण हस्तक्षेप का स्वागत किया। सर्वोच्च न्यायालय ने किराना कमेटी, दिल्ली आयरन एंड हार्डवेयर मर्चेंट्स एसोसिएशन तथा दिल्ली के व्यापारियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का प्रतिनिधित्व करने वाले अन्य व्यापारिक संगठनों द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि विरोध-प्रदर्शन का अधिकार है लेकिन वह किसी की भी आजीविका के अधिकार की कीमत पर नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इस याचिका में रामलीला मैदान और जंतर-मंतर पर लंबे समय से जारी अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शनों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। ये दोनों स्थान दिल्ली के महत्वपूर्ण व्यावसायिक क्षेत्रों के निकट स्थित हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं को संबंधित प्रदर्शनकारी संगठनों और राजनीतिक पक्षकारों, जिसमें सीजेपी, राहुल गांधी तथा इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधि को कार्यवाही में उपयुक्त पक्षकार के रूप में शामिल करने का निर्देश भी दिया है।

खंडेलवाल ने कहा कि यह याचिका एक अत्यंत महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रश्न उठाती है कि क्या समाज के एक वर्ग को अपने विरोध-प्रदर्शन का अधिकार अनिश्चितकाल तक इस प्रकार प्रयोग करने की अनुमति दी जा सकती है। जिससे हजारों अन्य नागरिकों की आजीविका, आर्थिक स्वतंत्रता और मौलिक अधिकार प्रभावित हों।

मान सरकार ने किसानों के साथ मिलकर पराली जलाने की घटनाएं 95 फीसदी कम कीः सौरभ

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने प्रदूषण को लेकर रेखा सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा पर पलटवार करते हुए कहा है कि दिल्ली में अपनी नाकामी छुपाने की लाचा कोशिश करें लेकिन जनता सब जानती है। आप पार्टी ने दावा किया कि पंजाब की भगवंत मान सरकार ने किसानों के साथ मिलकर पराली जलाने की घटनाएं 95 फीसदी कम कर दी है। पिछले साल पाराली जलाने के 5 हजार मामले दर्ज हुए और इस साल सिर्फ एक हजार मामले ही आए हैं। इस मामले पर भारद्वाज ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा सोचते हैं कि उनका विभाग फर्जीवाड़ा करके एक्यूआई के झूठे आंकड़े दिखाकर दिल्ली वालों को बेवकूफ बना लेंगे। पिछले साल भी इन्होंने अपनी नाकामियों का ठीकरा पंजाब के किसानों के ऊपर फोड़ा था। फिर इन्हीं की केंद्र सरकार के डेटा ने इनका झूठ पकड़कर बताया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद पराली जलाने के मामलों में लगभग 80 से 90 फीसद तक कमी आई है। भारद्वाज ने कहा कि सरकार बनने से पहले करीब 71 हजार मामले रिपोर्ट होते थे, पिछले साल 5 हजार मामले रिपोर्ट हुए और आज यह खुद कह रहे हैं कि 1 हजार मामले रिपोर्ट हुए हैं। इससे साफ पता चलता है कि पंजाब में पराली जलाने में लगभग 90 से 95 फीसद तक की कमी आई है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया हैं कि अभियुक्त नामः **रमेश, पुत्रः नरेश, निवासीः मकान नंबर 9, सराय पीपल थला, जाटो वाली गली, आदर्श नगर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.284/2011 U/S 363/364/368/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना जहांगीर पुरी, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **रमेश** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **रमेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.284/2011 U/S 363/364/368/34 IPC, थाना जहांगीर पुरी, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **रमेश** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **05.12.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, श्री साहिल गुप्ता
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–07,
उत्तर, कोर्ट नंबर 6, भूतल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15763/NW/2026
(अदालती मामला)

थाना खेडी पुल — जिला फरीदाबाद

मुकदमा न. 390 दिनांक 28.09.2026 अपराध 127 (3) BNS थाना खेडी पुल फरीदाबाद।

लापता व्यक्ति की खोज हेतु विज्ञापन



सर्वसाधारण को विज्ञापन के माध्यम से अपील की जाती है कि दिनांक 28.09.2026 को योगिता पत्नी स्व. मनीष पूरी निवासी म. न. K-23 साउथ सिटी सेक्टर 41 गुरुग्राम हाल पता फ्लैट न.1401 मीनार संख्या A-6 हबीट्रेट सोसाइटी सेक्टर फरीदाबाद ने दिनांक 17.09.2026 को एक लिखित शिकायत थाना में प्रेषित की है पुत्र देवेस पूरी पुत्र स्व मनीष पूरी समय करीब 4 PM पर फ्लेट न.1401 मीनार संख्या A-6 हबीट्रेट सोसाइटी सेक्टर फरीदाबाद से अपनी मोटरसाईकिल से निकला था जो घर वापिस नहीं आया। शिकायत पर अभियोग संख्या 390 दिनांक 28.09.2026 अपराध 127 (3) BNS थाना खेडी पुल फरीदाबाद में अंकित किया है तथा गुमशुदा देवेश पूरी को अंतिम बार कटपुला पुल आगरा नहर थाना क्षेत्र खेडी पुल फरीदाबाद पर समय करीब 8 PM पर देखा गया था, मोटरसाइकिल व पर्स कटपुला पुल पर ही रखे हुए मिले है परन्तु देवेश पूरी लापता है लापता व्यक्ति देवेश पूरी का हुलिया इस प्रकार है। हुलिया-रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, मजबूत शरीर, कद 5 फीट 8 इंच, उम्र 35 वर्ष, पहनावा कमर पर नीली व सफेद टी-शर्ट, ग्रे रंग की पजामी पहने हुए है, गुमशुदा के बारे में पता चलने पर निम्नलिखित सम्पर्क सूत्र पर सूचित किया जावे।

हस्ता/-प्रबंध अफसर
थाना खेडी पुल फरीदाबाद
दिनांक 30.09.2026
सम्पर्क सूत्रः- 8745891300 1/0
9582200148 SHO
6283569230
8447795485

पीआरडीएच-1084/11/5563/2027/50733/88/7 दि. 03.11.26

संधू ने उत्सव सदन में दिल्ली पुलिस के जवानों के साथ किया संवाद

राजधानी को सुरक्षित रखने में पुलिसकर्मियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण : उपराज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी को सुरक्षित रखने में पुलिसकर्मियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। विपरीत परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और साहस के साथ ड्यूटी निभाने वाले ये जवान दिल्ली के सुरक्षा प्रहरी हैं। यह बात मंगलवार को दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने उत्सव सदन में आयोजित संवाद कार्यक्रम में पुलिस जवानों का हौसला बढ़ाते हुए कही। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने दिल्ली पुलिस के जवानों के साथ मुलाकात की तथा उनके समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और सेवाभाव की सराहना की। उपराज्यपाल संधू ने दिल्ली पुलिस के जवानों के धैर्य, प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट सेवाओं को सराहते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य परिस्थितियां, कल्याणकारी सुविधाएं और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर सहयोग का भरोसा दिया। साथ ही कहा कि पुलिस और आम नागरिकों के बीच विश्वास मजबूत करने के लिए पारंपरिक तरीकों के साथ नए और आधुनिक माध्यमों को भी अपनाना होगा। उपराज्यपाल ने जोर दिया कि पुलिसिंग का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि जनता का विश्वास जीतना, प्रत्येक नागरिक की बात सुनना और संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्याओं का समाधान करना भी है। उपराज्यपाल ने कहा कि हमारा विजन एक ऐसी दिल्ली बनाने का है, जहां हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे, उसकी बात सुनी जाए और उसे सुरक्षा का एहसास हो।

1984 के सिख दंगों की पीड़ित महिलाओं ने सुनाई दर्दनाक आपबीती



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

तिलक विहार स्थित गुरुद्वारा शहीद गंज साहिब में आयोजित तीन दिवसीय समागम में 1984 के सिख दंगों के पीड़ित परिवारों की महिलाओं ने अपनी दर्दनाक आपबीती सुनाई। दिल्ली प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान माता भागी कौर, कुलजीत कौर, गंगा कौर, अतर कौर, लक्ष्मी कौर, ठाकरी कौर,प्रीति सिंह,जसवीर कौर,परमजीत कौर, मनप्रीत कौर आदि महिलाओं ने अपनी आपबीती सुनाई। इस मौके पर जोन चेयरमैन हरीश ओबेरॉय और पश्चिमी दिल्ली जिले के महामंत्री सरदार चरण जीत सिंह लवली ने भी गुरुद्वारे में श्रद्धांजलि अर्पित की और सिख नरसंहार में शहीद हुए शहीदों को याद किया। वहीं शहीद गंज गुरुद्वारे में रविवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर शहीदों की श्रद्धांजलि अर्पित की थी। मंगलवार को परिवार में शहीद हुए अपने लोगों को याद करती हुई महिलाओं की आंखें नम हो गई और नम आंखों से उन्होंने बताया कि किस प्रकार तत्कालीन कांग्रेस सरकार के संरक्षण में उपद्रवियों ने उनके परिवारों पर बर्बर अत्याचार किए, उनके घर उजाड़े, परिवार के सदस्यों की निर्मम हत्या की और महिलाओं को जीवनभर न भूलने वाला दर्द दिया। महिलाओं की आपबीती सुनकर समागम में उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं। वहां प्रदर्शित तस्वीरें उस भयावह दौर की गवाही दे रही थीं, जब हजारों निर्दोष सिखों को हिंसा का शिकार बनाया गया और अनेक परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन ली गईं। पीड़ित परिवारों की महिलाओं ने कहा कि 1984 का सिख नरसंहार भारत के इतिहास का एक ऐसा काला अध्याय है, जिसे कांग्रेस कभी अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए भुला नहीं सकती। यह कोई सामान्य दंगा नहीं था, बल्कि निर्दोष हमारे सिख भाइयों को चुन-चुनकर निशाना बनाया गया था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार न केवल हिंसा रोकने में विफल रही, बल्कि कांग्रेस के नेताओं पर हिंसा भड़काने और आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण देने के गंभीर आरोप भी लगे।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	गोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	दि बल्लभगढ़ सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि.	आंतरिक पाइप लाइन के साथ-साथ अमोनिया कम्प्रेशर केसीएक्स-6 की आपूर्ति व स्थापना।	03.11.2026 23.11.2026	रु. 50,000/-	https://etenders.hry.nic.in vitalinda.org.in	9968604719 vitalbb@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/40/50753/1/88/7 दि. 03.11.26

मुख्यमंत्री ने स्वयं मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण

मोरी गेट खोया मंडी से जब्त सात हजार किलो मिलावटी खोया किया गया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं : रेखा गुप्ता



दीपावली सहित आगामी त्योहारों के मद्देनजर दिल्ली में मिलावटखोरों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कड़े निर्देशों पर दिल्ली सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंगलवार को मोरी गेट स्थित खोया मंडी में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 7 हजार किलो अस्वच्छ और दुर्गंधयुक्त खोया जब्त कर उसे उसे नष्ट किया। मुख्यमंत्री स्वयं मौके पर पहुंचीं और पूरी कार्रवाई का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मौके पर अधिकारियों से कार्रवाई के प्रत्येक पहलू की जानकारी ली और यह सुनिश्चित किया कि संदिग्ध खाद्य सामग्री किसी भी स्थिति में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में शामिल होकर लोगों तक न पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। त्योहारों के समय लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मिलावटखोरी करने वाले चाहे कितने भी प्रभावशाली क्यों न हों, उन्हें कानून के दायरे में लाकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि दिल्ली सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई का उद्देश्य खराब और संदिग्ध खाद्य सामग्री को बाजार के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचने से रोकना और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। मोरी गेट की खोया मंडी में खाद्य सुरक्षा विभाग का यह चौथा ऑपरेशन है। विभाग की टीम ने मोरी गेट की खोया मंडी में अभियान के दौरान 44 निगरानी नमूने एकत्र किए। इनकी मौके पर ही 'फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स' मोबाइल टेस्टिंग सुविधा के माध्यम से प्रारंभिक जांच की गई, जिसमें 35 नमूने जांच में फेल पाए गए। इसके अलावा दो अन्य नमूने भी एकत्र किए गए, जिन्हें विस्तृत जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। मौके पर की गई प्रारंभिक जांच में संदिग्ध सामग्री में दूध पाउडर, वनस्पति और बाइंडिंग के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पदार्थों से संबंधित जानकारी सामने आई है। इन सामग्रियों के संबंध में आगे की जांच के लिए नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

मिलावट करने वालों पर जारी रहेगी कार्रवाई

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खाद्य सुरक्षा विभाग की पूरी टीम को इस कार्रवाई के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की सतर्कता, मेहनत और समय पर की गई कार्रवाई से मिलावट जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने में मदद मिलती है। उन्होंने टीम को आगे भी इसी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली की खुशियों में मिलावट करने वालों के लिए दिल्ली में कोई जगह नहीं है। जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोपरि है और मिलावटखोरों के विरुद्ध दिल्ली सरकार की कार्रवाई आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगी। सरकार का उद्देश्य केवल मिलावटी खाद्य पदार्थों को पकड़ना नहीं, बल्कि ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाना भी है।

अब तक 10 हजार 660 किलो खोया किया गया है नष्ट

मुख्यमंत्री के निर्देशों पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने त्योहारों के मद्देनजर मिलावटखोरी के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया है। विभाग की ओर से अब तक की गई कार्रवाई के तहत 4 सितंबर को 2 हजार 830 किलो खोया, 8 सितंबर को 610 किलो खोया और 23 अक्टूबर को 520 किलो खोया नष्ट किया गया। इसके बाद आज 3 नवंबर को मोरी गेट स्थित खोया मंडी में कार्रवाई करते हुए लगभग 7 हजार किलो अस्वच्छ और दुर्गंधयुक्त खोया नष्ट किया गया। इस तरह विभाग अब तक कुल 10 हजार 660 किलो खोया नष्ट करा चुका है।

'मिलावटखोरों पर नजर रखने के लिए तैनात की जाएं टीमें'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

खाद्य सुरक्षा से किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं, पूरे साल चौबीसों घंटे चलेगा जांच अभियान

त्योहारों के इस सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ दिल्ली के सभी जिलों में विशेष निरीक्षण टीमें तैनात की सघन जांच की जाए। किसी भी मिलावट खोर का बख्शा न जाए। यह निर्देश मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक करने के दौरान दिए। बैठक में मंत्री डॉ. पंकज ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिया कि राजधानी दिल्ली में खाद्य पदार्थों की जांच और एनफोर्समेंट ड्राइव को और तेज करें। उन्होंने कहा कि विशेषकर इस समय डेयरी प्रतिष्ठान, मिठाई निर्माताओं, थोक बाजारों, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों, गोदामों, खुदरा दुकानों और खाद्य उत्पादों की आपूर्ति से जुड़े अन्य प्रतिष्ठानों पर नियमित छापेमारी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को चौबीसों घंटे सतर्कता बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जांच अभियान सिर्फ त्योहारी सीजन तक सीमित नहीं रहें, बल्कि पूरे साल लगातार जारी रहें। उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल,समय पर खाद्य नमूने एकत्र करने, उनकी प्रयोगशालाओं में जांच और नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया।



खबर संक्षेप

वाल्मीकि समुदाय के योगदान को मिलना चाहिए सम्मानः विजेंद्र



नई दिल्ली। वाल्मीकि समुदाय ने सदियों से अपनी सेवा और समर्पण के माध्यम से देश के सामाजिक एवं सांस्कृतिक ताने-बाने को सुदृढ़ बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस समुदाय के योगदान को सम्मान और मान्यता मिलनी चाहिए। यह बात मंगलवार को दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रोशनारा रोड स्थित पारिक भवन में आयोजित स्वच्छता कर्मचारी सम्मान समारोह एवं दीपावली मंगल मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कही। गुप्ता ने कहा कि रामायण ने पीढ़ी-दर-पीढ़ी लोगों को भगवान श्रीराम के जीवन, चरित्र और आदर्शों को समझने का मार्ग दिखाया है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता जय प्रकाश सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अयोध्या के हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखे जाने का उल्लेख करते हुए गुप्ता ने इसे भारत की साहित्यिक एवं आध्यात्मिक विरासत में महर्षि वाल्मीकि के चिरस्थायी योगदान की महत्वपूर्ण स्वीकारोक्ति बताया।

भाजपा ने छीनी दिल्ली के बाजारों की रौनक : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मंगलवार को कहा कि भाजपा की गलत आर्थिक नीतियों और बेतहाशा महंगाई ने दिल्ली के व्यापारियों का कारोबार चैपट कर दिया है। खाद्य पदार्थों, दालों, खाद्य तेल, दूध, पेट्रोल , डीजल और रोजमर्रा की जरूरतों की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की जेब पर भारी बोझ डाल दिया है। महंगाई के कारण खरीदार त्योहारों पर भी खुलकर खरीदारी नहीं कर पा रहे हैं, जिसका सीधा असर दुकानदारों और छोटे कारोबारियों की बिक्री पर पड़ रहा है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों, आर्थिक मंदी और बेलगाम महंगाई के कारण त्योहारों से पहले बाजारों में भारी मंदी के कारण व्यापारियों का कारोबार चैपट पड़ा है। उन्होंने कहा कि महामंदी, रिकॉर्ड बेरोजगारी और अप्रत्याशित महंगाई के कारण लोगों खरीदारी की शक्ति कम हुई है, जिसके लिए भाजपा सरकार की नीतियां जिम्मेदार है।

'नई तकनीक का लाभ हर वर्ग तक पहुंचे यह सुनिश्चित करना जरूरी'

उपराज्यपाल ने आईआईआईटी दिल्ली के 15वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नई तकनीक विकसित करना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही जरूरी यह सुनिश्चित करना भी है कि उसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। यह बात मंगलवार को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी दिल्ली (आईआईआईटी-दिल्ली) के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही। उपराज्यपाल ने विद्यार्थियों को आगाह करते हुए कहा कि तकनीकी विकास के साथ उसके दूरगामी सामाजिक प्रभावों को समझना भी आवश्यक है। समारोह में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया डेवलपमेंट सेंटर के अध्यक्ष राजीव कुमार, संस्थान के प्रबंधन बोर्ड और अकादमिक परिषद के सदस्य, शिक्षक, अभिभावक तथा विद्यार्थी मौजूद रहे। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि एआई, एडवांस कंप्यूटिंग और डिजिटल तकनीक अर्थव्यवस्था से लेकर आम आदमी के दैनिक जीवन तक बड़े बदलाव ला रही हैं। इन बदलावों से नए अवसर पैदा हो रहे हैं, लेकिन तकनीक विकसित करने वालों की जिम्मेदारी भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि नवाचार की वास्तविक उपयोगिता इस बात से तय होनी चाहिए कि उससे लोगों का जीवन कितना बेहतर हुआ। तकनीक ऐसी होनी चाहिए जो समाज के सभी वर्गों के लिए उपयोगी और सुलभ हो। उपराज्यपाल संधू ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि डिग्री हासिल करने का मतलब पढ़ाई पूरी हो जाना नहीं है। आने वाले वर्षों में तकनीक बदलेगी, रोजगार के नए क्षेत्र सामने आएंगे और कई पुराने पेशों का स्वरूप बदल जाएगा। ऐसे में लगातार नई चीजें सीखने, पुरानी धारणाओं को छोड़ने और बदलती परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने की क्षमता ही युवाओं की सबसे बड़ी ताकत बनेगी।

ग्रैप-2 लागू होने के बाद भी 10 क्षेत्रों में एक्यूआई 400 पार

नई दिल्ली। तमाम प्रतिबंधों व बढ़ते प्रदूषण के बाद लागू हुए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का चरण-2 से राहत की बजाए अल्टा आफत बढ़ गई है। मंगलवार को दिल्ली में वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआई) बहुत खराब श्रेणी में दर्ज हुआ। जबकि 10 जगहों पर इसका आंकड़ा 400 एक्यूआई को पार कर गया। हालात इतने खराब हो गए हैं कि प्रदूषण की गंभीर स्थिति के बीच 2 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप का दूसरा चरण लागू किया गया था। लेकिन इसके बावजूद हवा की गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है और यह बेअसर साबित हुआ।

सेंट्रल नॉर्थ जोन के 8 वार्डों में किया गया बैटरी चलित कचरा उठाने वाली मशीनों का ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने मंगलवार को सेंट्रल नॉर्थ जोन (केशव पुरम ज़ोन) के 8 वार्डों में वैक्यूम आधारित बैटरी चालित लिटर पिकर मशीनों का ट्रायल शुरू किया है। यह पहल दिल्ली में स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है। ट्रायल कामयाब होने पर दिल्ली के सभी 250 वार्डों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए 1,000 मशीनें तैनात की जाएंगी।

एमसीडी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इन लिटर पिकर मशीनों का उद्घाटन 17 अक्टूबर, 2026 को सीएम रेखा गुप्ता पहले ही कर चुकी थी। इस परियोजना के अंतर्गत निगम दिल्ली के सभी 250 वार्डों में करीब 1,000 मशीनें तैनात करेगी, यानी प्रत्येक वार्ड में 4 बैटरी चालित लिटर पिकर मशीन उपलब्ध होंगी। यह आधुनिक मशीनें सेक्शन होज के माध्यम से प्लास्टिक की बोतलें, पेपर कप, रैपर, पत्तियां तथा अन्य हल्के कचरे को एकत्रित करती हैं। इन मशीनों को विशेष रूप से बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, संकरी गलियों एवं व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्रों की सफाई के लिए तैयार किया गया है, जहां बड़ी यांत्रिक सड़क सफाई मशीनों की पहुंच कठिन होती है।

उपराज्यपाल संधू ने नेहरू प्लेस की मल्टी-लेवल पार्किंग का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने मंगलवार को नेहरू प्लेस में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की मल्टी लेवल पार्किंग सुविधा का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने वहां का कामकाज और ट्रैफिक मैनेजमेंट का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पार्किंग क्षमता बढ़ाएं, वाहनों की आवाजाही सुगम बनाएं, सेवा के उच्च मानक बनाए रखें और ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि नेहरू प्लेस आने वाले हर नागरिक को पार्किंग खोजने में कम समय लगे, उनका सफर आसान हो और उन्हें ज्यादा सुविधा मिले।

रेखा ने संत परमानंद अस्पताल में आईवीएफ सेंटर का किया उद्घाटन

'दिल्ली को मेडिकल हब बनाने के लिए सरकारी-निजी भागीदारी बेहद जरूरी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी को बेहतर मेडिकल हब बनाने के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र की भागीदारी भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने यह विचार मंगलवार को संत परमानंद अस्पताल में नवनिर्मित आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) सेंटर के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार हर नागरिक को बेहतर और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। आयुष्मान भारत योजना के तहत केंद्र के पांच लाख रुपये के कवर में दिल्ली सरकार ने पांच लाख रुपये की अतिरिक्त राशि जोड़कर दस लाख रुपये तक का वार्षिक स्वास्थ्य सुरक्षा कवच दिया है। अब तक 8 लाख 94 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड स्वीकृत हुए हैं। 70 वर्ष से अधिक आयु के 3 लाख 9 हजार से ज्यादा वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान वय वंदना से जुड़े हैं।

वहीं, विधवा और दिव्यांग पेंशन के 5 लाख 28 हजार से अधिक लाभार्थियों और उनके परिवारों को भी योजना में शामिल किया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर बड़े अस्पतालों तक सुविधाओं का विस्तार कर रही है।

दिल्ली में 415 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और 29 जन औषधि केंद्र शुरू किए गए हैं। अस्पतालों के विस्तार के लिए 503.49 करोड़ रुपये की पांच परियोजनाएं शुरू की गई हैं। जीबी पंत अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरण और न्यूरो आईसीयू जैसी सुविधाएं विकसित की गई है, जबकि 16 सरकारी अस्पतालों में 300 डायलिसिस मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि संत परमानंद अस्पताल में विकसित आईवीएफ सेंटर में आधुनिक प्रजनन चिकित्सा सुविधाओं के साथ आईवीएफ और आईसीएसआई (इंट्रासाइटोप्लाज्मिक स्पर्म इंजेक्शन) जैसी उन्नत तकनीकों से उपचार की व्यवस्था की गई है। सेंटर में विशेषज्ञ फर्टिलिटी चिकित्सकों और एम्ब्रायोलॉजिस्ट की टीम उपलब्ध होगी, जो मरीजों की जांच, उपचार और परामर्श में सहयोग करेगी।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के आधुनिकीकरण के लिए उठाए जा रहे हैं व्यापक कदम : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली आधुनिक, त्वरित और पूरी तरह सुसज्जित आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करने के उद्देश्य से दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के आधुनिकीकरण के लिए व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। हाल ही में लोक निवास में उपराज्यपाल की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने अग्निशमन विभाग की कार्ययोजना की जानकारी दी। सूद ने कहा कि तकनीक का आधुनिकीकरण, अग्रिम मोर्चे पर तैनात कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि और बुनियादी ढांचे से जुड़ी बाधाओं को दूर करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

आवासीय परिसरों में ज्वलनशील पदार्थों की बढ़ती मात्रा जैसे आधुनिक जोखिमों से निपटने, मौजूदा व्यावसायिक भवनों में ऑटोमैटिक स्प्रिंकलर सिस्टम अनिवार्य करने, विद्युत नेटवर्क को मजबूत बनाने और घर-घर जाकर अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने जैसे कदमों के माध्यम से एक सक्रिय सुरक्षा संस्कृति विकसित की जा रही है। सूद ने कहा कि दिल्ली अग्निशमन सेवा, स्थानीय निकायों, बिजली वितरण कंपनियों और डीडीए के बीच सीधे समन्वय के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि दिल्ली आगजनी की किसी भी आपात स्थिति को रोकने और उससे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहे। सूद ने विभाग की कार्ययोजना के बारे में बताते हुए कहा कि दिल्ली अग्निशमन सेवा द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों में व्यापक अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। इन अभियानों के माध्यम से नागरिकों को ज्वलनशील सामग्रियों के सुरक्षित प्रबंधन और रोजमर्रा के अग्नि जोखिमों से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा।

खबर संक्षेप

नमो भारत ट्रेनें लगाएंगी 20 और फेरे

गाजियाबाद। एनसीआरटीसी, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को प्रोत्साहित करने 4 नवंबर से



दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर 20 अतिरिक्त ट्रेन ट्रिप्स की शुरू कर रही है। ये ट्रिप्स दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक कॉरिडोर पर परिचालित की जाएंगी। यह पहल सार्वजनिक परिवहन को आवागमन विकल्प के रूप में बढ़ावा देने के प्रयासों के अनुरूप है।

टूर एंड ट्रैवल एजेंसियों का अब पंजीकरण होगा

गुरुग्राम। चंडीगढ़ में मंगलवार को हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में ट्रैवल एजेंट पंजीकरण और विनियमन नियम-2026 को मंजूरी दी गई। इन नियमों का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को धोखाधड़ी करने वाले ट्रैवल एजेंटों, अवैध विदेश भर्ती, मानव तस्करी और डंकी रूट जैसी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए किया गया। हरियाणा मंत्रिमंडल की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रत्येक नए कार्यालय अथवा शाखा के लिए अलग पंजीकरण कराना होगा।

देसी कट्टा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने एक व्यक्ति को अवैध देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है।



जिसकी पहचान आशीष के रूप में हुई है।पुलिस सुरदास कॉलोनी के रहने वाले आशीष के पास अवैध हथियार है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा की टीम ने गौरव को दुर्गा बिल्डर नया पल्ला पुल के पास से काबू किया है। जिसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ।

टेलीग्राम टास्क के नाम पर 694800 की ठगी

फरीदाबाद। टेलीग्राम टास्क के नाम पर 6,94,800 रुपए की साइबर ठगी के मामले में कार्रवाई



करते हुए साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने एक खाताधारक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विशाल मेहर निवासी गांव आवर, जिला झालावाड़, राजस्थान के रूप में हुई है। शिकायत कर्ता ने फेसबुक पर सर्फिंग करते समय उसने एक लिंक पर क्लिक किया था।

715 ग्राम गांजा रखने का आरोपी काबू

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-16 की टीम ने अवैध नशा पर कार्रवाई करते हुए 2



नवम्बर को 715 ग्राम गांजा सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान समीर खान के रुप में हुई है। कार्रवाई करते हुए समीर खान को आशियाना फ्लैट सेक्टर-56 के पास से 715 ग्राम सहित काबू किया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

मोबाइल छीनने के मामले में त्वरित करवाई

फरीदाबाद। पुलिस द्वारा एनएचपीसी चौक पर वेटर से मारपीट कर मोबाइल छीनने के



मामले में अपराध शाखा सेक्टर-16 की टीम ने दो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान अशोक तथा साहिल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद की है। वारदात में शामिल चारों आरोपी दोस्त हैं और मिलकर लूट पाट करते हैं।

केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायकों, महापौर ने किया भूमि पूजन

92 करोड़ की लागत से बनेगा नगर निगम का मुख्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद।

> गाजियाबाद नगर निगम का नया मुख्यालय बनाया जा रहा है जो कि शहर की बीचो-बीच होगा। जिसका भूमि पूजन मंगलवार को किया गया...

शहर वासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद नगर निगम का नया मुख्यालय बनाया जा रहा है, जो कि शहर की बीचो-बीच होगा। जिसका भूमि पूजन मंगलवार को हुआ। नंदग्राम राजनगर एक्सटेंशन में नए गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय का भूमि पूजन हुआ, जिसमें केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा, महापौर सुनीता दयाल नगर आयुक्त सहित सभी निगम के अधिकारी कर्मचारी तथा पार्षद गण उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने बताया गया गाजियाबाद नगर निगम पर अब अपना मुख्यालय होगा। शासन में लगातार जनप्रतिनिधियों द्वारा भी अपील की जाती रही है निगम अधिकारियों का भी प्रयास जारी रहा है ,जो की सफल हो रहा है। 12000 स्क्वायर मीटर में लगभग 92 करोड़ की लागत से 18 महीने में गाजियाबाद नगर निगम का मुख्यालय तैयार होगा, नगर निगम के नए मुख्यालय में सोलर सिस्टम 50 के डब्लू पी का रहेगा, फायर अलार्म सिस्टम भी रहेगा, इसी के साथ-साथ नेटवर्किंग सिस्टम, 630 के वी का डीजी सेट भी लगाया जाएगा, पांच मंजिलिए बिल्डिंग तैयार होगी जिसमें पांच लिफ्ट होगी,

2 बेसमेंट सहित 5 मंजिल का भवन का बनाया गया है प्लान



इसके साथ सदन कक्ष भी बनाया जाएगा, जिसकी क्षमता 200 व्यक्तियों की होगी, कैंटीन एरिया की सुविधा भी रहेगी। इसके अलावा 100 व्यक्तियों का मीटिंग हॉल भी तैयार किया जाएगा, आधुनिक तकनीकी से युक्त नगर निगम का मुख्यालय शहर वासियों के लिए सुविधाजनक होगा गाजियाबाद नगर निगम नया मुख्यालय सेंट्रल एयर कंडीशनर रहेगा, पार्किंग की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है।

आसपास के क्षेत्र का विकास भी तेजी से होगा

महापौर सुनीता दयाल ने बताया गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगातार शहर में विकास कार्य कराए जा रहे हैं, वहीं विशेष रूप से ध्यान देते हुए गाजियाबाद नगर निगम का नया मुख्यालय भी बनाया जा रहा है जिस स्थान पर गाजियाबाद नगर निगम का नया मुख्यालय बनाया जा रहा है । निवासियों को रोजगार भी मिलेगा साथ ही अच्छी सड़के और लाइट की व्यवस्था भी होगी। गाजियाबाद नगर निगम का नया मुख्यालय शहर के बीचो-बीच होगा, जिससे शिकायतकर्ताओं को आने-जाने में भी सुविधा रहेगी शहर को सुविधा देने में भी गाजियाबाद नगर निगम को सरलता बनी रहेगी भविष्य में गाजियाबाद नगर निगम की नई बिल्डिंग विशेष रूप से जानी जाएगी, पार्षदों का भी विशेष योगदान नगर निगम के नए मुख्यालय की योजना में रहा है।

सड़कें और लाइट की व्यवस्था दुरुस्त होगी

फरीदाबाद की कनेक्टिविटी को रफ्तार देने सीएम का मंत्री ने जताया आभार

753 करोड़ के एलिवेटेड फ्लाईओवर का 17 दिसंबर को होगा खुलेगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

> मार्ग के बनने से लाखों लोगों को रोजाना के लंबे सफर और भारी ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी, साथ ही ग्रेटर फरीदाबाद के औद्योगिक और शहरी विकास को नई गति मिलेगी...

यातायात व्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम

व्यस्त इलाकों में ट्रैफिक का दबाव काफी कम हो जाएगा



हरियाणा सरकार में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं तिगांव के विधायक राजेश नागर ने ग्रेटर फरीदाबाद को एनआईटी फरीदाबाद से जोडऩे वाले लगभग 753 करोड़ रुपए की लागत के महत्वाकांक्षी एलिवेटेड फ्लाईओवर प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

मंत्री नागर ने कहा कि यह परियोजना शहर के विकास और बेहतर यातायात व्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी। इससे ग्रेटर फरीदाबाद की कनेक्टिविटी न केवल एनआईटी क्षेत्र में मजबूत होगी, बल्कि गुरुग्राम की ओर आवागमन भी पहले से अधिक सुगम हो सकेगा।

इस परियोजना का टेंडर 17 दिसंबर को प्रस्तावित है, जिससे इसके धरातल पर उतरने का रास्ता साफ होगा।

मंत्री ने कहा कि इस महत्वपूर्ण परियोजना की मांग उन्होंने विधायक रहते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष उठाई थी। उनका उद्देश्य था कि तेजी से विकसित हो रहे ग्रेटर फरीदाबाद को शहर के पुराने हिस्सों और प्रमुख मार्गों से सीधे जोड़ा जाए।

औद्योगिक व शहरी विकास को मिलेगी गति

उन्होंने कहा कि सैनिक कॉलोनी मोड़ से ग्रेटर फरीदाबाद और अमृता अस्पताल तक प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर से बडख़ल, अनखीर, मस्जिद चौक, प्याली,हार्डवेयर और बाटा चौक जैसे प्रमुख क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम होगा। परियोजना के तहत अंडरपास भी बनाए जाएंगे। कहा किसीएम नायब सिंह सैनी हरियाणा के संतुलित विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। यह परियोजना आने वाले वर्षों में लाखों लोगों के लिए आवागमन को आसान बनाने के साथ औद्योगिक, व्यावसायिक व शहरी विकास को भी नई गति प्रदान करेगी। उन्होंने इस दूरदर्शी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री आभार माना।

गुरुग्राम-सोहना हाईवे पर 3 साल में 7वीं बार धंसी सड़क



गुरुग्राम। गुरुग्राम-सोहना रोड सातवीं बार धंस गई। सूचना मिलने पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। धंसे हिस्से को बैरिकेडिंग करके सुरक्षित किया। खास बात यह है कि सड़क की यही लेन बार-बार धंस रही है। हालांकि, एनएचएआई ने दावा किया है कि फरवरी माह तक इस दिक्कत का स्थायी समाधान कर दिया जाएगा। गुरुग्राम-सोहना हाईवे पर शीशपाल विहार सोसाइटी से सुभाष चौक की तरफ मुख्य सीवर लाइन आ रही है। यह सीवर लाइन करीब 30 साल पहले डाली गई थी। मौजूदा समय में इसकी हालत बदतर अवस्था में है। इस सीवर लाइन में सेक्टर-45 से लेकर सेक्टर-51 तक का सीवर का पानी आता है, जोकि बहरामपुर के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट में पहुंचता है। यह सीवर लाइन सड़क से 22 से 25 फीट नीचे है।

त्योहारों को लेकर फरीदाबाद पुलिस अलर्ट

शहर के संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल किया तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

आगामी धनतेरस, दीपावली, विश्वकर्मा पूजा, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न



करवाने के लिए फरीदाबाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ प्रतीक अग्रवाल के दिशा-निर्देशानुसार बल्लभगढ़ जोन के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। बाजारों, धार्मिक स्थलों, प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

18 स्थानों पर नाकाबंदी कर की जाएगी चेकिंग: आदर्श नगर, सदर बल्लभगढ़, तिगांव एवं छायंसा जैसे क्षेत्रों में विशेष टीमें दो शिफ्ट में ड्यूटी करेंगी। महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

पेट्रोलिंग टीम सक्रिय

आपातकालीन सहायता के लिए राइडर एवं हाईवे पेट्रोलिंग टीमों को सक्रिय किया गया है। इसके अलावा ज्वैलरी शोरूम, होटल, धर्मशालाओं एवं प्रमुख व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जाएगी और अफवाह फैलाने अथवा धार्मिक सौहार्द बिगाडऩे का प्रयास करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी करेंगे निगरानी

पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ प्रतीक अग्रवाल ने कहा कि त्योहारों के दौरान आमजन की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी थाना प्रबंधकों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, लगातार गश्त करने और संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पुलिस व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी निगरानी रखेंगे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस टीमें अलर्ट रहेंगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि त्योहारों को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाएं।

होटल में जुआ खेलते 12 व्यक्ति गिरफ्तार

61720 नकद, 48 गिट्टी, 24 ताश के पत्ते तथा 5 मोबाइल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



फरीदाबाद पुलिस द्वारा जुआ खेलने व खिलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने एनआईटी-3 स्थित ग्रैंड हेरिटेज होटल की चौथी मंजिल पर छापेमारी कर जुआ खेलते हुए 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि होटल के कमरे में कुछ व्यक्ति ताश व गिट्टी के माध्यम से रुपये दांव पर लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापेमारी की और मौके से 12 व्यक्तियों को काबू किया।

आरोपियों की पहचान धीरज अग्रवाल, अम्बर, जतिन, राहुल शर्मा, दीपक दलाल, टिकू भाटी, बलराम सैनी, नीरज विरमानी, अभिषेक, राज सिंह, अनुज व अंशुल गुप्ता के रूप में हुई है। अम्बर, राहुल शर्मा और धीरज अग्रवाल ने बताया कि वे कमीशन पर जुआ खिलाते थे।

पुलिस ने मौके से कुल 61720 नकद, 48 गिट्टी, 24 ताश के पत्ते तथा 5 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना एसजीएम नगर में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

प्रमाणित हरित पटाखों की ही तय समय में हो सकेगी बिक्री

सुप्रीम कोर्ट के सख्त निर्देशों के आधार पर 7 व 8 नवंबर को निर्धारित समय में ही चला सकेंगे ग्रीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सुप्रीम कोर्ट के सख्त दिशा-निर्देशों के साथ एनसीआर क्षेत्र जिसमें फरीदाबाद जिला भी शामिल है, में दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री और चलाने की अनुमति प्रदान की गई है। जिलाधीश एवं जिला उपायुक्त आयुष सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार नीरी (एनईईआरआई) की वेबसाइट से प्रमाणित हरित पटाखों की बिक्री 7 और 8 नवंबर तक ही की जा सकेगी। इसकी निगरानी के लिए जिला और खण्ड स्तर पर टीम भी गठित की गई है। उन्होंने बताया कि अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों तथा अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में पटाखे चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यही प्रतिबंध शिक्षण संस्थानों पर भी लागू होगा। उन्होंने कहा कि इन निर्देशों का उद्देश्य बीमारियों से पीड़ित लोगों, बुजुर्गों, बच्चों और अन्य संवेदनशील नागरिकों को ध्वनि एवं वायु प्रदूषण से होने वाली परेशानी से बचाना है।

उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि कोर्ट के निर्देशानुसार उत्पादों की बिक्री पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में केवल निर्दिष्ट स्थानों पर ही की जा सकेगी,



जिन्हें कलेक्टर, आयुक्त द्वारा पुलिस अधीक्षक के परामर्श से चिन्हित किया जाएगा और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। बिक्री के निर्दिष्ट स्थानों पर निगरानी रखने दल गठित होंगे, जिनमें राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के नामित अधिकारी भी शामिल होंगे। यह दल नीरी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हरित पटाखा उत्पादों व दिए गए पंजीकरणों के साथ व्यक्तिगत निर्माताओं को जारी किए गए क्यूआर कोड की जांच करेगी।

गोबर की समस्या से शहर वासियों को मिली निजात

शहर से निकलने वाले गोबर से बनेगा बायोफ्यूल

इको फ्रेंडली तरीके से होगा गोबर का निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गोबर की समस्या शहर की बड़ी समस्या बन बनी जिससे न केवल आसपास के निवासियों को परेशानी रही, बल्कि नाली में बहने पर गंदगी भी बढ़ती है, इस समस्या का स्थाई समाधान गाजियाबाद नगर निगम के ने किया है।

कवि नगर जोन अंतर्गत कवि नगर में गोबर प्रोसेसिंग प्लांट की शुरुआत की गई है जिसकी शुरुआत महापौर तथा नगर आयुक्त ने की । मौके पर निगम अधिकारी तथा कार्य दाई संस्था आलिया ऑर्गेनिक से पूनम श्रीवास्तव अनन्या सक्सेना व अन्य टीम भी उपस्थित रही।



गोबर नर्सरी में और पौधों में उपयोग किया जाएगा

महापौर ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम में लगातार गोबर को लेकर अनेकों शिकायत प्राप्त हो रही थी जिसका समाधान निकालने के लिए योजना बनाई गई जिसके क्रम में कवि नगर में गोबर प्रोसेसिंग प्लांट की शुरुआत की गई है जिससे गोबर का इस्तेमाल करते हुए बायोफ्यूल बनाया जाएगा जो औद्योगिक इकाइयों को भेजा जाएगा इसके अलावा बचे हुए गोबर से निकलने वाले वेस्ट से खाद भी बनाया जाएगा जो की नर्सरी में और पौधों में उपयोग किया जाएगा नगर निगम अब न केवल गोबर की समस्या से शहर को निजात दिला रहा है बल्कि गोबर का सदुपयोग करते हुए उसको इस्तेमाल में भी ला रहा है ट्रिपल पी मॉडल पर प्लांट चलेगा।

नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम शहर में चल रही अवैध डेरी पर शिकंजा कसता है, पशुपालकों से भी लगातार गोबर के निस्तारण के लिए अपील की जाती है।अभी कवि नगर में पहला संयंत्र लगाया गया है ।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 318 दिनांक 25.10.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना सिविल लाईन सोनीपत जिला सोनीपत ।

गुमशुदा की पहचान

नाम-ममता ।
पति का नाम - मुकेश ।
पुत्र का नाम - तुषार ।
पता - वासी सुदामा नगर सोनीपत जिला सोनीपत ।
ममता की उम्र-35 वर्ष।
तुषार की उम्र-8 वर्ष ।
ममता का कद-5 फुट 3 इंच।
तुषार का कद-3 फुट 6 इंच।
ममता का हुलियाः रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे ।
तुषार का हुलियाः- रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे
ममता का पहनावा :- लाल रंग की साड़ी पहने हुए है।
तुषार का पहनावा :- पीले रंग की शर्ट, निक्कर पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.10.2026 को ममता पत्नी मुकेश अपने पुत्र तुषार वासी सुदामा नगर सोनीपत जिला सोनीपत, को साथ लेकर बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी हैं। अब तक वापिस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो॰ न0 7419410533
अनुसंधानकर्ता मो0 न0-9416355147
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/5571/2027/50768/88/7 दि. 03.11.2026

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 316 दिनांक 30.10.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना शहर सोनीपत जिला सोनीपत ।

गुमशुदा की पहचान

नाम-किरण ।
पति का नाम-रोहित ।
पता-वासी गाँव गढी ब्रह्मणा जिला सोनीपत ।
उम्र -20 वर्ष ।
कद -5 फुट । इंच ।



हुलियाः- रंग गेहुआ, गोल चेहरा, काली आँखे, काले बाल, हष्ट-पुष्ट शरीर, बाएं हाथ पर सुरमे से रोहित लिखा हुआ है। पहनावा - सफेद रंग की टी-शर्ट, गुलाबी रंग की लोअर पहने हुए है।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.10.2026 को किरण पत्नी रोहित वासी गाँव गढी ब्रह्मणा जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी है। जो अब तक घर वापिस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो॰ न0 7419410532
अनुसंधानकर्ता मो॰ न0 - 8930135686
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/5572/2027/50769/88/7 दि. 03.11.2026

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कुणाल गुलिया, पुत्रः** राज कुमार, **निवासीः** म.नं. 28ए, गंगोत्री एन्क्लेव, गोपाल नगर, नजफगढ़, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 256/2026 U/s 103(1)/109(1)/3(5)/61(2)/190/191(1)/191(2)/191(3) भारतीय न्याय संहिता, 2023 व 25/27 Arms Act, थानाः बाबा हरिदास नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुणाल गुलिया** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुणाल गुलिया** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 256/2026 U/s 103(1)/109(1)/3(5)/61(2)/190/191(1)/191(2)/191(3) भारतीय न्याय संहिता, 2023 व 25/27 Arms Act, थानाः बाबा हरिदास नगर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कुणाल गुलिया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.01.2027** को या इससे पहले हाजिर हो ।

आदेशानुसार
श्री अपूर्व गुप्ता
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07 (दक्षिण–पश्चिम)
कमरा नं. 06, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/15889/DW/2026
(Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **सौरभ उर्फ सोनू पुत्रः जगबीर पताः सी–6/149, सुल्तानपुरी, दिल्ली FIR No. 20/22 U/s 392/394/34 IPC थानाः बेगमपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सौरभ उर्फ सोनू** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **सौरभ उर्फ सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 20/22 U/s 392/394/34 IPC थानाः बेगमपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सौरभ उर्फ सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अनुराधा जिंदल
एसीजेएम, कमरा नंबर 101, पहली मंज़िल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15791/RD/2026
(Court Matter)

खबर संक्षेप

यूपी की वोटर लिस्ट को लेकर खास अभियान

लखनऊ। यूपी की मतदाता सूची में युवाओं के नाम अधिक से अधिक जोड़े जाने के लिए



विश्वविद्यालय और कॉलेजों की मदद ली जाएगी। विश्वविद्यालय व कॉलेजों में युवाओं को ऑनलाइन मतदाता फॉर्म-6 भरवाए जाएंगे। वहीं इस महीने सभी 1.77 लाख बूथों पर चार विशेष कैंप लगाए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से सभी जिलों के डीएम को निर्देश दिए गए हैं।

जेडीयू को चिराग का साथ,भाजपा को बंशीधर

पटना। बिहार एमएलसी चुनाव में निर्दलीय जीते एमएलसी बंशीधर ब्रजवासी और राहुल राज के भाजपा



को समर्थन देने पर एनडीए के अंदर घमासान की स्थिति बनी हुई है। पूर्व सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू को चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का साथ मिल गया है। पासवान ने जेडीयू को हराकर निर्दलीय जीते दो एमएलसी के भाजपा को समर्थन देने पर नैतिकता का सवाल खड़ा किया।

हाईकोर्ट ने झारखंड सरकार पर लगाया हर्जाना

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने प्रदेश सरकार के खिलाफ ऐक्शन लिया है। यहां ईडी अधिकारियों के



खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के मामले में जवाब दाखिल न किए जाने पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर आठ हजार का हर्जाना लगाया। जस्टिस एके चौधरी की अदालत ने हर्जाने की राशि झारखंड राज्य झालसा के पास जमा करने का निर्देश दिया है।

प्रदेश की मंडियों और श्रमिक अड्डों पर खुलेंगे अन्नपूर्णा भोजनालय

आंगनबाड़ी, रसोइया, पीआरडी जवान, गांव के चौकीदारों का योगी सरकार ने बढ़ाया मानदेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के शुभ अवसर पर प्रदेश के 1.89 करोड़ से अधिक परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का बड़ा उपहार दिया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही प्रदेश के अन्नदाता किसानों के फसल नुकसान की भरपाई और महिलाओ के आर्थिक स्वावलंबन के लिए बड़ा पैकेज लाएगी। लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1500 करोड़ रुपये की धनराशि बटन दबाकर सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की।

उन्होंने स्पष्ट किया कि एक भरे हुए सिलेंडर की कीमत 983.45 रुपए होती है, जिसमें भारत सरकार 335.40 रुपए की सब्सिडी देती है। जो 648.55 रुपए लाभार्थियों को खुद खर्च करने पड़ते थे, वह धनराशि राज्य सरकार ने दीपावली के उपहार स्वरूप सीधे गैस कंपनियों को भेज दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही प्रदेश के अन्नदाता किसानों के फसल नुकसान की भरपाई और महिलाओ के आर्थिक स्वावलंबन के लिए बड़ा पैकेज लाएगी...



आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने विशेष आर्थिक पैकेज

सीएम किसानों और महिलाओं के लिए बड़ी घोषणाएं करते हुए कहा कि अल नीनो, जलवायु परिवर्तन, अतिवृष्टि, अनावृष्टि और ओलावृष्टि से किसानों की खड़ी फसल को भारी नुकसान हुआ है। नुकसान का तात्कालिक मुआवजा दिया जा रहा है, लेकिन सरकार प्रदेश के तीन करोड़ किसान परिवारों के लिए जल्द ही एक अलग विशेष आर्थिक पैकेज लेकर आएगी। साथ ही आधी आबादी को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए भी सरकार एक बड़ा पैकेज ला रही है, जिससे महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हो सकें और बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर परिवार का संबल बन सकें।

यूपी में टोकन मनी पर भरपेट भोजन

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर वर्ग को खुशहाल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में अब प्रदेश की मंडी समितियों और श्रमिक अड्डों पर 'अन्नपूर्णा भोजनालय' शुरू किए जाएंगे। इससे दूर-दराज से अपनी उपज लेकर मंडी आने वाले किसानों और निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को टोकन मनी पर ससम्मान भरपेट भोजन मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि बीओसी बोर्ड के माध्यम से श्रमिकों के बच्चों के लिए विश्वस्तरीय 'अटल आवासीय विद्यालय' पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं, जहां उन्हें निशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है।

यूपी के पीलीभीत में 200 एकड़ जमीन चिह्नित

पीलीभीत में 951.79 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र

एजेंसी ⏭ लखनऊ

पीलीभीत में 200 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। इस जमीन पर बायो-फार्मा पार्क बनाया जाएगा। सीएम योगी की मंशा के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ओर से पीलीभीत की तहसील अमरिया के भरा पचपेड़ा में 951.79 एकड़ क्षेत्र में आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। इसी में 200 एकड़ जमीन बायो-फार्मा पार्क के लिए चिह्नित की गई है। पार्क में वैक्सीन, इंसुलिन, जीन थेरेपी,मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज जैसी आधुनिक जैविक औषधियों के निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके जरिए प्रदेश में बायोटेक्नोलॉजी आधारित विनिर्माण, अनुसंधान व नवाचार के लिए एक नया औद्योगिक इकोसिस्टम तैयार करने की योजना है।

यूपीसीडा की ओर से पीलीभीत की तहसील अमरिया में 951.79 एकड़ क्षेत्र में आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। इसी में 200 एकड़ जमीन बायो-फार्मा पार्क के लिए चिह्नित की गई है...



फार्मा फॉर्मूलेशन और बायो मैन्युफैक्चरिंग

काउंसिल के डायरेक्टर डॉ. जीएन सिंह ने बताया कि पीलीभीत में बायो-फार्मा पार्क को फार्मा फॉर्मूलेशन और बायोटेक्नोलॉजी आधारित उत्पादन की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जाएगा। यहां वैक्सीन, इंसुलिन, जीन थेरेपी और मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज के निर्माण से जुड़ी इकाइयों को प्रोत्साहित किया जाएगा। ये सभी उत्पाद आधुनिक चिकित्सा और गंभीर बीमारियों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में पार्क के विकसित होने से प्रदेश में उच्च तकनीक आधारित औषधि निर्माण की संभावनाएं बढ़ेंगी।

क्षेत्रीय स्तर पर भी निवेश और रोजगार के नए अवसर

उत्तर प्रदेश प्रमोट फार्मा काउंसिल के डायरेक्टर और विषय विशेषज्ञ डॉ. जीएन सिंह ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ का जोर प्रदेश में औद्योगिक विकास को केवल बड़े शहरों तक सीमित रखने के बजाय क्षेत्रीय स्तर पर भी निवेश और रोजगार के नए अवसर विकसित करने पर है। इसी सोच के अनुरूप पीलीभीत जैसे तराई क्षेत्र में बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया जा रहा है। योगी सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में दवा और जैव प्रौद्योगिकी से जुड़े उत्पादों का निर्माण हो, जिससे निवेश के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा हों। बायो-फार्मा पार्क इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि भरा पचपेड़ा में औद्योगिक क्षेत्र को कुल 951.79 एकड़ में विकसित किया जा रहा है। इसमें 575.79 एकड़ औद्योगिक भूखंड, 60.98 एकड़ कॉमन फैसिलिटी, 109.23 एकड़ ग्रीन एरिया और 96.20 एकड़ सड़क नेटवर्क के लिए निर्धारित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त आबादी क्षेत्र और अन्य श्रेणियों के लिए भी भूमि का प्रावधान किया गया है। औद्योगिक क्षेत्र में फिलहाल 14 भूखंड आवंटन के लिए उपलब्ध हैं।

समाज को बांटती है जाति की जड़ता, एक सूत्र में पिरोती है साझी संस्कृति

हरिभूमि न्यूज,लखनऊ। सीएम योगी ने दीपोत्सव के जरिए समाज को प्रेरक संदेश दिया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर मुख्यमंत्री ने लिखा कि जाति की जड़ता समाज को बांटती है, जबकि साझी आस्था और संस्कृति उसे एक सूत्र में पिरोती हैं। श्री अयोध्या जी का दीपोत्सव इसी सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि पूज्य संतगण एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन में धर्माचार्यगण, विद्यार्थी, स्वच्छताकर्मी, कुम्हार और व्यापारी सभी समान उत्साह एवं श्रद्धा से इस आयोजन में सहभागी होते हैं। यहां पहचान जाति से नहीं, सहभागिता से होती है। दीप अलग-अलग हाथों में जलते हैं, लेकिन उनका प्रकाश पूरे समाज को एक करता है।

गडकरी व सम्राट ने फाइनल की डील

बिहार की नदियों से गाद निकालकर एनएचएआई बनाएगी सड़क



एजेंसी ⏭ पटना

बिहार की नदियों और जलाशयों से गाद और मिट्टी निकालकर उसका उपयोग सड़क निर्माण कार्य में किया जाएगा। इसको लेकर बिहार सरकार और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के बीच डील फाइनल हो गई है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और सीएम सम्राट चौधरी की मौजूदगी में दिल्ली में इस करारनामे पर हस्ताक्षर हुआ है। इससे एकतरफ नदियों में जलप्रवाह बेहतर होगा और दूसरी ओर सड़क निर्माण में सुविधा होगी। सड़कों को भरकर ऊंचा करने का भी काम इससे होगा।

अब विकास की नींव बनेंगी गाद

इस डील के फाइनल होने के बाद केंद्रीय सड़क परिहवन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि बिहार की गाद नीति से प्रेरणा लेकर दूसरे राज्यों को भी इसकी पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नदियों की जो गाद बाढ़ का कारण बनती है, वही अब विकास की नींव बनेंगी। इसपर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि कई नदियों में एक-दो नहीं, दस-दस मीटर तक गाद जमी है। ऐसे में नदी में जलप्रवाह कैसे होगा। अब, नदी का गाद बिहार के लिए संजीवनी बनने वाला है। इससे बिहार खुशहाल होगा। कई आधारभूत संरचना का बिहार में निर्माण होना है। नदियों से गाद निकालकर उसका उपयोग निर्माण कार्य में होगा।

नदियों से अनुमानित 835 लाख घन मीटर गाद

बेहद ही अहम करार को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पर भी विस्तार से अपनी बात रखी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नदियों से निकाली गई उपयुक्त गाद का उपयोग राज्य में विकसित हो रहे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के निर्माण में किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण आधुनिक एवं वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से गाद निकासी की प्रक्रिया का नेतृत्व करेगा।

पेज एक का शेष

2014 से पहले ...

भारत अब दुनिया के शीर्ष 3 मेट्रो नेटवर्क वाले देशों में शामिल है।

देश के शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे में व्यापक बदलाव आया: उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश के शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे में व्यापक बदलाव आया है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पूरे देश में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार यह दर्शाता है कि सरकार का जोर 'जन-केंद्रित' और 'सक्रिय सुशासन' पर रहा है। पुणे मेट्रो के विस्तार से कनेक्टिविटी बेहतर होगी, आने-जाने में लगने वाला समय बचेगा और शहर की उत्पादकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर शहरी बुनियादी ढांचा भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देगा। उन्होंने कहा कि हिंजवाडी और शिवाजीनगर के बीच मेट्रो सेवा शुरू होने से पुणे के एक प्रमुख आईटी हब को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। यह शहर आईटी, ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल्स, स्टार्टअप, नवाचार और विनिर्माण के क्षेत्रों में अपनी मौजूदगी के जरिए भारत की नयी ऊर्जा को भी आकार दे रहा है।

680 किलोमीटर से अधिक लंबी मेट्रो लाइन पर काम चल रहा: मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में 2014 में सिर्फ 11 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क परिचालन में था जो अब बढ़कर लगभग 200 किलोमीटर हो गया है, जबकि 680 किलोमीटर से अधिक लंबी मेट्रो लाइन पर काम जारी है। मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में अकेले मेट्रो बुनियादी ढांचे में 2.5 लाख करोड़ से अधिक का निवेश आ रहा है। इससे रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।

लोगों को मिलेंगी कई सुविधाएं: यह कॉरिडोर हिंजवाडी आईटी हब को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट मेट्रो स्टेशन से जोड़ेगा। इससे हजारों आईटी पेशेवरों को रोजाना आवागमन में सुविधा मिलने, यातायात जाम कम होने और निजी वाहनों पर निर्भरता घटने की उम्मीद है। पिंक लाइन का संचालन महिला ऑपरेटरों द्वारा किया जाएगा। इसकी बिजली की लगभग 30 प्रतिशत जरूरतें सौर ऊर्जा से पूरी की जाएंगी। मोदी ने पुणे मेट्रो के फेज-2 की भी आधारशिला रखी जिसकी अनुमानित लागत लगभग 13,500 करोड़ है। इस चरण में चार कॉरिडोर - लाइन 2ए, 2बी, 4 और 4ए शामिल होंगे जो शहर के प्रमुख आवासीय, वाणिज्यिक और आईटी केंद्रों को जोड़ेंगे।

देश सेवा का ...

4 नए मेट्रो कॉरिडोर की आधारशिला भी रखी जिसमें लगभग 21,800 करोड़ का निवेश शामिल है। उन्होंने 23 किलोमीटर लंबी 'पिंक लाइन' का उद्घाटन किया जिसे 8,300 करोड़ से अधिक की लागत से बनाया गया है।

एक लॉन्चर से ...

मूल्यांकन की प्रक्रिया महत्वपूर्ण होगी। रूस और अमेरिका पहले से ही इस तरह की मल्टी-मिसाइल लॉन्च क्षमता वाले सिस्टम विकसित कर चुके हैं। हालांकि, भारत ने यह क्षमता अपनी स्वदेशी तकनीक से विकसित की है। आम बैलिस्टिक मिसाइल सीधे ऊपर जाकर फिर नीचे आती है, रास्ता पहले से पता चल जाता है। प्रलय लो-ट्रेजेक्टरी पर जाती है, बीच में ही दिशा बदल सकती है, टर्मिनल फेज में मैन्युवर करती है। इसलिए दुश्मन का एयर डिफेंस इसे इंटरसेप्ट नहीं कर पाता। इसे आर्मी और एयरफोर्स दोनों में शामिल किया जाना है।

मैक-5 की रफ्तार से हमला करती है प्रलय: मैक-5 का मतलब है आवाज की गति से पांच गुना तेज रफ्तार। प्रलय मिसाइल की गति उड़ान के अलग-अलग चरणों में बदलती है। शुरुआत में इसकी गति करीब मैक-1.6 होती है, जबकि लक्ष्य के करीब पहुंचते समय यह मैक-5 से भी ज्यादा हो जाती है। इस रफ्तार से मिसाइल करीब 500 किलोमीटर की दूरी 7 से 8 मिनट में तय कर सकती है।

समुद्र में बजा...

लिया गया है।

पश्चिम-एशिया युद्ध में मारे गए 15 नाविक: रणधीर जायसवाल ने कहा, इस साल 28 फरवरी से पश्चिम-एशिया क्षेत्र में शुरू हुए युद्ध के बाद से लेकर अब तक कुल 23 भारतीयों की मौत हो चुकी है। जिसमें 15 नाविक शामिल हैं। वहीं, काला सागर के इलाके में हमलों की वजह से देश के 5 लोग मारे गए हैं। जबकि दो अन्य अभी भी लापता हैं।

48 घंटे में ...

और पिछले 2 नवंबर को समाप्त हुआ है। नौसेना के साथ भारतीय वायुसेना के विशालकाय मालवाहक विमान सी-17 ने इसमें बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जहाज का अपहरण एक प्रकार से समुद्री सुरक्षा खतरे को बढ़ाता है। समुद्री सुरक्षा एजेंसियों को इस बात की बहुत अधिक आशंका थी कि अपहत जहाज को डकैत भविष्य में क्षेत्र में आवागमन करने वाले व्यापारिक जहाजों पर हमला करने के लिए बतौर अस्थायी ठिकाने यानी मदर शिप के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। जिसे देखते हुए निगरानी को चाक-चौबंद किया गया।

सी-17 से ...

संसाधनों के साथ ईरानी जहाज की खोजबीन शुरू की। वह समुद्र में ज्यादा आगे न बढ़ पाए, उसके लिए तमाम जरूरी कदम उठाए गए। इसके तुरंत बाद असली एक्शन शुरू करते हुए सी-17 विमान से नौसेना के मरीन कमांडो अजिनी जहाज पर उतारे गए। उन्होंने जहाज को तुरंत अपने नियंत्रण में ले लिया और उसे समुद्री डाकुओं के खतरे से उसे मुक्त कराया।

संवाद-कूटनीति से ...

वाणिज्यिक जहाजों की स्वतंत्र, निर्बाध आवाजाही को बनाए रखने के पक्ष में भी भारत मजबूती के साथ खड़ा है। ओमान में भारतीय दूतावास ने मामले से जुड़े मृतकों को लेकर अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। साथ ही वह ओमान के स्थानीय अधिकारियों के साथ पूरे घटनाक्रम पर बेहद बारीकी के साथ निगरानी बनाए हुए है। जिससे सुरक्षित बचाए गए देश के बाकी 13 लोगों के अलावा 1 मृत भारतीय की पार्थिव देह की सकुशल स्वदेश वापसी कराई जा सके।

वोटर लिस्ट से ...

नहीं होने की स्थिति में संबंधित मतदाता को अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत नए सिरे से आवेदन करना होगा। यह प्रावधान उन मतदाताओं पर भी लागू होगा, जिनका नाम पहले किसी मतदाता सूची में दर्ज रह चुका है। दरअसल, आयोग के संज्ञान में आया था कि एसआईआर के दौरान जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में नाम नहीं मिलने वाले कई पुराने मतदाता फॉर्म-6 भरने से हिचक रहे हैं। इसकी वजह फॉर्म-6 में दिया जाने वाला वह घोषणा-पत्र है, जिसमें आवेदक को यह घोषणा करनी होती है कि उसका नाम पहली बार मतदाता सूची में शामिल किया जा रहा है। पुराने मतदाताओं को आशंका थी कि पहले से मतदाता होने के बावजूद ऐसी घोषणा करना गलत बयान माना जा सकता है और इसके लिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जा सकता है। आयोग ने इस आशंका को दूर करते हुए स्पष्ट किया है कि फॉर्म-6 में दी जाने वाली घोषणा का प्रावधान 1 अगस्त 2022 से लागू है। यदि किसी पुराने मतदाता का नाम एसआईआर की प्रारूप मतदाता सूची में नहीं है, तो उसे अंतिम सूची में नाम शामिल कराने के लिए नए सिरे से आवेदन करना होगा। ऐसी परिस्थिति में फॉर्म-6 भरना केवल मतदाता सूची में नाम शामिल कराने की प्रक्रिया है। महज इस आधार पर कि संबंधित व्यक्ति पहले भी मतदाता रह चुका है, उसका आवेदन झूठी घोषणा नहीं माना जाएगा।

राज्यों को व्यापक प्रचार के निर्देश: निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस स्पष्टीकरण की जानकारी संबंधित अधिकारियों और आम मतदाताओं तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने इसे जनहित का विषय बताते हुए स्थानीय भाषाओं में भी विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा है। आयोग के इस स्पष्टीकरण से के दौरान प्रारूप मतदाता सूची में नाम नहीं मिलने वाले उन पुराने मतदाताओं को राहत मिलेगी, जो कानूनी कार्रवाई की आशंका के चलते फॉर्म-6 जमा करने से बच रहे थे। अब वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

नवीन का गोरखपुर...

गोरखपुर में पार्टी के राष्ट्रव्यापी अभियान 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे, जो महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज से शुरू होकर सरदार पटेल प्रतिमा के समीप स्थित 'माता काली मंदिर' पर संपन्न होगी। पदयात्रा के पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष तारामंडल स्थित 'एनेक्सी भवन' पहुंचेंगे, जहां वे समाज के प्रबुद्ध वर्ग के साथ संवाद करेंगे। इसके पश्चात वे पार्टी के जन-प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। देर शाम भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश भाजपा की कोर कमिटी की अहम बैठक में हिस्सा लेंगे।

अपने प्रवास के दूसरे दिन, 5 नवंबर गुरुवार को नवीन प्रातः 8 बजे 'बाबा गोरखनाथ मंदिर' जाएंगे, जहां वे पूरे विधि-विधान से दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। दर्शन-पूजन के उपरांत वे पुनः तारामंडल स्थित 'एनेक्सी भवन' पहुंचेंगे। वे पार्टी के पूर्व पदाधिकारियों (जिसमें पिछले तीन कार्यकालों के प्रदेश व क्षेत्र के पूर्व पदाधिकारी, पूर्व जिला प्रभारी और पूर्व जिलाध्यक्ष सम्मिलित रहेंगे) के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद वे पूर्व जन-प्रतिनिधियों (पूर्व लोकसभा एवं राज्यसभा सांसद, पूर्व विधायक, विधान परिषद सदस्य, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और पूर्व नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्षों) के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद वे प्रदेश पदाधिकारियों (प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी और अन्य महत्वपूर्ण अधिकारियों) के साथ एक विस्तृत बैठक कर आगामी अभियानों और चुनावी रणनीति की अंतिम रूपरेखा तय करेंगे।

हरियाणा रोडवेज के ...

सुगम होगा और स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक बुनियादी ढांचे का विस्तार होगा। बोलीदाताओं के साथ विस्तृत बातचीत के बाद सरकार ने लगभग 11.96 करोड़ रुपये की बचत भी की।

500 नई बसों से मजबूत होगा हरियाणा रोडवेज का बेड़ा: मुख्यमंत्री ने हरियाणा रोडवेज के लिए 500 पूर्ण निर्मित डीजल इंजन वाली नॉन-एसी बसों की खरीद को मंजूरी प्रदान की है। ये बसें नवीनतम BS-VI उत्सर्जन मानकों के अनुरूप होंगी। इसके अतिरिक्त 24 पूर्ण निर्मित डीजल इंजन वाले ट्रकों की खरीद और रोडवेज के डिपो एवं सब-डिपो के लिए आगामी एक वर्ष की आवश्यकता के अनुसार डीजल एग्जॉस्ट फ्लूइड की खरीद को भी स्वीकृति दी गई। इन 500 नई बसों के शामिल होने से हरियाणा रोडवेज की परिवहन क्षमता बढ़ेगी, यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और विभिन्न रूटों पर बस सेवाओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

गुरुग्राम में दो फ्लाईओवर और एक अंडरपास से यातायात को मिलेगी रफ्तार: गुरुग्राम में बढ़ते यातायात के दबाव को कम करने और शहर की कनेक्टिविटी बेहतर बनाने के लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें सेक्टर-45-46 और 51-52 के चौराहे पर फ्लाईओवर, सेक्टर-85-86 और 89-90 के चौराहे पर फ्लाईओवर तथा मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के आसपास यातायात का दबाव कम करने के लिए सेक्टर-27-29 और 43-44 के चौराहे पर अंडरपास का निर्माण शामिल है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से गुरुग्राम के प्रमुख व्यस्त चौराहों पर यातायात का दबाव कम होगा। वाहन चालकों को बार-बार लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और शहर के विभिन्न सेक्टरों के बीच आवागमन अधिक सुगम होगा। बैठक में जींद जिले के गांव हैबतपुर में निर्माणाधीन संत शिरोमणि श्री धन्ना भगत राजकीय मेडिकल कॉलेज के लिए फर्नीचर की खरीद को भी मंजूरी दी गई। इससे मेडिकल कॉलेज में आवश्यक सुविधाओं को विकसित करने और संस्थान को सुचारू रूप से संचालित करने की दिशा में मदद मिलेगी।

पानीपत में नया रेलवे ओवरब्रिज, आवागमन और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी होगी बेहतर: पानीपत जिले में जीटी रोड से डाहर होते हुए एनएच-709 तक मौजूदा रेलवे ओवरब्रिज के समानांतर नए रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को भी मंजूरी दी गई। इस परियोजना से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बढ़ेगी और रेलवे लाइन के कारण यातायात पर पड़ने वाले दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ इस मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों को भी बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। नेगोसिएशन से सरकार को 11.96 करोड़ रुपये की बचत, पारदर्शी खरीद प्रक्रिया पर जोर हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी की बैठक में कुल सात एजेंडे रखे गए, जिनकी अनुमानित लागत 351.46 करोड़ रुपये थी। इनमें से चार मामलों को री-टेंडर करने का निर्णय लिया गया, जबकि तीन एजेंडों को अंतिम रूप दिया गया।

उड़ान के दौरान ...

में हुई है। वह फ्लाइट संख्या 6ई6884 में इमरजेंसी गेट के पास सीट नंबर 19डी पर बैठा था।

चालक दल सतर्क हुआ: शुरुआती पूछताछ में उसने बताया कि उत्सुकतावश उसने लीवर का कवर खोलने की कोशिश की थी। उसे जानकारी नहीं थी कि यह इमरजेंसी गेट के मैकेनिज्म से जुड़ा है। एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक गोविंद पवार ने बताया कि कवर को छूते ही विमान में अलार्म बजने लगा। सुरक्षा व्यवस्था के तहत यह अलार्म चालक दल को सतर्क करने के लिए लगाया गया है। इमरजेंसी गेट के मैकेनिज्म से छेड़छाड़ करने से विमान में सवार यात्रियों की जान खतरे में पड़ सकती थी। विमान रात करीब 12:45 बजे दिल्ली से रवाना हुआ था और रात 2 बजे पुणे पहुंचा। इसके बाद चालक दल के सदस्य ओंकार विनोद कुलकर्णी ने यात्री के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35(3) के तहत नोटिस जारी किया है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 और एयरक्राफ्ट एक्ट की धारा 25 के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

राहुल गांधी की ...

के सामने स्पष्ट होना चाहिए कि देशद्रोही कौन है और विदेशी ताकतों से किसका कनेक्शन है तथा किस तरह का कनेक्शन है।

'मेरे खिलाफ करीब 45 मानहानि के मुकदमे, इस मुद्दे पर भी केस दर्ज कराइए': राहुल गांधी ने अपने खिलाफ दर्ज मानहानि के मुकदमों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अलग-अलग मुद्दों पर उनके खिलाफ मानहानि के करीब 45 मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। लेकिन विदेशी ताकतों से संबंधों के आरोप और इस मुद्दे पर बहस की चुनौती को लेकर अभी तक कोई मानहानि का मुकदमा नहीं किया गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि प्रधानमंत्री को उनके आरोपों पर आपत्ति है तो इस मामले में भी मानहानि का मुकदमा दर्ज कराएं। राहुल ने कहा कि अदालत और बहस, दोनों जगह इस विषय पर खुलकर चर्चा की जा सकती है।

'दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा': राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री से बहस के लिए आगे आने की अपील करते हुए कहा कि वह उनके द्वारा लगाए गए आरोपों और प्रधानमंत्री की ओर से विपक्ष पर लगाए जा रहे आरोपों का जवाब आमने-सामने देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इस बहस से देश के सामने दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। अपने संदेश के अंत में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा, आ जाइए, डरिए मत। सब कुछ खुलकर डिस्कस करते हैं। हैप्पी दिवाली, मोदी जी।

अमेरिका के साथ ...

मंत्रिमंडल को जानकारी क्यों नहीं दी गई। इसके साथ ही उन्होंने अडानी मामले में केस बंद होने को लेकर भी सवाल उठाया। राहुल ने एपस्टीन प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे कई महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिन पर बहस के दौरान खुलकर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी विषयों पर देश के सामने तथ्यों के साथ बात होनी चाहिए, ताकि सच्चाई स्पष्ट हो सके।

पप्पू यादव ने ...

स्वरूप का जिक्र किया था।

टीकमगढ़ में धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ प्रदर्शन, पुतला जलाया: अखिल भारतीय यादव महासभा ने टीकमगढ़ में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने गांधी चौराहे पर नारेबाजी करते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का पुतला जलाया। महासभा ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।

तेजस्वी बोले- ये ...

सनातनियों से माफी मांगने की मांग की। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने धीरेंद्र शास्त्री को मूर्ख कहा है। वहीं, उनके छोटे भाई और पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने कथावाचक के बहिष्कार की अपील की है।



काली खेती का टीजर जारी, गांव की जमीन में दफन हैं खौफनाक राज

नई दिल्ली। किसी गांव की पहचान उसकी मिट्टी, खेतों और वहां के लोगों की जिंदगी से होती है। लेकिन सोचिए, अगर वही जमीन लोगों के लिए डर की वजह बन जाए, तो क्या होगा? जैकी श्रॉफ और शरद केलकर की अपकमिंग फिल्म 'काली खेती'का टीजर कुछ ऐसी ही रहस्यमयी दुनिया से रूबरू कराता है। फिल्म में खेती को सिर्फ रोजी-रोटी का साधन नहीं, बल्कि एक अनजानी और खौफनाक ताकत के रूप में दिखाया गया है। फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। टीजर में नजर आने वाला ग्रामीण माहौल, रहस्यमयी घटनाएं और डर पैदा करने वाले दृश्य दर्शकों के मन में कई सवाल खड़े करते हैं।

लाइफ Style



मेधा

सनकी में होंगी लीड एक्ट्रेस

अहान शेट्टी की फिल्म सनकी में मेधा राणा लीड एक्ट्रेस होंगी। टीनू सुरेश देसाई के निर्देशन में बन रही इस एक्शन-रोमांस फिल्म की शूटिंग भोपाल में शुरू हो गई है और यह 2027 में रिलीज होगी। अहान शेट्टी की अगली बड़ी फिल्म 'सनकी'जल्द ही फ्लोर पर आने वाली है।


मुंबई। इस बीच मेकर्स ने लीड एक्ट्रेस के नाम से भी पर्दे उठा उठा दिया है। टीनू सुरेश देसाई के निर्देशन में बन रही इस एक्शन और रोमांस फिल्म में अहान के साथ एक्ट्रेस मेधा राणा की जोड़ी देखने को मिलेगी. मेधा फिल्म में अहान शेट्टी के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। मेधा राणा के कामकाज की बात करें तो वह इससे पहले फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आई थीं। उनकी जोड़ी तब वरुण धवन के साथ बनी थी। अब 'बॉर्डर 2' की सफलता के बाद मेधा को उनकी नई फिल्म मिल गई है। सनकी एक ऐसी कहानी है जिसकी कहानी सुनते ही उन्होंने इसे हां कर दिया। मेधा पिछले दो महीनों से इस फिल्म के लिए लगातार तैयारी कर रही हैं। अपने किरदार को बेहतर तरीके से समझने और उसमें पूरी तरह ढलने के लिए उन्होंने कई वर्कशॉप में हिस्सा लिया है। इसके अलावा, किरदार की मांग के मुताबिक उन्होंने खास तैयारी भी की है। फिल्म की शूटिंग भोपाल में शुरू हो चुकी है और अब मेधा भी अहान शेट्टी और फिल्म की बाकी टीम के साथ शूटिंग में शामिल हो गई हैं। फिल्म में मेधा, अहान की प्रेमिका के किरदार में नजर आएंगी। उनका यह किरदार रोमांस, गहरे जज्बात और जबरदस्त एक्शन से भरपूर होगा। मेधा हमेशा से ऐसे ही किरदार की तलाश में थीं, जिसमें उन्हें अभिनय के साथ-साथ एक्शन दिखाने का भी मौका मिले।

हॉलीवुड मसाला




विवियेने ने हटाया पिता का सरनेम

नई दिल्ली। पिता ब्रैड पिट और मां एंजेलिना जोली के बीच चल रही लीगल बैटल के बीच अब उनकी बेटी विवियेने मार्शलीन ने एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अपने सरनेम के आगे से पिता का लास्टनेम'पिट' हटा दिया है। पिट सरनेम हटवाने के लिए विवियेने ने कोर्ट में अर्जी डाली थी, जिसे अदालत ने मंजूरी दे दी है। उन्हें पिता ब्रैड पिट का सरनेम हटाने की मंजूरी भले ही अभी मिली हो, लेकिन साल 2024 से विवियेने अपने नाम के पीछे जोली सरनेम का इस्तेमाल कर रही हैं।




अनजान लड़की पर इम्प्रेशन बना रहे थे रयान

लॉस एंजिल्स। सुपरहीरो फिल्म डेडपूल स्टार रयान रेनॉल्ड्स ने अपनी लाइफ से जुड़ा एक मजेदार किस्सा सुनाया। हालांकि, इस घटना की वजह से उन्हें शर्मिंदगी भी उठानी पड़ी। रयान ने किस्सा सुनाते हुए कहा, 'मैं इस लड़की का दीवाना था। वह असल में मेरे घर के दूसरी तरफ से बस लेती थी, और मैं बस में चढ़ जाता था, सिर्फ उसके करीब 45 मिनट तक बैठने के लिए। आप इसे पसंद करते हैं, जब आप छोटे होते हैं, यह बहुत क्यूट लगता है। जब आप बड़े हो जाते हैं, तो यह बस पीछा करने जैसा होता है, लेकिन मुझे याद है, मैं शायद 11 साल से ज्यादा का रहा होऊंगा, मुझे नहीं पता और मैं बस से उतरने ही वाला था, क्योंकि काफी देर हो गई थी। मैं सिएटल या ऐसी ही किसी जगह पर जाने वाला था।'



रोमांटिक फिल्म परवाना में नजर आएंगे आदित्य-तारा


नई दिल्ली। तारा सुतारिया और आदित्य रॉय कपूर, मिलाप जावेरी के अपकमिंग प्रोजेक्ट में एक साथ काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ये दोनों 'परवाना' नाम की एक दमदार म्यूजिकल लव स्टोरी में पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। 'परवाना' के जरिए तारा सुतारिया और मिलाप जावेरी 2019 की फिल्म 'मरजावां' के बाद फिर से साथ आ रहे हैं, वहीं, इस फिल्म में तारा सुतारिया पहली बार आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। हाल ही में एक इंटरव्यू में, मिलाप ने बताया कि 'शूटआउट एट लोखंडवाला' के डायरेक्टर संजय गुप्ता के दुखद निधन से कुछ दिन पहले ही उनकी उनसे मुलाकात हुई थी। उन्होंने संजय गुप्ता के साथ अपनी नई फिल्म का टाइटल भी शेयर किया था। मिलाप ने कहा, 'हमारी मुलाकात 10 दिन पहले हुई थी और मैंने उन्हें अपनी अगली फिल्म का टाइटल बताया था।



बारिश में रोमांस करते दिखे आयुष्मान और शरवरी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ की अपकमिंग फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' रिलीज से पहले ही चर्चा में बनी हुई है। अब मेकर्स ने इसका नया गाना 'सावन आया है' रिलीज कर दिया है, जो अपने म्यूजिक और रोमांटिक अंदाज से सीधे 90 के दशक की याद दिलाता है। गाने में आयुष्मान और शरवरी की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले फिल्म का टाइटल ट्रैक और हिमेश रेशमिया का कंपोज किया हुआ एक अन्य गाना रिलीज किया जा चुका है। 'सावन आया है' गाने में आयुष्मान खुराना शरवरी को अपनी सुरीली आवाज से प्रभावित करने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। वहीं, शरवरी साड़ी में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। गाने के कई हिस्सों में दोनों एक-दूसरे के प्यार में खोए हुए नजर आते हैं। बारिश के बीच उनका डांस और रोमांटिक अंदाज गाने को एक अलग खूबसूरती देता है।

टीवी मसाला



38 साल पहले 'रिटायर्ड फौजी' ने बनाया था दूरदर्शन का कल्ट शो

नई दिल्ली। दूरदर्शन एक वक्त देशभर में मनोरंजन का प्रमुख साधन माना जाता था। डीडी नेशनल पर हर किस्म के टीवी शोज टेलीकास्ट किए जाते थे, जिनमें माइथोलॉजिकल, सुपरहीरो, ड्रामा-कॉमेडी और स्पाई थ्रिलर जैसे कई शोज शामिल थे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि 38 साल पहले दूरदर्शन पर एक ऐसा धारावाहिक आया था, जिसको भारतीय सेना के एक रिटायर्ड फौजी ने बनाया था। उस शो ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन भी किया था। इतना ही नहीं, सिनेमा जगत के एक बड़े फिल्मी कलाकार ने इस टीवी सीरियल से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इस लेख में टीवी चैनल दूरदर्शन के जिस लोकप्रिय धारावाहिक के बारे में जिक्र किया जा रहा है, उसका निर्देशन इंडियन आर्मी के रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल राज कुमार कपूर ने किया था। राज कुमार ने अपनी सर्विस लाइफ और एक फौजी की जीवनशैली कैसी होती है, उसको टीवी सीरियल के जरिए पेश किया था। दरअसल यहां बात धारावाहिक फौजी के बारे में की जा रही है। साल 1988 में फौजी

पहली शादी टूटने के बाद फिर प्यार में रिमी

नई दिल्ली। *मलयालम सिनेमा और म्यूजिक इंडस्ट्री की मशहूर प्लेबैक सिंगर और टीवी होस्ट रिमी टॉमी की जिंदगी में एक बार फिर प्यार ने दस्तक दी है। पहली शादी टूटने के करीब छह साल बाद रिमी दूसरी बार शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। खास बात यह है कि इस खुशखबरी का खुलासा खुद सिंगर ने अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किए गए व्लॉग के जरिए किया है। पहले वीडियो में उन्होंने अपनी जिंदगी में नए जीवनसाथी के आने की जानकारी दी थी, वहीं अब एक दूसरे वीडियो में उन्होंने अपने होने वाले पति का नाम और उनके बारे में भी बताया है। रिमी के इस ऐलान के बाद उनके फैंस उन्हें नई शुरुआत के लिए बधाइयां दे रहे हैं। रिमी टॉमी ने अपने व्लॉग में बताया कि वह हमेशा से अकेले घूमना और अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीना पसंद करती रही हैं। उनका परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहा, लेकिन उन्हें कहीं न कहीं एक ऐसे साथी की कमी महसूस होती थी, जिसके साथ वह अपनी जिंदगी के सुख-दुख बांट सकें। सिंगर ने बताया कि साल 2026 में उनकी जिंदगी में एक खास शख्स की एंट्री हुई और कुछ ही समय में दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह समझने लगे। रिमी के मुताबिक, उन्हें इस रिश्ते में सबसे ज्यादा सुकून और मानसिक शांति महसूस हुई।*



मायसा का पहला गाना 'ओ मायसा रे' रिलीज, रश्मिका के रौद्र रूप ने जीता दिल

मुंबई। रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'मायसा' का पहला गाना 'ओ मायसा रे' रिलीज हो गया है। इस गाने में उनके किरदार का रौद्र रूप देखने को मिलता है, जिसमें गुस्सा, साहस और नारीत्व की झलक एक साथ देखने को मिलती है। रश्मिका स्टारर 'मायसा' में एक्ट्रेस बिल्कुल नए और अनदेखे अवतार में नजर आएंगी। यह फिल्म भारत का पहला फीमेल-लेड पैन इंडिया सिनेमैटिक वेंचर होने वाली है। यह फिल्म जबरदस्त एक्शन के साथ बाप बेटी के अनोखे रिश्ते के साथ दर्शकों को कहानी से बांधे रखेगी, जो सिनेमाघरों में 27 नवंबर को रिलीज होगी। इंस्टाग्राम पर इस गाने को शेयर करते हुए रश्मिका ने लिखा, 'ओ मायसा रे!! एक युद्ध-



घोष! दर्द और गुस्से की एक चीख! एक जागृति!! अब यह सब आपका है!' 'ओ मायसा रे' को जेक्स बिजॉय ने कंपोज किया है और इसे सिंधुजा श्रीनिवासन ने गाया है। इस गाने में दमदार बीट्स का इस्तेमाल किया गया है और पूरे समय इसका टेम्पो और एनर्जी बनी रहती है। 'मायसा' के पहले गाने के रिलीज होने के बाद से एक्ट्रेस का लुक हर तरफ जबरदस्त चर्चा में है। फिल्म के ही में रिलीज हुए टीजर को देश भर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। दर्शकों से लेकर आलोचकों तक से फिल्म ने अपनी रॉ एनर्जी, ग्रैंड स्केल और इंटेंस एटमॉस्फियर के लिए खूब तारीफ अपने नाम की है। सबसे ज्यादा खास बात यह है कि इस चीज ने मायसा को एक अनोखे सिनेमैटिक कहानी में स्थापित कर दिया है। भारतीय सिनेमा में 'बाहुबली' और 'KGF' जैसी कई मास एक्शन फिल्मों में मां और बेटे के मजबूत रिश्ते को दिखाया गया है। हालांकि, 'मायसा' इस मामले में अलग है, क्योंकि फिल्म के मेकर्स इसमें एक नया और गहरा भावनात्मक पहलू पेश करने वाले हैं। दरअसल, फिल्म में आदिवासी भूमि की पृष्ठभूमि पर बाप और बेटी के बीच की मजबूत जोड़ी देखने मिलने वाली है।

रामायण के नए प्रोमो में 'माता सीता' के रूप में दिखीं साई

नई दिल्ली। 'रामायण' से साई पल्लवी के 'सीता' प्रोमो को ऑनलाइन काफी तारीफ मिल रही है। 5 नवंबर को फिल्म की रिलीज से पहले, प्रशंसक उनके शालीन, शांत स्वभाव और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी की खूब सराहना कर रहे हैं। 'रामायण' के नए प्रोमो में साई पल्लवी को सीता के रूप में दिखाया गया है, जिन्हें 'धरती की बेटी' और मिथिला की राजकुमारी भी कहा जाता है। नए प्रोमो में माता सीता के राजसी जीवन, भगवान राम के साथ उनके रिश्ते और फिर श्रीराम के साथ उनके वनवास की झलक देखने को मिलती है। प्रोमो के अंत में मां सीता को अपनी कुटिया में बैठे हुए दिखाया गया है और तभी जंगल में उनकी कुटिया के बाहर से एक आवाज आती है।



रवि को लक्ष्मण के रूप में किया गया पेश

साई पल्लवी के प्रोमो के साथ-साथ, मेकर्स ने रवि दुबे का एक सोलो कैरेक्टर पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें वे लक्ष्मण के रूप में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में अभिनेता एक योद्धा की मुद्रा में धनुष-बाण थामे हुए हैं। उनके हाव-भाव में भगवान राम के छोटे भाई से जुड़ी वीरता और दृढ़ संकल्प साफ झलक रहा है। इस पोस्टर का विजुअल स्टाइल, भगवान राम के रूप में रणबीर कपूर के पहले जारी किए गए कैरेक्टर पोस्टर जैसा ही है। मेकर्स ने रवि को इन शब्दों के साथ पेश किया, 'एक समर्पित भाई। एक निडर योद्धा। राम की ढाल।'

गीता और रफी की आवाज में हुआ अमर

22 साल की मधुबाला के दिलकश अंदाज ने दिया था सुपरहिट सॉन्ग

नई दिल्ली। 22 साल की मधुबाला की मासूम अदाएं और गुरु दत्त के साथ उनकी कमाल की केमिस्ट्री ने इस गाने को अमर बना दिया। गीता दत्त और मोहम्मद रफी की सुरीली आवाज में सजा यह गीत 71 साल बाद भी रोमांस का वही जादू बिखेरता है। हिंदी सिनेमा के सुनहरे दौर में कुछ गाने ऐसे बने, जिनका जादू आज भी कम नहीं हुआ है। ऐसा ही एक सदाबहार गाना है 'उधर तुम हसीन हो, इधर दिल जवान है'। साल 1955 में आई फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' के इस गाने में मधुबाला और गुरु दत्त की खूबसूरत केमिस्ट्री देखने को मिली थी। उस वक्त मधुबाला महज 22 साल की थीं। उनकी चुलबुली अदाएं, चेहरे की मासूमियत और दिलकश अंदाज गाने को खास बना देते हैं। वहीं, गीता दत्त और मोहम्मद रफी की सुरीली आवाज ने इसे ऐसा रोमांटिक एहसास दिया, जो सात दशक बाद भी संगीत प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।

मधुबाला-गुरु दत्त की जोड़ी ने जीता था दिल

फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' का निर्देशन और निर्माण गुरु दत्त ने किया था। इसमें मधुबाला ने अनीता वर्मा और गुरु दत्त ने प्रीतम कुमार का किरदार निभाया था। इनके अलावा ललिता पवार, जॉनी वॉकर, कुमकुम



और यास्मीन भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म की कहानी अनीता नाम की एक अमीर लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है। उसके पिता की वसीयत के मुताबिक, उसे अपनी संपत्ति हासिल करने के लिए एक महीने के भीतर शादी करनी होती है। उसकी मौसी सीता देवी (ललिता पवार) इस शर्त को पूरा करने के लिए प्रीतम नाम के एक बेरोजगार कार्टूनिस्ट को शादी का प्रस्ताव देती हैं। उनकी योजना शादी के बाद दोनों का तलाक कराने की होती है। लेकिन, कहानी में तब दिलचस्प मोड़ आता है, जब अनीता और प्रीतम एक-दूसरे को पसंद करने लगते हैं।

ओपी नैयर के संगीत ने लगाया चार चांद

इस फिल्म के गानों की बात करें तो संगीतकार ओपी नैयर और गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी की जोड़ी ने शानदार काम किया था। 'उधर तुम हसीन हो' को गीता दत्त और मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज दी थी। गाने के बोलों में प्यार और रोमांस का खूबसूरत एहसास है। पर्दे पर मधुबाला और गुरु दत्त की अदायगी ने इस गीत को और यादगार बना दिया. फिल्म में 'जाने कहां मेरा जिगर गया जी', 'ठंडी हवा काली घटा' और 'प्रीतम आन मिलो' जैसे गाने भी शामिल थे। इन गानों ने फिल्म के संगीत को खास पहचान दिलाई।

बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी फिल्म

11 फरवरी 1955 को रिलीज हुई 'मिस्टर एंड मिसेज 55' दर्शकों को खूब पसंद आई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी सफलता हासिल की और मधुबाला के करियर की यादगार फिल्मों में अपनी जगह बनाई। ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट के रिकॉर्ड में भी यह फिल्म दर्ज है। दिलचस्प बात यह है कि आज भी जब इस फिल्म का गाना 'उधर तुम हसीन हो, इधर दिल जवान है' बजता है, तो मधुबाला की खूबसूरती और रफी-गीता दत्त की आवाज का जादू एक बार फिर पुराने दौर की याद दिला देता है। यही वजह है कि 71 साल बाद भी यह गीत संगीत प्रेमियों के बीच अपनी खास जगह बनाए हुए है।


शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ शाखा विस्तार विचार-विमर्श

आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक इंदौर में शुरू, 400 प्रतिनिधि हो रहे सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक सोमवार से इंदौर स्थित डेली कॉलेज के संत श्री रविदास जी महाराज सभागार में शुरू हो गई है। इस बैठक का शुभारंभ संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत एवं सरकार्यवाह हदत्तात्रेय होसबाले ने किया।

बैठक में देशभर से लगभग 400 प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। बैठक 4 नवंबर की सायंकाल तक चलेगी। इसमें संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत विजयादशमी 2025 से विजयादशमी 2026 तक आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। इन कार्यक्रमों के आगामी क्रियान्वयन, अनुवर्तन तथा उनके माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचने के विषय में विचार-विमर्श होगा। विशेष रूप से पंच परिवर्तन के विषयों को समाज के व्यवहार में प्रभावी रूप से उतारने तथा उनके निरंतर अनुवर्तन की कार्ययोजना पर चर्चा होगी। शताब्दी वर्ष में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए शाखा विस्तार की भी समीक्षा की जाएगी। विस्तारित शाखाओं को अधिक प्रभावी एवं नियमित बनाने, उनका दृढ़ीकरण करने तथा अधिकाधिक स्थानों पर शाखाएं प्रारंभ करने के संबंध में भी विचार-विमर्श होगा।



आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक इंदौर में आरंभ।

बैठक में 46 प्रांतों के प्रांत संघचालक शामिल

सरसंघचालक, सरकार्यवाह, सभी सह सरकार्यवाह, अखिल भारतीय पदाधिकारी, संघ के सभी 11 क्षेत्रों के क्षेत्र संघचालक, क्षेत्र कार्यवाह एवं क्षेत्र प्रचारक तथा सभी 46 प्रांतों के प्रांत संघचालक, प्रांत कार्यवाह, प्रांत प्रचारक एवं उनके सहयोगी कार्यकर्ता शामिल हैं। इसके साथ ही संघ प्रेरित कुछ विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री एवं सह संगठन मंत्री भी बैठक में शामिल हो रहे हैं।

तीन प्रमुख व्यक्तित्वों पर सरकार्यवाह के वक्तव्य

बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की ओर से तीन महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्वों के संबंध में वक्तव्य जारी किए जाएंगे। जिसमें राजनारायण बोस, स्वामी श्रद्धानंद, वेदांत केसरी स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती शामिल हैं।

प्रमुख हस्तियों को दी श्रद्धांजलि

बैठक के प्रारम्भ में सरकार्यवाह ने गत कुछ माह में दिवंगत हुए समाज की प्रमुख हस्तियों और कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनमें प्रमुख हैं फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर, आशा भोंसले, पूज्य संत पद्मश्री रमेश बाबा, विवेकानंद केन्द्र के पूर्व अध्यक्ष बालकृष्णन, बलवीर पुंज, एस. वेदांतम - चेन्नई, पत्रकार विराग पाचपोर, पराग वेदिक-मुंबई, भूतपूर्व कुलपति देवेंद्र प्रताप सिंह एवं सच्चिदानन्द महंती, प्रसिद्ध गायिका एस. जानकी एवं सुमन कल्याणपुरीकर, संघ के वरिष्ठ प्रचारक रहे विनोद कुमार आदि।

संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर प्रदर्शन

बैठक स्थल पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा तथा मालवा क्षेत्र में संघ कार्य के क्रमिक विकास को दर्शाने वाली विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

किसानों की सुविधा के लिए धान उपार्जन पंजीयन की तिथि 4 नवंबर तक बढ़ाई



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र सरकार किसानों के कल्याण, उनकी आय में वृद्धि और कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने, कृषि विविधीकरण को प्रोत्साहित करने तथा कृषि उत्पादों का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए सरकार की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हमने किसानों से जो वादा किया था, उसे पूरा भी किया। इन दिनों प्रदेश में किसानों को खेती-किसानी के कामों के लिए दिन में 10 घंटे बिजली दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय से सिवनी जिले की सिमरिया मंडी प्रांगण में हुए बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रबी फसलों की सिंचाई के लिए दिन के समय 10 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति से किसानों को रात में सिंचाई की मजबूरी से राहत मिलेगी। उन्होंने धान उपार्जन का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों की सुविधा और अधिकाधिक पात्र किसानों को समर्थन मूल्य पर उपज विक्रय का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से धान उपार्जन के पंजीयन की अंतिम तिथि 4 नवंबर तक बढ़ाई गई है। कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे, इस दिशा में आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सीएम ने कहा कि जिले का जीराशंकर चावल अपनी विशिष्ट सुगंध और स्वाद के कारण अलग पहचान रखता है।

वाहन उपलब्ध कराने वाला आरोपी भी गिरफ्तार, टिमरनी से गुजरात ले जाई जा रही थी अवैध शराब

देवास की घटना का मुख्य आरोपी राहुल जायसवाल निकला अवैध शराब का तस्कर और मास्टर माइंड, पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देवास जिले के खातेगांव में अवैध शराब के वाहन को रोकने के दौरान थाना प्रभारी दिलीप पुरी के निधन की घटना के बाद पुलिस की विभिन्न टीमों ने दबिश देकर अवैध शराब से भरे वाहन को पकड़ लिया है। इस घटना की एफआईआर थाना खातेगांव में आबकारी एक्ट के तहत दर्ज की गई है। अवैध शराब के नेटवर्क के मुख्य सरगना राहुल जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। वाहन चालक गजेन्द्र उर्फ अक्कू रावत निवासी अलीराजपुर है, जिसे वाहन केरम सिंह चांगोड़ निवासी अलीराजपुर ने उपलब्ध करवाया था। केरम सिंह को अभिरक्षा में लिया गया है। जांच में खुलासा हुआ कि यह अवैध शराब टिमरनी से गुजरात ले जाई जा रही थी। पिछले 2 नवंबर की रात को सूचना मिलने पर कि अवैध शराब की बड़ी मात्रा एक आयशर गाड़ी क्र. एमपी-43 एच 4786 से टिमरनी जिला हरदा से गुजरात ले जाई जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कन्नौद के निर्देशन में गठित चार टीमों द्वारा नाकाबंदी के दौरान अवैध शराब से भरी आयशर गाड़ी सांडलपुर फाटा नर्मदा ढाबा के सामने खड़ी दिखाई दी। थाना प्रभारी खातेगांव निरीक्षक दिलीप पुरी के द्वारा ड्राइवर को वाहन से नीचे उतरकर वाहन की तलाशी देने कहा गया, तब उक्त आयशर वाहन के ड्राइवर ने थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप पुरी को जान से मारने की नीयत से अपनी गाड़ी निरीक्षक दिलीप पुरी के ऊपर चढ़ा कर अवैध शराब से भरी गाड़ी लेकर वहां से भाग गया। उपचार के दौरान निरीक्षक दिलीप पुरी का दुखद निधन हो गया।

शहीद टीआई दिलीप पुरी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार


देवास के खातेगांव में शराब माफिया के खिलाफ कार्रवाई के दौरान शहीद हुए थाना प्रभारी दिलीप पुरी का अंतिम संस्कार सोमवार दोपहर उनके पैतृक गांव बरमण्डल में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। शहीद टीआई को अंतिम विदाई देने के लिए प्रशासन के आला अधिकारी भी बरमण्डल पहुंचे। इंदौर जोन (ग्रामीण) के आईजी अनुराग, धार कलेक्टर राजीव रंजन मीणा, पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा सहित जिले के सभी एसडीओपी, थाना प्रभारी और प्रशासनिक अधिकारी दिवंगत दिलीप पुरी के घर मौजूद रहे। शहीद पुरी को राजकीय सम्मान से तिरंगा ओढ़ाकर सम्मान दिया गया। श्मशान घाट पर पुलिस की विशेष टुकड़ी ने शस्त्र झुकाकर गॉड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार (समाधि) किया गया। इस दौरान पुलिस के जवानों ने हवा में फायर कर शहीद को सलामी दी। अंतिम यात्रा में अधिकारियों ने कंधा भी दिया। प्रदेश सरकार की ओर से राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त शिवाजी पाटिल पुरी को श्रद्धांजलि देने शमशान भूमि पहुंचे।

चंदाना शराब कांड में कांग्रेस प्रवक्ता आनंद कासलीवाल गिरफ्तार


चंदाना जहरीली शराब कांड में कोतवाली पुलिस ने कांग्रेस प्रवक्ता आनंद कासलीवाल को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस पहले ही उनके बेटे अमन कासलीवाल को केमिकल सप्लाय के आरोप में गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया था। पुलिस के अनुसार, जांच और अन्य आरोपितों से पूछताछ के बाद आनंद कासलीवाल की भूमिका सामने आने पर यह कार्रवाई की गई है।कोतवाली टीआई शशिकांत चौरसिया ने बताया कि अमन के ऑफिस और गोदाम से संचालित कारोबार की देखरेख आनंद कासलीवाल करते थे। पुलिस ने मामले में एक रजिस्टर भी जब्त किया है, जिसमें स्टॉक संबंधी जानकारी दर्ज होने की बात सामने आई है। पुलिस इन दस्तावेजों के आधार पर भी जांच कर रही है। बताया गया कि जेल भेजने के आदेश के बाद आनंद कासलीवाल का रक्तचाप अचानक बढ़ गया। इसके चलते पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

शराब कारोबार में कांग्रेस नेताओं के नाम बार-बार आना संयोग नहीं: सारंग

भोपाल। कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने अवैध शराब प्रकरण को दुःखद एवं गंभीर बताते कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मामले के तार कांग्रेस से जुड़ते दिखाई दे रहे हैं। टिमरनी की जिस शराब दुकान से इस मामले के तार जुड़े हैं, उसमें राहुल जायसवाल और उनके भाई मनीष पार्टनर हैं। दुकान मैनेजर भूपेंद्र राणा ने पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं। राहुल कांग्रेस के खातेगांव विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी हैं और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के करीबी माने जाते हैं। पटवारी बताएं कि शराब तस्करी में बार-बार कांग्रेस नेताओं के नाम ही सामने क्यों आ रहे हैं। शराब कारोबार में कांग्रेस नेताओं के नाम बार-बार आना एक संयोग नहीं, बल्कि संरक्षण के गंभीर संकेत हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने थाना प्रभारी दिलीप पुरी के शहीद होने पर जताया शोक

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने देवास के खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी के कर्तव्य निर्वहन के दौरान अप्रिय घटना में शहीद होने पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेवाल ने कहा कि इस कठिन घड़ी में मध्यप्रदेश भाजपा सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

शराब माफिया के खिलाफ जांच, सख्त कार्रवाई की मांग

खातेगांव टीआई की हत्या पर गरमाई सियासत, शिवराज ने जताया शोक, कांग्रेस का तीखा हमला

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश के देवास जिले के खातेगांव में अवैध शराब की तस्करी रोकते समय थाना प्रभारी (टीआई) दिलीप पुरी की ट्रक से कुचलकर हुई दर्दनाक मौत के बाद प्रदेश का सियासी पारा चढ़ गया है। इस दुखद घटना पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए जांबाज पुलिस अधिकारी को श्रद्धांजलि दी, वहीं कांग्रेस ने राज्य सरकार की कानून-व्यवस्था और कथित शराब माफियाओं के बढ़ते हौसलों को लेकर तीखा हमला बोला है।

असामाजिक तत्व या माफिया को बख्शा नहीं जाएगा: शिवराज

केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कर्तव्य पथ पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले टीआई दिलीप पुरी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में कानून का राज सर्वोपरि है और किसी भी असामाजिक तत्व या माफिया को बख्शा नहीं जाएगा।

यह बोले कांग्रेस नेता

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस घटना को लेकर कहा कि यह घटना राज्य की लचर कानून-व्यवस्था और गृह विभाग की विफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि वल्लभ भवन के संरक्षण में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी घटना पर कहा कि खातेगांव में शराब माफिया द्वारा टीआई दिलीप पुरी को कुचलना प्रदेश की कानून-व्यवस्था की खुली हत्या है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज मध्य प्रदेश की पहचान शराब, ड्रग्स, भू और रेत माफिया से बन चुकी है। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने प्रदेश सरकार की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों और माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब वे खाकी पर भी हमला करने से नहीं हिचक रहे।

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में गंभीर गड़बड़ी का मामला

छत्तीसगढ़ के 16 निजी अस्पतालों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, सभी पर गिरी निलंबन की गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छग में आयुष्मान योजना में गंभीर अनियमिताएं सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के 16 निजी अस्पतालों पर बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने गड़बड़ी में शामिल इन अस्पतालों को एक से तीन साल की अवधि के लिए योजना से बाहर कर दिया है। स्टेट नोडल एजेंसी की टीम ने व्यापक अभियान चलाकर प्रदेश के 19 अस्पतालों में छापा मारा था। लंबी जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीन अस्पतालों को छोड़कर शेष 16 अस्पतालों पर निलंबन की गाज गिरी है। अकेले रायपुर जिले के आठ निजी अस्पताल आए हैं। आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत निर्धारित पैकेज का ज्यादा लाभ कमाने के लिए निजी अस्पताल कई तरह के हथकंडे अपना रहे थे। जांच में खुलासा हुआ कि अस्पताल प्रबंधन दूरदराज के इलाकों और पड़ोसी राज्यों से एजेंट के माध्यम से मरीजों को अपने यहां बुला रहे थे।

सामान्य रोगियों को गंभीर बता रहे थे संचालक

अस्पताल संचालक सामान्य रोगियों को गंभीर बताकर गहन चिकित्सा इकाई का पैकेज ब्लॉक कर रहे थे। सरकार की ओर से पूरी तरह निशुल्क घोषित इस योजना में कम पैकेज का बहाना बनाकर मरीजों और उनके परिजनों से अतिरिक्त धनराशि की वसूली भी की जा रही थी। विभागीय टीम ने जांच के दौरान रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा, बस्तर, कबीरधाम, कोंडागांव और कोरबा जिलों के अस्पतालों में दबिश देकर महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए थे।

केंद्रीय मंत्री शाह पहुंचे छत्तीसगढ़, मुख्यमंत्री साय ने किया स्वागत

केंद्रीय मंत्री शाह की छग की शांति और सुरक्षा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता प्रदान करती है संकल्प शक्ति: सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का छत्तीसगढ़ आगमन पर स्वागत किया। यह स्वागत स्वामी विवेकानंद अंतरराष्ट्रीय विमानतल, रायपुर में किया गया। अमित शाह राज्योत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की पावन भूमि और प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री शाह के छत्तीसगढ़ के प्रति गहरे आत्मीय स्नेह की सराहना की। मुख्यमंत्री ने बताया कि शाह की प्रदेश की शांति और सुरक्षा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता है। उनका सतत सहयोग विकसित छत्तीसगढ़ के


संकल्प को नई शक्ति प्रदान करता है। राज्योत्सव का समापन समारोह तीन नवंबर को विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कर रहे हैं। समारोह में प्रदेश की विभिन्न विधाओं और क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया जा रहा है।

लोकसंगीत की प्रस्तुति देंगे सांस्कृतिक कलाकार

राज्योत्सव के अंतिम दिन मुख्य मंच पर शाम 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू होंगे। दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के कलाकार लोकसंगीत की प्रस्तुतियां देंगे। इसके बाद पद्मश्री उषा बारले शाम 6.30 से 7 बजे तक अपनी विशिष्ट प्रस्तुति देंगी। रात 9 बजे से बॉलीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक अभिजीत भट्टाचार्य दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। उनकी प्रस्तुति तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का संगीतमय समापन करेगी। शिल्पग्राम मंच पर भी छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और शास्त्रीय कलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी। दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होने वाले कार्यक्रमों में प्रदेश के विभिन्न जिलों के कलाकार प्रतिभा प्रदर्शन करेंगे। शिल्पग्राम में कुल दस सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। इनमें पंथी नृत्य, आदिवासी लोकसंगीत, कथक, भजन और सूफी संगीत शामिल हैं। आस्था भट्ट, आरती बारले, राकेश सेन, दिनेश कुमार जांगड़े और पूर्णिमा साहू जैसे कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

भारत के गौरवशाली अतीत से परिचय कराना वीर भारत न्यास का उद्देश्य

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई वीर भारत न्यास कार्यसमिति की बैठक

मप्र में स्थापित होगी वीर भारत फैलोशिप, बैतूल में स्थापित होगा आरण्यक युगयुगीन जनजातीय संग्रहालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्राचीनतम से आधुनिक इतिहास के मुख्य आयामों और भारत का राष्ट्र स्वरूप स्थापित करने में अपना योगदान देने वाले चिंतकों, कलाकारों, वैज्ञानिकों से जुड़ी गतिविधियों और देश-प्रदेश की संस्कृति पर कार्य के लिए 'वीर भारत' फैलोशिप प्रदान की जाएगी। प्रतिवर्ष दो फैलोशिप प्रदान की जाएंगी, फैलोशिप की राशि 12 लाख प्रति अध्येता होगी, यह फैलोशिप एक वर्ष की अवधि के लिए दी जाएगी। बैतूल में केन्द्र सरकार के सहयोग से आरण्यक युगयुगीन जनजातीय संग्रहालय स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस आश्रय के प्रस्ताव को वीर भारत न्यास की कार्यकारी समिति की बैठक में अनुमोदित किया। बैतूल स्थित संग्रहालय में जनजातीय इतिहास गैलरी, जनजातीय स्वाधीनता आंदोलन, जनजातीय शोध केन्द्र और डिजीटल रिपॉजिटरी स्थापित होंगी। इस बैठक में भारतीय इतिहास, संस्कृति और वैभवपूर्ण विरासत को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से उज्जैन कोठी महल में स्थापित हो रहे वीर भारत संग्रहालय के निर्माण को भी स्वीकृति दी गई। मंत्रालय में हुई इस बैठक में संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी वर्चुअली शामिल हुए।



2024 से जारी हैं वीर भारत न्यास की सृजनात्मक गतिविधियां

बैठक में बताया गया कि न्यास की ओर से वर्ष 2024 से निरंतर सांस्कृतिक, सामाजिक, साहित्य, आध्यात्मिक और राष्ट्रीय चेतना से संबंधित गतिविधियां आयोजित की गई। भोपाल में सदानीरा समागम, महाभारत समागम तथा उज्जैन में श्री महाकालेश्वर महोत्सव आयोजित किए गए। बैठक में न्यास की ओर से संचालित फिल्म समारोह, सांगीतिक प्रस्तुतियों और सोशल मीडिया संबंधित गतिविधियों की जानकारी भी दी गई।

पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही, नायब तहसीलदार प्रभारी तहसीलदार निलंबित

सरगुजा। कमिश्नर नरेंद्र कुमार दुग्गा ने सूरजपुर जिले के बिहारपुर क्षेत्र में पदस्थ नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदार करमचंद जाटवर को पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही और उदासीनता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई कुबेरपुर गांव में सड़क हादसे के बाद उपजे भारी बवाल में प्रशासनिक तत्परता न दिखाने पर की गई है।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हारट्रोन	डब्ल्यूसीडी, हरियाणा की ओर से 41 अदद मिड स्केल एआईओ कम्प्यूटर सिस्टम्स की अधिप्राप्ति।	03.11.2026 25.11.2026	ईएमडी रु. 80,000/-	https://etenders.hry.nic.in	1722704922 dtharoare.hatro@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50759/I/88/7 दि. 03.11.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक	अल्ट्रा हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमेटोग्राफी (यूपीएलसी/ यूएचपीएलसी) सिस्टम की खरीद।	02.11.2026 23.11.2026	59 लाख	www.mdu.ac.in	9050236716 dir.ol@mdurohtak.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50778/I/88/7 दि. 03.11.26

चिंतन

अनिश्चितकाल तक प्रदर्शन का हक नहीं



सियासत

प्रो.(डॉ) मनोज दयाल


लोकतंत्र में असहमति और प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर दूसरों के अधिकारों को कुचलने की छूट भी नहीं दी जा सकती। सार्वजनिक स्थानों पर अनिश्चितकाल तक कब्जा जमाकर बैठ जाना और आम लोगों की जिंदगी को बाधित करना किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की ताजा टिप्पणी इसी संतुलन की जरूरत को रेखांकित करती है। दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ हुए प्रदर्शन से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी संगठन को किसी सार्वजनिक स्थल पर अनिश्चितकाल तक प्रदर्शन करने का हक नहीं है। प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थानों पर भी समय-सीमा होनी चाहिए, ताकि दूसरे संगठनों को भी अपनी बात रखने का अवसर मिल सके। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार किसी एक संगठन की स्थायी संपत्ति नहीं हो सकता। दरअसल, सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय तक चलने वाले धरने-प्रदर्शनों का असर केवल यातायात तक सीमित नहीं रहता। इससे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी वालों, दिहाड़ी मजदूरों, नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और मरीजों तक को परेशानी उठानी पड़ती है। दिल्ली के व्यापारिक संगठनों ने अदालत में दावा किया कि त्योहारों के सीजन में प्रदर्शनों के कारण कारोबारियों को करीब दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। किसी के विरोध के अधिकार की कीमत दूसरे नागरिकों को अपनी रोजी-रोटी गंवाकर नहीं चुकानी चाहिए। हालांकि, पूरे मामले का दूसरा पहलू भी उतना ही अहम है। प्रदर्शनकारियों को पुलिस कार्रवाई, हिरासत और निगरानी के नाम पर मनमानी का सामना नहीं करना चाहिए। सुनवाई के दौरान करीब सात हजार लोगों को हिरासत में लिए जाने और प्रदर्शनकारियों की निगरानी के कानूनी आधार पर सवाल उठाए गए। सरकार और पुलिस को यह स्पष्ट करना होगा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किस कानून और किन परिस्थितियों में की गई। यही कारण है कि प्रदर्शन के अधिकार और सार्वजनिक व्यवस्था के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए पर्याप्त और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध करवाएं। इन स्थानों का निर्धारण पारदर्शी नियमों के आधार पर हो और सभी संगठनों को समान अवसर मिले। दूसरी ओर, पुलिस को भी कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करनी चाहिए। शांतिपूर्ण प्रदर्शन और हिंसक या अवैध गतिविधियों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना जरूरी है। प्रदर्शन आयोजित करने वाले संगठनों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ सामाजिक दायित्व भी जुड़े हैं। यदि किसी आंदोलन के कारण सड़कें बंद होती हैं, सार्वजनिक परिवहन बाधित होता है या कारोबार ठप पड़ता है तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। कई बार लंबे समय तक चलने वाले धरने इस बात का संकेत होते हैं कि संबंधित पक्षों की शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा। प्रशासन को समय रहते बातचीत करनी चाहिए, ताकि असंतोष टकराव में न बदले। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का व्यापक संदेश यही है कि लोकतंत्र में अधिकार एकतरफा नहीं हो सकते। किसी एक वर्ग की आवाज बुलंद करने के लिए दूसरे वर्ग की आवाजाही और आजीविका बाधित करना लोकतांत्रिक भावना के अनुकूल नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि असहमति को जगह मिले और आम जनजीवन भी निर्बाध चलता रहे।

किसी ने बनाई पार्टी, किसी ने बदला दल

> लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। आजकल चुनाव लड़ने से ज्यादा चुनावी दुकान खोलने का चलन बढ़ गया है। "माननीय" बनने की ऐसी होड़ लगी है कि जिसके पास चार लोगों का समर्थन नहीं, वह भी चार पहियों वाली गाड़ी पर अपना झंडा लगाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठा है। किसी ने पार्टी बनाई तो किसी ने दल बदल लिया। नाम चाहे कुछ भी हो..! मकसद एक ही है - किसी तरह विधायक-सांसद की नेम प्लेट लग जाए। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का राजनीतिक मौसम देखिए। जैसे ही चुनाव की आहट सुनाई देती है, वैसे ही कुछ रिटायर्ड अफसरों, पूर्व न्यायाधीशों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हताश नेताओं के भीतर सोया हुआ 'जननायक' जाग जाता है।

राजनीति का नया शॉर्टकट..! माननीय बनने की होड़..! कोई अपनी पार्टी बना रहा है तो कोई दल बदल रहा है। यह हरकतें चुनावी आहट के साथ तेज हो रही हैं। सियासी हसरतें पूरी करने का चलन इस कंपन्न से झनझना उठा है। लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। आजकल चुनाव लड़ने से ज्यादा चुनावी दुकान खोलने का चलन बढ़ गया है। "माननीय" बनने की ऐसी होड़ लगी है कि जिसके पास चार लोगों का समर्थन नहीं, वह भी चार पहियों वाली गाड़ी पर अपना झंडा लगाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठा है। किसी ने पार्टी बनाई तो किसी ने दल बदल लिया। नाम चाहे कुछ भी हो..!

मकसद एक ही है - किसी तरह विधायक-सांसद की नेम प्लेट लग जाए। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का राजनीतिक मौसम देखिए। जैसे ही चुनाव की आहट सुनाई देती है, वैसे ही कुछ रिटायर्ड अफसरों, पूर्व न्यायाधीशों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हताश नेताओं के भीतर सोया हुआ 'जननायक' जाग जाता है। वे सोचते हैं, किसी पार्टी में जाकर टिकट मांगने से अच्छा है, अपनी ही पार्टी क्यों न बना ली जाए। टिकट मांगने का झंझट खत्म..! खुद ही टिकट बांटो, खुद ही अध्यक्ष बनो..! यह हसरतें पूरी करने का जो नया चलन है, वह चुनावी कैलेंडर के साथ और तेज हो गया है। 2027 के विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं। पर उत्तर प्रदेश में अभी से सैकड़ों नई पार्टियों ने निर्वाचन आयोग के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। कोई लखनऊ में प्रेस क्लब में पार्टी लांच कर रहा है तो कोई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में अपना घोषणा पत्र पढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर पार्टी का लोगो, झंडा और एक जोशीला नारा- बस, बन गए राष्ट्रीय अध्यक्ष। रिटायर्ड अफसरों की राजनीति..! पेंशन के बाद पद की तलाश..! इस दौड़ में सबसे आगे हमारे सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी हैं। जीवन भर फाइलों पर 'स्वीकृत' और 'अस्वीकृत' लिखने वाले ये अधिकारी रिटायरमेंट के बाद अचानक व्यवस्था को बदलने का सपना देखने लगते हैं। इस कड़ी में सबसे चर्चित नाम है विजय शंकर पांडे का। उत्तर प्रदेश कैडर के इस पूर्व आईएएस अधिकारी ने अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ने के लिए ख्याति अर्जित की थी। कहा जाता है कि उन्होंने प्रदेश के कई महाभ्रष्ट अधिकारियों को चिह्नित करने का बीड़ा उठाया था। उनकी छवि एक निर्भीक अधिकारी की थी। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने सोचा कि व्यवस्था को फाइल से नहीं, मैदान से बदला जा सकता है। और फिर बना डाली अपनी पार्टी - लोक गठबंधन पार्टी। उनका तर्क है कि ईमानदार राजनीति ही भ्रष्टाचार का जवाब है। पर सवाल यह भी है कि क्या पार्टी बनाते ही जनता उनके पीछे चल देगी? इसी तरह एक और पूर्व आईएएस अधिकारी चंद्रपाल हैं। प्रशासन में लंबे अनुभव के बाद उन्होंने 'आदर्श समाज पार्टी' का गठन किया। उनका नारा है- समाज में आदर्श और समता स्थापित करना। वे दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग की आवाज बनने का दावा करते हैं। प्रशासन में रहते हुए उन्होंने सिस्टम को अंदर से देखा। अब बाहर से उसे सुधारने निकले हैं। अब इस फेहरिस्त में नया नाम जुड़ा है -आईएएस दिव्या मित्तल का। अभी हाल ही में उन्होंने



अपनी राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान किया है। एक युवा, तेजतर्रार महिला अधिकारी के रूप में उनकी पहचान रही है। उनका राजनीति में आना कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक है तो कई लोगों के लिए यह संकेत है कि ब्यूरोक्रेसी में अब प्रतिभा घुटन महसूस कर रही है और उसे राजनीति में ऑक्सीजन तलाश रही है। क्या यह महज संयोग है कि ये सभी चुनाव से ठीक पहले सक्रिय होते हैं? नहीं, यह रणनीति है। चुनाव वह मौसम है, जब मीडिया को नए चेहरे चाहिए, जनता को नए विकल्प की तलाश होती है और ऐसे में अपनी दुकान सजाना सबसे आसान होता है। दलित राजनीति से राष्ट्रीय राजनीति तक का प्रयोग..! यह केवल आईएएस अधिकारियों तक सीमित नहीं है। इस ट्रेंड के पुराने खिलाड़ी भी हैं। उदित राज इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। भारतीय राजस्व सेवा से लेकर राजनीति तक उनका लंबा सफर रहा है। उन्होंने सबसे पहले इंडियन जस्टिस पार्टी बनाई थी। दलितों को न्याय दिलाने के नाम पर बनी यह पार्टी बाद में कांग्रेस, फिर भाजपा में विलीन होती-निकलती रही। उदित राज ने दिखाया कि पार्टी बनाना एक तरह से अपनी राजनीतिक कीमत बढ़ाने का तरीका भी है। आपकी अपनी पार्टी है, तो बड़ी पार्टियां आपको गठबंधन में लेने के लिए मजबूर होंगी। यही फॉर्मूला अब हर कोई अपना रहा है। जिसके पास 5 हजार वोट भी नहीं हैं, वह भी कहता है- हम 20 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और किंगमेकर बनेंगे। हकीकत यह है कि वे किंगमेकर नहीं, अपने ही घर के मेकर भी नहीं बन पाते। इन दुकानों के बनने के तीन बड़े कारण हैं। पहला - टिकट का अभाव और व्यक्तिवाद का उभार। बड़ी पार्टियों में टिकट के लिए लंबी लाइन है। वहां जाति, पैसा और परिवारवाद हावी है। ऐसे में एक रिटायर्ड अफसर या सामाजिक कार्यकर्ता को लगता है कि वहां उसकी पूछ नहीं होगी। इसलिए वह अपनी पार्टी बनाकर खुद को 'हाईकमान' घोषित कर देता है। दूसरा - चुनाव एक उद्योग बन गया है। पार्टी बनाइए। चंदा लीजिए। थोड़ा प्रचार कीजिए और अगर एक-दो सीटों पर 10-15 हजार वोट काट दिए, तो बड़ी पार्टियों से सौदेबाजी का रास्ता खुल जाता है। कई पार्टियां तो इसी वोट-कटवा की भूमिका के लिए ही बनाई जाती हैं। तीसरा - सोशल मीडिया का भ्रम। फेसबुक पर 10 हजार फॉलोअर और यूट्यूब पर 2 लाख व्यूज देखकर लोगों को लगता है कि ये व्यक्ति लोकप्रिय है। यह वर्चुअल लोकप्रियता उन्हें जमीन पर भी नेता होने का भ्रम दे देती है। वे भूल जाते हैं कि लाइक वोट में नहीं बदलता। सवाल यह है कि क्या यह लोकतंत्र के लिए खतरा है? जवाब है- नहीं, पर चेतावनी जरूर है। भारतीय निर्वाचन आयोग के पास 2800 से ज्यादा पंजीकृत दल हैं, पर 90% दल ऐसे हैं जिन्होंने कभी एक भी चुनाव नहीं लड़ा। ये सिर्फ कागजों पर हैं। बैलेट पेपर पर एक ही नाम से मिलते-जुलते 4-5 निर्दलीय और छोटी पार्टियों के चुनाव चिह्न देखकर वोटर कन्फ्यूज हो जाता है। और यही इनका असली खेल है - वोट काटो, चुनाव प्रभावित करो। दूसरी तरफ, यह लोकतंत्र की जीवंतता भी है। अगर कोई विजय शंकर पांडे या चंद्रपाल या दिव्या मित्तल ईमानदारी से कोई विकल्प देना चाहते हैं, तो उनका स्वागत होना चाहिए। समस्या तब है, जब पार्टी का मकसद सिर्फ 'माननीय' बनने की हसरत पूरी करना हो, जनता की सेवा नहीं। पार्टी बनाना आसान है। पर पार्टी को विचार देना, कैडर बनाना और जनता का विश्वास जीतना सबसे कठिन तपस्या है। वह तपस्या न तो प्रेस कॉन्फ्रेंस से होती है। न ही लखनऊ-दिल्ली के होटलों में पार्टी लांच करने से। लोकतंत्र में दुकानें बहुत खुल गई हैं। पर ग्राहक यानी जनता बहुत समझदार हो गई है। वह जानती है कि कौन सेवा के लिए आया है, तो कौन

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे विवि, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

आध्यात्मिक

विवेक मिश्रा




33 लाख दीप प्रज्ज्वलन का नया रिकॉर्ड बनाने का प्रयास

भारत की आध्यात्मिक धारा प्रकट से अप्रकट की ओर प्रवाहित है, इसी अंतःकरण के दीपपर्व का बाह्य मूर्त चित्रण दीपावली है। अपने परम आराध्य के प्रत्यक्ष सानिध्य की अभिलाषा में रत एक नगर का रोम-रोम आह्लादित हो उठता है। अयोध्या से आशय उस भूमि से है, जिस पर युद्ध द्वारा विजय नहीं प्राप्त की जा सकती है, युद्ध अर्थात द्वंद्व से निर्मित संघर्ष। जिस धरा या स्थान पर युद्धकारक द्वंद्व का अंत होता हो, वहां स्वतः ही राम अर्थात रमणीय आनंद का निवास होता है। योगीजन भी इसी राममयी ब्रह्म तत्व में सदैव लीन मिलते हैं। भारतीय सनातन संस्कृति का यह पौराणिक दर्शन, आज हमारे समक्ष अयोध्या के भव्य व दिव्य दीपोत्सव के रूप में साकार होता है। दीपावली के शुभयोग पर आगामी 7 नवंबर 2026 को सरयू जी के 56 घाटों पर एकसाथ 33 लाख दीप प्रज्ज्वलित कर एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास होगा। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में भी 1 लाख 11 हजार दियों का प्रज्ज्वलन होगा। ज्ञात हो विगत वर्ष 2025 में 26 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर रिकॉर्ड स्थापित किया गया है। गिनीज रिकॉर्ड स्थापित करने हेतु, सटीक मापदंडों की पालना करनी होती है। निगरानी रखने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की एक आधिकारिक टीम मौके पर मौजूद रहती है। दीयों को व्यवस्थित रूप से दीप्त करने के लिए अवध विश्वविद्यालय समेत अन्य कॉलेजों के 35000 वालेंटियर को नियुक्त किया गया है। आयोजनों में 45 मिनट लंबा ड्रोन और लेजर शो भी रहेगा, जिसमें रामायण के प्रसंगों का सजीव चित्रण होगा। इस वर्ष 10 वे दीपोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई अन्य कैबिनेट मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। 2027 के विधानसभा चुनावों से पूर्व इस बार का सांस्कृतिक कार्यक्रम, राजनीतिक पक्षों के चुनावी समीकरणों से भी जुड़ेगा। पिछले दिनों अयोध्या में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का दौरा हुआ और वे श्री राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन करने नहीं पहुंचे। सामुदायिक वोट बैंक को साधने की कोशिशों का यह एक सुनियोजित क्रम रहा है। विपक्षी दल, ऐसे आयोजनों में सरकारी धन की फिजूलखर्ची और सरकार की ब्रांडिंग पर आरोप लगाते हैं। बीते दिनों प्रधानमंत्री के जन्मदिन और सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने पर, आयोजित 'आशीर्वाद का दिया'नामक कार्यक्रम की तीखी आलोचना विपक्षीय दलों व चिंतको ने की थी। मुख्य विरोध उत्तर प्रदेश और बिहार से ही शुरू हुआ था। बाढ़ के बीच जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने उत्सव मनाने के आधिकारिक निर्देश जारी किए , जिन्हें बाद में वापस लिया गया। प्रथम दृष्टया, यह प्रश्न उचित प्रतीत होता है। इस स्तर के बड़े आयोजनों में जहां 33 लाख मिट्टी के दिये, 65 लाख बातियां, लगभग 55 हजार लीटर सरसों का तेल और 150 किलो कपूर का इस्तेमाल होने वाला है ।

इन व्यवस्थाओं में होने वाले खर्चों का योग कितने अंकों तक पहुंचता है? इसका अनुमान ही हम लगा सकते हैं। परन्तु एक दूसरा व्यावसायिक पक्ष यह भी है कि इस एकमुश्त मांग की आपूर्ति में कई छोटे-बड़े व्यापारी, व्यवसायी या श्रमिक वर्ग लगे होते हैं। इन बड़े आयोजनों के माध्यम से, वह पर्याप्त लाभ व रोजगार पाते हैं। पर्यटन, विज्ञापन और स्पॉन्सरशिप के माध्यम से राजकीय कोष को भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचता है। वालंटियर के रूप में महाविद्यालयों के छात्रों का सहयोग,उन्हें संस्कृति से जुड़ने और परस्पर समन्वय के अवसर प्रदान करता है। भव्य आयोजनों से प्रतिष्ठित होती, नगर विशेष की अंतर्राष्ट्रीय छवि संपूर्ण राष्ट्र के लिए प्रगति के पथ को प्रशस्त करती है। अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखे जाने की अनिवार्यता को भी समझना चाहिए। मिट्टी के दीपक, बातियां, घी और सरसों का तेल पूर्णतः बायो डिग्रेडेबल हैं, अर्थात यह सभी सरलता से विघटित हो पुनः मिट्टी अथवा कार्बन स्वरूप में मिल जाते हैं। सरसों के तेल में 'एलील थियोआइसोसायनेट' नामक सक्रिय यौगिक होता है,जो तीखी गंध देता है। भारत भूमि के सबसे उन्नत आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में प्रत्येक वर्ष नव-नवीन कीर्तिमान स्थापित करता, भव्य-दिव्य दीपोत्सव का आयोजन, सहज सर्वमान्य होना चाहिए। प्रभु राम तो स्वयं रुपर्वरु अर्थात जोड़ने वाले और ' उत्सव' अर्थात ऊपर उठते श्रेष्ठतम यज्ञ,उत्पत्ति और आनंद के स्वरूप हैं। यह तो हमारा दृष्टिकोण है कि, हम प्रभु मूर्त को किस दृष्टि से देख पाते हैं । जैसा कि, श्री राम चरित्र मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैंः- 'जाकी रही भावना जैसी। प्रभु मूरति देखी तिन्ह तैसी॥

चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार




संकलित

दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। यदि हमने किसी गरीब को कुछ दिया, तो वास्तव में हम पर उसका आभार है, क्योंकि उसने हमें इस बात का अवसर दिया कि हम अपनी दया की भावना उस पर काम में ला सकें।

मूर्ख साधू और ठग



संकलित

प्रेरणा

किसी गाँव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतजार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती



अपराध की काली कमाई सफेद करने का धंधा

मनी लॉन्ड्रिंग अर्थात धनशोधन आज केवल आर्थिक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठित अपराध, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद और अवैध व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय आधार बन चुका है। सामान्य शब्दों में कहें तो मनी लॉन्ड्रिंग वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से अपराध से अर्जित धन के वास्तविक स्रोत को छिपाकर उसे वैध अथवा कानूनी रूप से अर्जित धन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अपराधी जानते हैं कि केवल अवैध तरीके से धन कमाना पर्याप्त नहीं है। उस धन को ऐसी व्यवस्था में शामिल करना भी आवश्यक है जिससे उसकी वास्तविक उत्पत्ति का पता लगाना कठिन हो जाए।

- राजेश शर्मा, हिसार

ट्रेंड

पिंक लाइन



पुणे मेट्रो की नई 'पिंक लाइन' इतनी खास क्यों है? यह 23 किमी लंबी लाइन हिंजवडी के आईटी हब को शिवाजीनगर से जोड़ती है। इसका संचालन महिलाएं करेंगी। इससे पुणे में 'जीवन सुगमता' को काफी बढ़ावा मिलेगा! -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं



तुर्कमान गेट पर 7,000 किलो मिलावटी खोया जब्त किया गया! त्योहारी सीजन के दौरान और पूरे साल दिल्ली भर में छापेमारी तेज की जाएगी। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। किसी को भी मुनाफे के लिए लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी खुद अराजक



बीजेपी तो खुद ही अराजकता है! बीजेपी के राज में कोई अपराधी नहीं पकड़ा जाएगा, क्योंकि अपराधी चाहे जो भी हो, वह बीजेपी में कहीं न कहीं कोई पदाधिकारी जरूर होगा। महिलाओं के आंसू बीजेपी की सत्ता को बहा ले जाएंगे!

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

महंगाई मुक्ति यात्रा



भ्रष्टाचार और आसमान छूती कीमतों के खिलाफ गोवा के लोगों को एकजुट करने के संकल्प के साथ 'आप' 26 नवंबर से 19 दिसंबर तक 'महंगाई मुक्ति यात्रा' शुरू करेगी। हमारी व्यापक और परखी हुई गारंटियां सरल और सीधा समाधान देती हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

न्यूयॉर्क में 30 साल में पहली बार खसरे से बच्चे की मौत



अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य के उत्तरी ग्रामीण इलाके में खसरे से संक्रमित एक बच्चे की मौत हो गई है। राज्य के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 30 साल में राज्य में खसरे से मौत का यह पहला मामला है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने बताया कि बच्चे की मौत सिरैक्यूज से करीब 93 150 किलोमीटर उत्तर में स्थित लुईस काउंटी में हुई। अमेरिका ने उच्च टीकाकरण दर बनाए रखकर 2000 में देश के भीतर खसरे के प्रसार को रोक दिया था। हाल के वर्षों में टीकाकरण की दर में गिरावट आई है और यह इस बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिए जरूरी 95 प्रतिशत के स्तर से नीचे पहुंच गई है। डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता होचुल ने बच्चे की मौत पर दुख जताते हुए कहा, ' 'यह घटना इस बात की याद दिलाती है कि जब वाशिंगटन जानबूझकर अमेरिकियों को ऐसी बीमारियों से बचाने की दशकों की प्रगति को कमजोर करता है तो कितना कुछ दांव पर लग जाता है।'' रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने इस साल अमेरिका में खसरे से संबंधित तीन मौतों की पुष्टि की है। विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य विभागों ने इससे अधिक मौतों की जानकारी दी है।

ऑफ बीट

आपके बलगम का रंग बताएगा आपकी सेहत



क्या आपने कभी सोचा है कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके बलगम का रंग अलग क्यों होता है? शायद आप यह सवाल पूछने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं। वास्तव में कई कारण हैं कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके नाक के बलगम का रंग बदल जाता है। नाक के बलगम का रंग और गाढ़ापन आपकी रोग प्रतिरोध प्रणाली के बारे में रोचक जानकारी दे सकता है, और यह भी बता सकता है कि आपका शरीर बीमारियों के प्रति कैसे प्रतिक्रिया करता है। बलगम हमारे नाक के मार्ग में स्थित ऊतकों द्वारा निर्मित होता है। अक्सर इसे केवल एक दिक्कत के रूप में देखा जाता है, लेकिन बलगम एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। असल में यह एक सुरक्षात्मक अवरोधक के रूप में कार्य करता है, जो धूल, किटाणु, वायरस और अन्य कणों को श्वसन प्रणाली के गहरे भागों तक पहुंचने से रोकता है। हमारे नाक के बलगम में मौजूद लाइसोजाइम और लैक्टोफेरिन जैसे एंजाइम में रोगाणुरोधी गुण भी होते हैं। वे किटाणु की कोशिका को तोड़ते हैं और किटाणु के विकास को सीमित करने में मदद करते हैं। यह सुरक्षात्मक भूमिका बलगम को प्रतिरोधक की एक महत्वपूर्ण रेखा बनाती है, ऐसे समय में भी जब हम अस्वस्थ न हों।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

बिरला ने तिरुवनंतपुरम में संसद और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विधानमंडलों की लोक लेखा समितियों के सभापतियों के सम्मेलन का उद्घाटन किया

सार्वजनिक धन के प्रत्येक रुपए का पूरा हिसाब और सही उपयोग होना चाहिए: लोकसभा अध्यक्ष बिरला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को संसद और राज्य विधानमंडलों की लोक लेखा समितियों (पीएसी) का आह्वान किया कि वे सार्वजनिक धन के संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करें। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सरकारी खजाने से निकाले गए सार्वजनिक धन के प्रत्येक रुपए का समुचित हिसाब रखा जाना चाहिए तथा उसका पूर्ण उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया जाना चाहिए, जिसके लिए उसे स्वीकृत किया गया है।

उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही लोकतंत्र के आधार स्तंभ हैं तथा सार्वजनिक व्यय की वास्तविक कसौटी यह होनी चाहिए कि उससे आम नागरिकों के जीवन में कितना सकारात्मक बदलाव आया है। तिरुवनंतपुरम में संसद और राज्य



विधानमंडलों की लोक लेखा समितियों के सभापतियों के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए बिरला ने कहा कि लोक लेखा समिति संसदीय लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण संस्था है, जिसे सार्वजनिक व्यय की जांच करने, वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने और कार्यपालिका को जवाबदेह बनाने का दायित्व सौंपा गया है।

उन्होंने कहा कि समितियों का दायित्व केवल लेखा-जोखा और लेखापरीक्षा निष्कर्षों की जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें यह भी आकलन करना चाहिए कि सार्वजनिक धन का उपयोग निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति और अपेक्षित परिणाम हासिल करने में हुआ है या नहीं। लेखापरीक्षा संबंधी टिप्पणियों के 10, 15 अथवा 20 वर्षों तक अनसुलझे रहने पर चिंता व्यक्त करते हुए बिरला ने कहा कि इतने लंबे समय तक लंबित मामलों का बने रहना व्यवस्था की प्रभावशीलता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। उन्होंने लेखापरीक्षा टिप्पणियों और उनसे संबंधित कार्रवाई का बिना अनावश्यक विलंब के निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस, व्यवस्थित और समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को निगरानी, समीक्षा और अनुवर्ती कार्रवाई की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए, ताकि जवाबदेही केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि समयबद्ध सुधारात्मक कार्रवाई के रूप में भी दिखाई दे। लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि सदस्य भले ही अलग-अलग राजनीतिक दलों से संबंधित हों, उनकी विचारधाराएं भिन्न हों और नीतियों तथा शासन के विषय में उनके विचार अलग-अलग हों, लेकिन सार्वजनिक धन की सुरक्षा के मामले में उनका दायित्व साझा है। लोक लेखा समिति का संचालन संवाद, सहयोग, आम सहमति और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना से होना चाहिए। इसका उद्देश्य किसी व्यक्ति अथवा सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक धन का दुरुपयोग अथवा अपव्यय न हो, वित्तीय अनियमितताओं और धन के रिसाव को रोका जाए तथा कार्यपालिका जनता के प्रति जवाबदेह बनी रहे।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

1	**कार्य का नाम व स्थान :** दिल्ली मंडल में कैटेनरी तार का संवर्धन/प्रतिस्थापन (सातवां चरण)।
2	**अनुमानित लागत :** रु. 1,80,29,018.38/-
3	**बयाना राशि :** रु. 3,60,600/-
4	**ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि :** 12.11.2026 (00.00 बजे) से 26.11.2026 (15.00 बजे तक)
5	**ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय :** 26.11.2026 (15.00 बजे)
6	**निविदा छपाई की लागत :** Capital (PH-36)
7	**वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in**

सं.: 09F-क.वि.-नई दिल्ली-2026-27 दिनांक: 03.11.2026 3847/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPc देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कुलदीप कुमार पुत्र स्वर्गीय काशोराम निवासी बी–225, गली नं. 17, अशोक नगर, शाहदरा, दिल्ली** ने **Case No. 5639/2019 U/S 138 NI Act,** अन्तर्गत थाना **ज्योति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुलदीप कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुलदीप कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **Case No. 5639/2019 U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना ज्योति नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कुलदीप कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
मनीषा माऊ
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)
शाहदरा जिला, कमरा नंबर जी – 05,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/15362/NE/2026(Court Matter)

कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाडी

मुकदमा नं 169 दिनांक 24/07/2026 धारा 127 (6) बी एन एस थाना खोल

गुमशुदा की पहचान–



नाम - थावर सिंह पुत्र ईश्वर सिंह
गांव भालखी (माजरा) थाना खोल
जिला रेवाडी
उम्र-32 साल
कद- 5 फुट 6 इंच
हुलिया- रंग गेहुंआ, गोल, हष्ट पुष्ट शरीर, लाईट कलर की पैंट, काले रंग की शर्ट पैरों में चप्पल पहने हुये
दिनांक 24.12.2025 को थावर सिंह पुत्र ईश्वर गांव भालखी (माजरा) थाना खोल जिला रेवाडी घर से बिना बताये कहीं जाने उपरान्त अभियोग दर्ज कराया है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। यदि किसी थाना या व्यक्ति को इस बारे कोई सूचना प्राप्त होती है तो निम्न नंबरों पर सूचित करें। सूचित करने वाले की पहचान गुप्त रखी जायेगी
1. प्रबन्धक अफसर थाना खोल जिला रेवाडी मो.न. 7056666128
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रेवाडी -01274-225156,9306952004
3. अनुसधान कर्ता थाना खोल मो.न. 9416885021

पीआरडीएच-1084/11/5569/2027/50766/88/7 दि. 03.11.26

अभियोग संख्या 199 दिनांक 02.11.26 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सिविल लाईन रोहतक ।

गुमशुदा की पहचान बारे



नाम-नीरज कुमार
पिता/पति- पुत्र तोताराम
पता-निवासी गाँव कुन्दौली जिला हरदोई उत्तरप्रदेश हाल वासी गाँव आसोदा जिला झज्जर
उम्र-29 वर्ष
कद-5 फुट 6 इंच
हुलिया- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, चेहरे पर हल्की दाढी
दिनांक 31.10.26 को नीरज कुमार पुत्र तोताराम गाँव कुन्दौली जिला हरदोई उत्तरप्रदेश हाल वासी गाँव आसोदा जिला झज्जर बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया है। उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।
1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन-रोहतक- 7082999117
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247894,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईन रोहतक- 7015677410

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

डी.डी न. 15 दिनांक 29.10.26 धारा 194 BNSS थाना आर्य नगर रोहतक।

अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे



नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम - नामालूम
पता - नामालूम।
उम्र-लगभग 40 वर्ष ।
कद- लगभग 5 फुट 6 ईच
हुलिया- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, सफेद रगं की टी-शर्ट पहन रखी है
दिनांक 29.10.26 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की पटेल नगर, जिला रोहतक में पता नामालूम मृत अवस्था में अज्ञात कारण से मिली नाश थी। जिसके परिजनों का अभी तक कोइं सुराग नहीं लगा है।
थाना आर्य नगर रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतु 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।
1. प्रबन्धक थाना आर्य नगर रोहतक - 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक - 9812925656

पीआरडीएच-1084/11/5570/2027/50767/88/7 दि. 03.11.2026

खबर संक्षेप

हरियाणा में बेरोजगारों को मिलेंगे 2000 रुपए

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार की शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत



आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के तहत 12वीं पास युवाओं को 1200 रुपएऔर स्नातक या इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवाओं को 2000 रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। 30 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

'टीम यूरोप पवेलियन' पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत मंडपम में आयोजित 'भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एवं



एक्सपो-2026' के दौरान 'टीम यूरोप पवेलियन' पहुंचे। यह सम्मेलन 2 से 5 नवंबर तक हो रहा। भारत-ईयू स्वच्छ ऊर्जा एवं जलवायु साझेदारी की सराहना की। स्वच्छ ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, स्मार्ट ग्रिड में सहयोग को मजबूत किया जा रहा है।

जयपुर में बड़ी कार्रवाई 35 हजार लीटर घी जब्त

जयपुर। यहां फूड सिक्योरिटी विभाग की टीम ने मिलावट के शक में करीब 35 हजार लीटर घी जब्त



किया। टीम ने एक मैन्युफैक्चरिंग और पैकेजिंग फैक्ट्री को भी सील कर दिया। यह कार्रवाई राज्य सरकार के 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत की। खाद्य सुरक्षा टीम ने हिमालय डेयरी प्रोडक्ट्स की फैक्ट्री का निरीक्षण किया।

आज 'ई-फाइलिंग 3.0' पर कार्यशाला करेगी सरकार

नई दिल्ली। न्याय विभाग, कानून एवं न्याय मंत्रालय की ओर से बुधवार को को 'ई-फाइलिंग 3.0: प्रक्रिया से व्यवहार तक' विषय पर कार्यशाला आयोजित होगी। ई-कोर्ट्स मिशन मोड परियोजना के तहत होने वाली यह कार्यशाला विज्ञान भवन स्थित हॉल नंबर-5 में दोपहर 2 बजे से शुरू होगी।कानून एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल होंगे।



अनिल ग्रुप की 510 करोड़ की संपत्ति कुर्क

मुंबई। ईडी ने बैंक धोखाधड़ी और वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में रिलायंस अनिल



अंबानी ग्रुप पर एक बार फिर बड़ा कानूनी शिकंजा कसा है। समूह से जुड़ी कंपनियों के बैंक फ्रॉड मामलों में 510.17 करोड़ मूल्य की संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। जब्त कुल परिसंपत्तियों का आंकड़ा 23,100 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है।

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में लखनऊ में बोले चौहान

कर्जन, जिन्ना के बाद राहुल गांधी तीसरी बार भारत को बांटने की साजिश रच रहे हैं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर देश को विभाजित करने की साजिश रचने का आरोप लगाया

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने और देश को विभाजित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश को बांटने की पहली साजिश 1905 में लॉर्ड कर्जन ने की थी। दूसरी 1947

■ वोट चोरी पर वार पलटवार

में मोहम्मद अ ली जिन्ना ने की थी।

उन्होंने एसआईआर का बचाव करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दल अवैध प्रवासियों ,फर्जी मतदाताओं के हितों की रक्षा के लिए इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं। चौहान ने यहां 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की तथा कहा कि उनके नेतृत्व ने देश और राज्य में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाए हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी जी और योगी जी ने उत्तर प्रदेश में सचमुच कुछ असाधारण एवं ऐतिहासिक किया है।



कांग्रेस ने कई राज्यों में वजूद खोया

चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने कई राज्यों में अपना राजनीतिक असर खो दिया है, ऐसे में उसके साथ जुड़ने से उसके सहयोगी दलों को भी राजनीतिक नुकसान होगा। कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन लोकतंत्र को हिंसा और अव्यवस्था वाले तंत्र में बदलना चाहते हैं क्योंकि वे चुनावी राजनीति के जरिए भाजपा और राजग को हरा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब वे लोगों के बीच हमें हरा नहीं पाए, तो उन्होंने दूसरे तरीके आजमाने शुरू कर दिए।

विदेशी ताकतें ऐसे अभियानों को बढ़ावा दे रही हैं

शिवराज ने आरोप लगाया कि आज, राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन देश को बांटने एवं इसे अराजकता की आग में धकेलने की तीसरी साजिश की कोशिश कर रहे हैं। चौहान ने दावा किया कि विदेशी ताकतें ऐसे अभियानों को बढ़ावा दे रही हैं। विदेशी ताकतों के सहारे राहुल देश से खिलवाड़ कर रहे हैं।

करोड़ों लोग अपने पते पर नहीं मिले

चौहान ने वोट चोरी के विपक्ष के आरोपों पर सवाल उठाते हुए कहा कि एसआईआर मरे हुए लोगों और अपने पंजीकृत पते से गए हुए मतदाताओं के नाम हटाने के लिए जरूरी था। उन्होंने कहा कि लगभग 3 करोड़ मतदाता अपने पंजीकृत पते पर नहीं मिले, जबकि 6.3 करोड़ अपनी पिछली जगहों से चले गए थे।

बरेली में नड्डा ने किया विपक्ष पर वार

चुनाव हारने पर विपक्ष ईवीएम को ठहरा रहा जिम्मेदार



बरेली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि वह लगातार निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाता है और चुनाव हारने के बाद अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है। नड्डा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में शामिल होने के लिए मंगलवार को बरेली में थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष का एकमात्र काम भ्रम फैलाना है। वह लगातार निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाता है और चुनाव हारने के बाद अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है।

अनुराग का राहुल पर पलटवार

वोट चोरी नहीं हुई, कांग्रेस को जनता ने वोट देना ही बंद कर दिया



चंडीगढ़। भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर वोट चोरी के मुद्दे पर देश में भ्रम फैलाने, संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वोट चोरी नहीं हुई, बल्कि जनता ने कांग्रेस को वोट देना बंद कर दिया है।कांग्रेस हार का ठीकरा कभी ईवीएम, चुनाव आयोग और कभी एसआईआर पर फोड़ रही है। राहुल के 13 करोड़ लोगों के वोट कटने के दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि इतने बड़े स्तर पर वोट काटे गए हैं तो कांग्रेस नाम और प्रमाण दे।

राहुल के विदेशी मदद वाले बयान पर बोले रिजिजू

दुश्मनों का एजेंडा आगे बढ़ा रहे



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगाए गए आरोपों के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। राहुल ने दावा किया कि मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और इसी के सहारे पद पर बने हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती भी दी। अब केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने राहुल पर भारत के दुश्मनों का एजेंडा आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि यह वैसा ही है, जैसे इस्लामी कट्टरपंथी धर्मनिरपेक्षता की बात करें, अलगाववादी भारतीय झंडा लेकर चलें और अराजकतावादी संविधान की किताब दिखाएं।

भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने उठाए गंभीर सवाल

राहुल गांधी और विपक्ष पर अराजकता की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया और एक मीडिया स्टिंग ऑपरेशन का हवाला देते हुए राहुल गांधी और विपक्ष पर हिंसा, अराजकता तथा तख्तापलट की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि फ्रांस, नेपाल और बांग्लादेश जैसे हालात पैदा करने वाले कथित बयानों, महिलाओं को प्रदर्शन में ढाल बनाने की रणनीति और प्रतिदिन पांच लाख रुपए की फंडिंग के खुलासे पर गंभीर सवाल उठाए। भाटिया ने विदेशी संगठनों से कथित संबंधों की जांच की मांग करते हुए कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन प्रदर्शन शांतिपूर्ण और अहिंसक होना चाहिए। भाटिया ने कहा कि आज भारत विश्व पटल पर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब भी विश्व के सामने कोई समस्या आती है, तो पूरा विश्व भारत की ओर देखता है। भारत की सबसे बड़ी विशेषता उसकी लोकतांत्रिक सरकार, संविधान के प्रति सम्मान और पिछले 12 वर्षों की राजनीतिक स्थिरता है।

दूसरी ओर, भारत में एक ऐसा विपक्ष भी है, जिसकी कार्यशैली पर अराजकता और संविधान विरोधी गतिविधियों के आरोप लगते रहे हैं। यह विपक्ष 'रिजीम चेंज' यानी तख्तापलट की बात करता है। आखिर यह तख्तापलट कैसे करेगा? एक बड़े और विश्वसनीय मीडिया संस्थान ने स्टिंग ऑपरेशन किया, जिसमें कई तथ्य उजागर हुए। इन तथ्यों पर विभिन्न समाचार चैनलों में रोज चर्चा होती रही और आम नागरिक भी इस विषय पर चर्चा कर रहे थे। इस स्टिंग ऑपरेशन के माध्यम से यह सामने आया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व वाले इस विपक्ष का वास्तविक मॉडल क्या है।

गौरव भाटिया ने कहा कि यह अपने आप में दिखाता है कि विपक्ष देशविरोधी ताकतों के साथ मिलकर भारत को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। जब वे मतों के माध्यम से सत्ता हासिल नहीं कर पाते, तो हिंसा और अराजकता के जरिए तख्तापलट करना चाहते हैं।

इससे यह बात बिल्कुल स्पष्ट हो जाती है कि वे वोट के माध्यम से नहीं, बल्कि लोकतंत्र को चोट पहुंचाकर अपने उद्देश्य हासिल करना चाहते हैं। राहुल गांधी, अखिलेश यादव और ममता बनर्जी जैसे दगे कारतूस चुनाव हार रहे हैं। अखिलेश यादव 2027 में भी हारेंगे। ये सभी विध्वंसक ताकतें एकजुट होकर सोचती हैं कि वे भारत के मजबूत लोकतंत्र पर चोट कर पाएंगी, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है।

लद्दाख विश्वविद्यालय का छात्र संघ चुनाव

अभाविप ने 8 में से 5 सीट जीतीं नामग्याल अध्यक्ष, त्सेरिंग उपाध्यक्ष



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने लद्दाख विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में 8 में से 5 सीट जीती हैं। अभाविप ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छात्र शाखा अभाविप के अनुसार हाल में हुए इस चुनाव में दावा नामग्याल को अध्यक्ष, त्सेरिंग यांगडोल को उपाध्यक्ष, स्टैनज़िन रिग्डोल को महासचिव, राब्सकिट डोलमा को संयुक्त सचिव और तेनज़िन त्सेवांग को खेल सचिव चुना गया। परिषद की जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख इकाई के सचिव सन्नक श्रीवत्स ने कहा कि यह जीत छात्र कल्याण, शैक्षणिक विकास और रचनात्मक नेतृत्व के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता में विद्यार्थियों के भरोसे को दर्शाती है। ऐसी जीत हासिल करना पूरे अभाविप परिवार के लिए गर्व की बात है। यह जनादेश एक स्पष्ट संदेश देता है कि 'जेन जी' अभाविप के साथ है और जिम्मेदार छात्र नेतृत्व के इसके दृष्टिकोण में विश्वास रखता है।

आंध्र प्रदेश में चक्रवात मुरासु ने बरपाया कहर, जीवन अस्त- व्यस्त

10,805 लोग 171 राहत शिविरों में शिफ्ट

एजेंसी ▶▶ अमरावती

चक्रवात 'मुरासु' के कारण 15 जिलों में 30.661हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में खड़ी फसलें प्रभावित हुई हैं। सर्वाधिक प्रभावित जिलों में कृष्णा, बापटला और नंद्याल शामिल हैं। धान, कपास और मक्के की फसले बर्बाद हो गई। 10,805 लोगों को चक्रवात राहत केंद्रों में पहुंचाया गया। राज्य सरकार ने 171 राहत शिविर स्थापित किए हैं और 14,810 भोजन के पैकेट वितरित किए हैं।



ओडिशा में भूस्खलन के बाद लापता 10 लोगों की तलाश तेज

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने गंजाम-कंधमाल सीमा पर पहाड़ी गांव में भूस्खलन के बाद लापता हुए 10 लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान तेज कर दिया है। लोगों की तलाश के लिए जमीन के भीतर की वस्तुओं का पता लगाने वाले रडार (जीपीआर) और अन्य विशेष उपकरणों की मदद ली जा रही है। पिछले सप्ताह चक्रवात 'अर्नब' के दौरान बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद ये 10 लोग लापता हो गए थे।

खबर संक्षेप

तेल-गैस क्षेत्र में विदेशी निवेश बढ़ाने की तैयारी

नई दिल्ली। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने वैश्विक ऊर्जा कंपनियों से भारत के तेल और गैस क्षेत्र में निवेश करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से नियमों में ढील, मंजूरी प्रक्रिया आसान करने और कानूनी विवादों को बातचीत से सुलझाने की पहल से निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा।लंदन में आयोजित इंडिया एनर्जी बिड प्रमोशन रोडशो के बाद अग्रवाल ने कहा कि सरकार अब लंबी मंजूरी प्रक्रिया के बजाय स्व-प्रमाणन को बढ़ावा देने के लिए तैयार है।

राज्य स्तरीय चर्चा का आयोजन किया

नोएडा। नैसकॉम फाउंडेशन और इसरा ने सिस्को के इंडिया कैश ग्रांट प्रोग्राम के सहयोग से लखनऊ, उत्तर प्रदेश] में एक्सेस टू एम्पावरमेंटः स्ट्रेथनिंग डिजिटल इंक्लूजन एंड ई-गवर्नेंस फॉर ट्राइबल एंड मार्जिनलाइज्ड कम्युनिटीज विषय पर एक राज्य स्तरीय चर्चा का आयोजन किया। एक्सेस टू एम्पावरमेंट - ई-गवर्नेंस पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मकसद राज्य भर के पिछड़े समुदायों के लिए डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना है।

मानस्वी मान नेशनल सोशल सिक्योरिटी बोर्ड में नॉमिनेट

मुंबई/बेंगलुरु। रैपिडो, भारत का लीडिंग राइड-शेयरिंग और मोबिलिटी प्लेटफॉर्म हैं, जो भारत सरकार द्वारा बनाए गए गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए नेशनल सोशल सिक्योरिटी बोर्ड में रैपिडो की जनरल काउंसिल और कॉर्पोरेट अफेयर्स तथा पब्लिक पॉलिसी की हेड मानस्वी मान के नॉमिनेशन का स्वागत करता है। बोर्ड के गठन को मिनिस्ट्री ऑफ लेबर एंड एम्प्लॉयमेंट द्वारा एक एक्स्ट्राऑर्डिनरी गजट नोटिफिकेशन के जरिए फॉर्मली नोटिफाई किया गया था। रिप्रेजेंटेशन के लिए चुनी गई पांच प्लेटफॉर्म कंपनियों में रैपिडो एकमात्र ऐप-बेस्ड पैसेंजर मोबिलिटी एग्रीगेटर है।

सेबी निवेशकों को देने जा रही बड़ी राहत, एलटीसीजी टैक्स हटाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में घरेलू निवेशकों को राहत देने और साथ ही विदेशी निवेश बढ़ाने के लिए बाजार नियामक सेबी ने सरकार को टैक्स बदलावों की सिफारिश की है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के हवाले से बताया है कि सेबी ने विदेशी निवेशकों पर लगने वाला लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स को हटाने की सिफारिश की है। यही नहीं, सेबी ने घरेलू म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए भी राहत का प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव ये है कि अगर निवेशक एक साल से ज्यादा समय से रखी अपनी म्यूचुअल फंड यूनिट बेचकर दूसरी स्कीम में निवेश करते हैं, तो इस स्विच को टैक्सेबल बिक्री नहीं माना जाए।

विदेशी निवेशकों पर लगने वाला लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स हटाने की सिफारिश

निवेशकों को अभी लगता है इतना टैक्स ?

मौजूदा नियमों के मुताबिक, एक साल से ज्यादा समय तक रखी गई सिक्योरिटीज पर फिलहाल 12.5 प्रतिशत लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स लगता है। एक साल या उससे कम अवधि में बेची गई सिक्योरिटीज पर शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स 20 प्रतिशत है। इसके अलावा शेयरों की खरीद-बिक्री पर एसटीटी यानी सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स और डिविडेंड पर विदहोल्डिंग टैक्स भी लागू होता है।



विदेशी निवेशकों का रिटर्न बढ़ सकता है

सेबी का कहना है कि इक्विटी निवेश से जुड़े ट्रांजैक्शन कॉस्ट दूसरे बाजारों के मुकाबले काफी ज्यादा हैं। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज के मुताबिक, कैपिटल गेन्स टैक्स में कटौती से विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय बाजार अधिक आकर्षक हो सकता है और पोर्टफोलियो निवेश बढ़ सकता है।

घरेलू म्यूचुअल फंड निवेशकों को भी राहत का प्रस्ताव

सेबी ने घरेलू म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए भी टैक्स राहत की सिफारिश की है। सूत्रों के मुताबिक, अगर निवेशक एक साल से ज्यादा समय तक रखी गई म्यूचुअल फंड यूनिट्स को बेचकर दूसरी स्कीम में निवेश करते हैं, तो इस बदलाव को टैक्सेबल बिक्री नहीं माना जाना चाहिए। इसका मकसद निवेशकों को घरेलू म्यूचुअल फंड में निवेश बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। भारत के म्यूचुअल फंड उद्योग के पास 82.6 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है।

लगातार बिकवाली से रुपए पर दबाव

सूत्रों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों से लगातार बातचीत के दौरान टैक्स व्यवस्था में बदलाव की मांग प्रमुखता से सामने आई। सेबी ने पिछले दो साल में विदेशी निवेशकों के साथ कई बैठकें की हैं। लगातार बिकवाली से रुपए पर भी दबाव पड़ा है। एक सूत्र ने कहा कि प्रस्तावों का मकसद विदेशी निवेशकों पर शुरुआती टैक्स बोझ कम करना है। बता दें कि पिछले दो साल में निफ्टी 50 में 4.8 फीसदी की गिरावट आई है।

वाणिज्य मंत्री ने दोनों मुद्दे देश के लिए 'बहुत संवेदनशील' बताए

भारत ने कभी जीएम उत्पादों के आयात की अनुमति नहीं दी, डेयरी क्षेत्र भी नहीं खोलेगा: गोयल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत ने किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में अपने डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है और आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) उत्पादों के आयात की अनुमति भी नहीं देगा। उन्होंने इन दोनों मुद्दों को देश के लिए बहुत संवेदनशील बताया। राष्ट्रीय राजधानी में किरोड़ीमल कॉलेज के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि भारत ने किसी भी संवेदनशील वस्तु पर ''कभी भी'' समझौता नहीं किया है और व्यापार समझौतों में हमेशा अपने किसानों, मछुआरों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की रक्षा की है। ''

भारत ने किसी भी संवेदनशील मुद्दे पर कभी समझौता नहीं किया

किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के हितों की रक्षा की

समुद्री उत्पाद में हमारी स्थिति मजबूत

गोयल ने व्यापार समझौतों से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा, ''हम कुछ कृषि उत्पादों और कुछ ऐसी वस्तुओं के मामले में बाजार खोलने को लेकर बहुत संवेदनशील हैं जिनमें हमारी मजबूत स्थिति है, जैसे समुद्री उत्पाद। हम अपना डेयरी क्षेत्र खोलने को लेकर बहुत संवेदनशील हैं। वास्तव में, आज तक हमने किसी के लिए भी डेयरी क्षेत्र नहीं खोला है।



हमारा प्रयास रोजगार के अवसर बढ़ाना

'रेनेट' पनीर बनाने में इस्तेमाल होने वाला एक एंजाइम है, जिसे परंपरागत रूप से छोटे बछड़ों के पेट की अंदरूनी परत से निकाला जाता है। मंत्री ने कहा, ''हमारा प्रयास रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ अपने उन उत्पादों के लिए नए बाजार खोलना है, जिनमें हम प्रतिस्पर्धी हैं और जिनसे भारत के बड़े हिस्से, हमारे एमएसएमई, कृषि क्षेत्र के किसानों तथा सभी को बड़े पैमाने पर लाभ मिल सकता है।''

विदेशों के डेयरी उत्पाद में 'रेनेट' का उपयोग

वाणिज्य मंत्री ने कहा, हम भारत में किसी भी जीएम उत्पाद को आने देने के मामले में बहुत संवेदनशील हैं। हमने कभी इसकी अनुमति नहीं दी है और भविष्य में भी ऐसा नहीं करेंगे। हम अपनी धार्मिक संवेदनशीलताओं को लेकर भी सतर्क हैं। अक्सर विदेशों में डेयरी उत्पाद बनाने के दौरान बछड़े के मांस या 'रेनेट' का इस्तेमाल किया जाता है...हम भारत में इसकी अनुमति नहीं देते।

आबादी का बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर

ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर है और इनमें ज्यादातर छोटे तथा सीमांत किसान हैं। नीति-निर्माताओं को आशंका है कि जीएम फसलों का सस्ता और बड़े पैमाने पर आयात, खासकर विकसित देशों की अत्यधिक मशीनीकृत और सब्सिडी वाली कृषि प्रणालियों से होने वाला आयात, घरेलू कीमतों को नीचे ला सकता है और ग्रामीण आय को नुकसान पहुंचा सकता है।

तरजीही बाजार पहुंच हासिल करने का प्रयास

गोयल ने कहा कि भारत हमेशा कपड़ा, दवा, कृषि उत्पादों तथा रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्रों के लिए तरजीही बाजार पहुंच हासिल करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा, ''ये सभी हमारे हित के क्षेत्र हैं, जिनके लिए हम तरजीही बाजार पहुंच हासिल करने का प्रयास करते हैं। भारत से आने वाले सामान पर लगाए जाने वाले शुल्क हमारी प्रतिस्पर्धी देशों- इंडोनेशिया, मलेशिया, वियतनाम, चीन और फिलिपीन...की तुलना में कम हों।''

विनिर्माण को बड़े पैमाने पर बढ़ावा

वाणिज्य मंत्री ने कहा, ''हमारा प्रयास है कि भारत को अपने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले तरजीही दर मिले।'' रोजगार के बारे में उन्होंने कहा कि सरकार देश में विनिर्माण को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है। गोयल ने कहा, हम विनिर्माण और अधिक सरकारी नौकरियों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। नियमित रोजगार तलाशने वालों के लिए अधिक अवसर पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं

फाइजर के लाभ में 65.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। दवा कंपनी फाइजर लिमिटेड का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 65.72 प्रतिशत बढ़कर 313.25 करोड़ रुपये हो गया। विशेष मद से प्राप्त लाभ इसकी वजह रही। फाइजर ने मंगलवार को शेयर बाजारों यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में उसे 189 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। फाइजर इंक ने अमेरिका से समीक्षाधीन तिमाही में 132.06 करोड़ रुपये का विशेष लाभ दर्ज किया है।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPc/84BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशीष उर्फ आशु पुत्र गोविंदा निवासी ई–82/ए–14, सारदपुरी–II, दिल्ली** ने **FIR No. 316/2026 U/S 20/29 NDPS Act, अन्तर्गत थाना पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष उर्फ आशु** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष उर्फ आशु** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 316/2026 U/S 20/29 NDPS Act, अन्तर्गत थाना पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आशीष उर्फ आशु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री राम लाल मीणा
विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस)
पूर्वी जिला, कक्ष नं. 311
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/15394/ED/2026(Court Matter)

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

DDE NO 45 दिनांक 02.11.2026 धारा 194 बी.एन.एस. एस. थाना बहालगढ जिला सोनीपत ।

नाश की पहचान

नाम- नामपता नामालूम ।
पिता का नाम-नामालूम ।
पता- नामालूम ।
कद-5 फुट 2 इंच ।
उम्र-करीब 35 वर्ष।
हुलियाः रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, पानी में डूबने के कारण पूरा शरीर फुला हुआ, जीभ व आँखे बाहर निकली हुई।
पहनावाः- ग्रे रंग का फूलदार सूट, हरे रंग की सलवार पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.11.2026 को एक नामपता नामालूम महिला की नाश NH44 से राठधाना रोड़ पर गाँव लिवासपुर के तालाब मे गली-सडी अवस्था में मिली है। नाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है। नाश की शिनाख्त के लिए सरकारी हस्पताल सोनीपत की मोर्चरी में 72 घटें के लिए रखवाया गया है। अगर किसी को उपरोक्त नाश के बारे कोई सुराग/सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो. न. - 7419410539
अनुसंधान कर्ता मो. न. - 9466711913
पुलिस कन्ट्रोल रूम सोनीपत- 0130-22229

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/5567/2027/50762/88/7 दि. 03.11.2026

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

बाजार में चौथे दिन तेजी; सेंसेक्स 1,225 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,800 अंक के पार

मुंबई (भाषा)। कच्चे तेल के दाम में नरमी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से घरेलू शेयर बाजार में तेजी का सिलिसिला मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,225 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,800 अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,225.07 अंक यानी 1.62 प्रतिशत चढ़कर 76,917.85 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 370.05 अंक यानी 1.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,810.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, टाटा स्टील और ट्रेंट शामिल हैं। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.87 प्रतिशत और छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप में 0.60 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

सोना 700 रुपये टूटकर 1.41 लाख रुपये पर

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बिकवाली और कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के बीच निवेशकों के द्वारा सतर्क रुख अपनाने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 700 रुपये टूटकर 1,41,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार के 1,42,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 700 रुपये टूटकर 1,41,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में स्थिर रही चांदी की कीमत में भी गिरावट दर्ज की गई। चांदी 2,000 रुपये टूटकर 1,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जबकि सोमवार को इसका भाव 1,86,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेतों और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के बीच मंगलवार को सोने की कीमतों में तेजी का रुख कमजोर पड़ गया।'' उन्होंने कहा कि हालांकि, त्योहारी सत्र नजदीक आने से घरेलू सर्राफा कीमतों को सहारा मिल सकता है। धनतेरस और दिवाली से पहले सोने की खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि इन त्योहारों के दौरान सोना खरीदना शुभ माना जाता है।

OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER MUNICIPAL COUNCIL KANKER

S.No. 1046/PWD/ONLINE TENDER — Kanker/Dated 03.11.2026

E-procurement Tender Notice
Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in

S. No.	NIT. No.	System Tender no.	Name of work	Probable Amount of Contract (In Lakh)	Earnest Money (In Lakh)	Class of Contractor	Last Date and Time For Downlode Tender
1	1040	203327 (1st Call)	Rejuvenation of Water body including ecological restoration and public amenities with Five (05) years Operation & Maintenance in Dudhawa Talab, at Ward No. 19 Kanker, Chhattisgarh under AMRUT 2.0.	Rs. 427.38	Rs. 2.14	In Class B or Above	25.11.2026 till 5.30 pm
2	1042	203356 (2nd Call)	Construction of CC Top And RCC Drain on bus stand at Nagar pali-ka kanker under Adhosarchna Budget	Rs. 125.82	Rs. 0.95	In Class C or Above	25.11.2026 till 5.30 pm

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 03.11.2026 at 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Chief Municipal Officer
Municipal Council KANKER
District- North Bastar Kanker (C.G.)

रुपया नौ पैसे मजबूत होकर 94.75 प्रति डॉलर पर

मुंबई (भाषा)। रुपया मंगलवार को नौ पैसे मजबूत होकर 94.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में भारी लिवाली के बीच विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी ने रुपये की बढ़त को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.68 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह मजबूत होकर 94.60 प्रति डॉलर के उच्चस्तर तक पहुंच गया। कारोबार के अंत में रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे की बढ़त के साथ 94.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपया सोमवार को आठ पैसे टूटकर 94.84 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इससे पहले शुक्रवार को इसमें 50 पैसे की मजबूती दर्ज की गई थी। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि घरेलू बाजारों में तेजी और डॉलर में नरमी से रुपये को समर्थन मिला।

स्वास्थ्य विभाग जिला नूंह (मेवात) में भर्ती करने बारे सूचना।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य विभाग जिला नूंह के अंतर्गत कार्यालय सिविल सर्जन नूंह में Addiction Treatment Facilities (ATF) कार्यक्रम के तहत दिनांक 05.11.2026 से 12.11.2026 तक Doctor (Medical Officer) का रिक्त पद वर्ष 2026-27 के लिए दिनांक 31.03.2027 तक अनुबन्ध आधार पर भरा जाना है। इस पद की शैक्षणिक योग्यता, शर्तें व नियम तथा आवेदन फॉर्म स्वास्थ्य विभाग नूंह की वेबसाइट www.healthdepartmentmewat.org पर देखें व डाउनलोड करें। सभी आवेदन फॉर्म सभी कार्यदिवस में प्रातः 09:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक सिविल सर्जन कार्यालय, नूंह एट मांडीखेडा में जमा किए जाएंगे।

Sd/- Civil Surgeon-cum-Member Secretary
District Health & Family Welfare Society
Mewat at Mandikhera

पीआरडीएच-1058/11/1473/2027/50761/88/7 दि. 03.11.26

राशिफल

मेष — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

वृष — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

मिथुन — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

कर्क — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

सिंह — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

कन्या — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।

तुला — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

वृश्चिक — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।


धनु — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

मकर — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

कुंभ — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

मीन — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

शब्द पहेली - 6398



बाएँ से दाएँ
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

ऊपर से नीचे
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

शब्द पहेली- 6397 का हल

	ब	ल	शा	ली		रु	ख	सा	र	
अ	न		ली		प	त	न		जा	न
न		ज	मा	दा	र		न	म		फा
म	ग	रु	र			आ		द	र	स
ना		र		अ	ज	ग	र		वा	त
	मि	त	वा		ही		स	प	ना	
म	ल		दा	वा	न	ल		रा		फि
त	न	य		ल			ह	ज	र	त
ल		म	त		का	र्या	ल	य		र
बी	ज		म	का	न		च		सा	त
	य	ल	गा	र		ब	ल	शा	ली	



रोहित-विराट पर रहेंगी नजरें, अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के साथ न्यूजीलैंड से भिड़ेगा भारत



आज से भारत-न्यूजीलैंड के बीच 5 मैचों की वनडे सीरीज

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

रोहित शर्मा और विराट कोहली पर एक बार फिर से सभी की निगाहें टिकी रहेंगी लेकिन भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के कारण न्यूजीलैंड बुधवार से शुरू होने वाली 5 मैचों की वनडे श्रृंखला में बेहतर स्थिति में नजर आ रहा है। वनडे श्रृंखला के बाद होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखकर जसप्रीत बुमराह को विश्राम दिया गया है जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं।

ऐसे में अनुभवी मोहम्मद सिराज को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी होगी। सिराज के अलावा भारतीय टीम में शामिल अन्य चार विशेषज्ञ गेंदबाजों अर्शदीप सिंह (18), गुरनूर बराड़ (09), अंशुल कंबोज और औकिब नबी (एक-एक) के पास कुल मिलाकर 29 वनडे मैचों का अनुभव है।



19 नवंबर को पहला टेस्ट मैच

टौरंगा में पांचवें और अंतिम वनडे के तुरंत बाद शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए अंतिम दो वनडे में भारत के कुछ स्टार खिलाड़ी नहीं खेलेंगे। वनडे श्रृंखला 15 नवंबर को समाप्त होगी और पहला टेस्ट मैच 19 नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा। कप्तान शुभमन गिल भी टेस्ट मैचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आखिरी दो वनडे मैचों में नहीं खेलेंगे।

हमें कार्यभार का प्रबंधन करना होगा : गिल

गिल ने कहा, 'अगर वनडे श्रृंखला और टेस्ट श्रृंखला के बीच कुछ अधिक अंतराल होता तो हम सभी पांच मैच में खेलते लेकिन वनडे और टेस्ट मैचों के बीच बहुत कम अंतराल होने के कारण हमें कार्यभार का प्रबंधन करना होगा। इसलिए टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी आखिरी दो वनडे नहीं खेल पाएंगे।' दक्षिण अफ्रीका की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में चौथे नंबर पर काबिज भारत के लिए फाइनल में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। उसे अब बाकी बचे सात टेस्ट मैचों में से कम से कम छह जीतने होंगे और साथ ही यह भी उम्मीद करनी होगी कि कुछ अन्य मैचों के परिणाम उसके अनुकूल रहें। यही वजह है कि भारत टेस्ट श्रृंखला को ज्यादा प्राथमिकता दे रहा है।

ईडन पार्क की बाउंड्री बेहद छोटी

ईडन पार्क की सीधी बाउंड्री बेहद छोटी हैं और उसकी दूरी केवल 55 मीटर है। ऐसे में भारत सिराज, अर्शदीप सिंह और लंबे कद के गुरनूर बराड़ को अंतिम एकादश में रख सकता है। हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति के कारण कुलदीप यादव के लिए अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो रहा है भले ही उन्होंने भारत के वर्तमान गेंदबाजी आक्रमण में सर्वाधिक 201 विकेट लिए हैं। लेकिन 11 से 40 ओवर के बीच सर्कल के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षकों को ही अनुमति दी जाती है और ऐसे में बीच के ओवर अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। इसलिए कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

न्यूजीलैंड टीम में अधिकतर खिलाड़ी उम्रदराज

भारत अगर तेज गेंदबाजी विभाग में कमजोर है तो न्यूजीलैंड की टीम में अधिकतर खिलाड़ी उम्रदराज हैं। उसकी वनडे टीम की औसत आयु 34 से 35 के बीच है। ऐसे में कप्तान मिचेल सैंटनर ने संकेत दिए कई खिलाड़ियों के लिए 2027 में होने वाला वनडे विश्व कप आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है। इन खिलाड़ियों में वह भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे अधिकतर खिलाड़ियों की उम्र लगभग 34 या 35 के आसपास है। वनडे विश्व कप के बाद, सारा ध्यान फिर से टी20 क्रिकेट पर केंद्रित हो जाएगा। मुझे अभी तक किसी खिलाड़ी ने अपनी भावी योजना के बारे में नहीं बताया है, लेकिन ऐसा हो सकता है।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे

खबर संक्षेप



चेक ओपन : सेंथिलकुमार ने जीता खिताब

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ब्रनो में खेले गए 35,000 अमेरिकी डॉलर इनामी चेक ओपन का खिताब जीता। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज स्कॉटलैंड के ग्रेग लोब्बन को चार गेम तक चले मैच में हराया। विश्व में 42वें नंबर के खिलाड़ी और यहां चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने लोब्बन को 13-11, 11-5, 8-11, 11-7 से पराजित करके अपना 12वां पीएसए टूर खिताब जीता। यह उनका दूसरा कॉपर-स्तरीय खिताब है। इससे पहले उन्होंने अगस्त में बुडापेस्ट ओपन के रूप में अपना पहला कॉपर-स्तरीय खिताब जीता था।

विश्व चैंपियनशिपः भारतीय टीम ने जीता स्वर्ण पदक



दोहा। भारत के रविंदर सिंह, सौरभ चौधरी और अमनप्रीत सिंह की तिकड़ी ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रविंदर ने इस स्पर्धा का व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया। यह स्पर्धा ओलंपिक प्रतियोगिताओं की सूची में शामिल नहीं है। रविंदर भारत के सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने कुल 559 अंक प्राप्त किए। कई बार विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत चुके सौरभ ने 551 अंक हासिल किए जबकि अमनप्रीत सिंह ने 549 अंक बनाए। इस तरह भारतीय टीम ने कुल 1659 अंक हासिल किए। चीन के झांग बिंगचेन, ल्यू जुनयी और फेंग लिनलांग ने कुल 1648 अंक हासिल कर रजत पदक जीता।

एक साल के लिए स्थगित एशियाई कप



कुआलालंपुर। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष और मेजबान सऊदी अरब में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण 2027 में होने वाले एशियाई कप को लगभग एक साल के लिए स्थगित कर दिया है। एएफसी ने कहा कि सऊदी अरब के आयोजकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद उन्होंने इस टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला किया। पहले यह टूर्नामेंट अगले साल सात जनवरी से शुरू होना था लेकिन अब यह 23 दिसंबर 2027 से खेला जाएगा। एएफसी ने 23 दिसंबर 2027 से 21 जनवरी 2028 तक इस टूर्नामेंट को आयोजित करने का फैसला किया है लेकिन इसे अभी विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा से मंजूरी मिलनी बाकी है।

नाबाद 155 रन की पारी से फॉर्म में लौटे यशस्वी

जायसवाल और राठौड़ की शतकीय पारी न्यूजीलैंड ए के खिलाफ टेस्ट रहा ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच मंगलवार को ड्रॉ समाप्त हुए दूसरे अनौपचारिक टेस्ट क्रिकेट मैच में शतक जड़कर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले अपनी फॉर्म को लेकर भारतीय टीम प्रबंधन को आश्वस्त किया। जायसवाल ने मैच के चौथे और अंतिम दिन न्यूजीलैंड ए के आक्रमण की जमकर धुनाई करते हुए केवल 162 गेंदों में नाबाद 155 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और 5 छक्के शामिल हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने भी नाबाद 100 रन बनाए, जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर 282 रन बनाए। इसके बाद दोनों कप्तान ने मैच ड्रॉ करने पर सहमति जताई। राठौड़ के शतक पूरा करने के तुरंत बाद मैच ड्रॉ समाप्त घोषित कर दिया गया। राठौड़ और जायसवाल ने तीसरे विकेट के लिए 247 रन की अटूट साझेदारी की। राठौड़ ने अपनी 122 गेंदों की पारी में 9 चौके लगाए। भारत ए ने अपनी पहली पारी में 346 रन जबकि न्यूजीलैंड की टीम ने 424 रन बनाए थे।



राठौड़ ने जारी रखी अपनी शानदार फॉर्म

गेंद की उछाल एक समान होने के कारण शॉट लगाना आसान हो गया था। जायसवाल ने स्लॉग स्वीप शॉट से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना 17वां शतक पूरा किया। इसके बाद वह अधिक आक्रामक हो गए और उन्होंने आगे बढ़कर कई दर्शनीय शॉट लगाए।
पहले मैच में 44 और 66 रन बनाने वाले राठौड़ ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और दिखा दिया कि घरेलू क्रिकेट में उन्हें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में क्यों गिना जाता है। उन्होंने चाय के विश्राम के बाद विदेशी धरती पर अपना पहला शतक पूरा किया।

आकर्षण का केंद्र रहे जायसवाल

हैगली ओवल की पिच काफी हद तक सपाट हो गई थी, जिससे बल्लेबाजों के लिए अपने शॉट खेलना बहुत आसान हो गया था। इसका अंदाजा भारत ए के दूसरी पारी में 5.35 के रन-रेट से रन बनाने से लगाया जा सकता है। मैच के अंतिम दिन लगभग 44 ओवर का खेल हुआ और इस बीच जायसवाल आकर्षण का केंद्र रहे। जायसवाल इस पारी से पहले रन बनाने के लिए जूझ रहे थे, जो निश्चित तौर पर मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले चिंता का विषय रही होगी। जायसवाल ने इससे पहले तीन पारियों में 17, पांच और शून्य रन बनाए थे। न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत ए टीम में शामिल होने से पहले उन्होंने चंडीगढ़ के खिलाफ एकमात्र रणजी ट्रॉफी मैच खेला था, जिसमें वह खाता भी नहीं खोल पाए थे।

मैंने सिर्फ अनुशासन पर ध्यान दिया : जायसवाल

यशस्वी जायसवाल ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ शतक बनाकर फॉर्म में वापसी करने के बाद कहा कि उन्होंने इस दौरान अपनी 'प्रक्रिया, दिनचर्या और अनुशासन' पर ध्यान केंद्रित किया। जायसवाल ने ड्रॉ समाप्त हुई दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच की दूसरी पारी में नाबाद 155 रन बनाए। उन्होंने कहा कि यहां की ठंड ने उनके लिए अलग तरह की चुनौती पेश की। जायसवाल ने कहा, ' यहां बहुत ठंड है। गेंद शुरुआत में बहुत घूमती है और सीम मूवमेंट भी बहुत होता है। अच्छे गेंदबाज लगातार सही जगह पर गेंद को पिच कराते हैं। इसलिए हमें रन बनाने के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है।' उन्होंने कहा, 'जब विकेट बेहतर हो जाता है या गेंद पुरानी हो जाती है तो रन बनाना आसान हो जाता है। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह आसान है, लेकिन आप अच्छे शॉट खेल सकते हैं। इसलिए बहुत मजा आया और यहां खेलना अच्छा लगता है। यह एक बिल्कुल अलग तरह का अनुभव है।'

भारतीय पुरुष टीम को 50 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक

विश्व चैंपियनशिप : महिला टीम ने रजत जीता

भाषा ▶▶| दोहा

भारत ने मंगलवार को यहां चल रही आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक और महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता। भारत के रविंदर सिंह, सौरभ चौधरी और अमनप्रीत सिंह की तिकड़ी ने कुल 1659 अंक से पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद इलावेनिल वलारिवान, सोनम उत्तम मास्कर और शांभवी श्रवण क्षीरसागर की तिकड़ी ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में 1894.4 अंक से दूसरा स्थान हासिल किया। भारतीय टीम चीन (1899.8 अंक) से पीछे दूसरे स्थान पर रही जबकि जापान (1892.6 अंक) से कांस्य पदक जीता। इलावेनिल 634.2 अंक से भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहीं जबकि सोनम ने 630.2 अंक और शांभवी ने 629.7 अंक जुटाए। इलावेनिल ने क्वालीफिकेशन दौर में तीसरा स्थान हासिल कर व्यक्तिगत फाइनल में जगह बना ली थी और उनके पास पदक जीतकर भारत के लिए पहला ओलंपिक कोटा हासिल करने का मौका था। लेकिन वह 167.3 अंक के स्कोर से छठे स्थान पर रहकर यह मौका चूक गईं। इससे पहले रविंदर ने इस स्पर्धा का व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया। यह स्पर्धा ओलंपिक प्रतियोगिताओं की सूची में शामिल नहीं है। रविंदर भारत के सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने कुल 559 अंक प्राप्त किए। कई बार विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत चुके सौरभ ने 551 अंक हासिल किए जबकि अमनप्रीत सिंह ने 549 अंक बनाए। इस तरह भारतीय टीम ने कुल 1659 अंक हासिल किए। चीन के झांग बिंगचेन, ल्यू जुनयी और फेंग लिनलांग ने कुल 1648 अंक हासिल कर रजत पदक जीता। वहीं दक्षिण कोरिया की होंग सुह्योन, चोए बोरम और सो सेउंग सेओह की टीम ने 1643 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। व्यक्तिगत स्पर्धा में रूस के एंटोन अरिस्तारखोव ने 561 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। रोमानिया के लुका जोल्डिया ने 558 अंकों के साथ कांस्य हासिल किया।

आईसीसी रैंकिंग : वैष्णवी ने लगाई 53 पायदान की छलांग

दुबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की युवा स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने आईसीसी विमेंस वनडे रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मुकाबलों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद वैष्णवी बॉलिंग रैंकिंग में 53 स्थान ऊपर चढ़कर 94वें नंबर पर पहुंच गई हैं। 20 वर्षीय स्पिनर ने तीसरे और आखिरी वनडे में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान अपने करियर में पहली बार पारी में 5 विकेट हासिल किए, जिससे वह भारतीय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा फायदा पाने वाली खिलाड़ी बन गईं।



महिला टी-20

प्रेमा ने बनाया रिकॉर्ड, 14 गेंदों मे जड़ा अर्धशतक



एजेंसी ▶▶| पुणे

भारतीय ऑलराउंडर प्रेमा रावत ने सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी के मैच में मंगलवार को 14 गेंदों में अर्धशतक जड़कर महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 50 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया।

उत्तराखंड की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी पारी में छह चौके और चार छक्के लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 357 रहा। उनकी इस पारी के दम पर उत्तराखंड ने हैदराबाद को 89 रन से हराया। महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना के नाम है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। इंग्लैंड की मैरी केली और ऑस्ट्रेलिया की लौरा हैरिस ने भी घरेलू क्रिकेट में 15 गेंदों में अर्धशतक बनाए हैं।

गेंदबाजी में प्रेमा का जलवा

रावत की नाबाद 50 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत उत्तराखंड ने निर्धारित 20 ओवरों में दो विकेट पर 187 रन बनाए। इसके जवाब में हैदराबाद की टीम 8 विकेट पर 98 रन ही बना सकी। प्रेमा रावत ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट लिए।

मैक्सवेल ने 14 साल के अंतरराष्ट्रीय कॅरियर को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, जिससे उनके 14 साल के करियर का अंत हो गया है। सी मि त ओवरों की क्रिकेट के इस 38 वर्षीय धुरंधर खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अपना आखिरी मैच इस साल की शुरुआत में आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान ओमान के खिलाफ खेला था। मैक्सवेल ने कहा, 'मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ-साथ विक्टोरिया के लिए घरेलू क्रिकेट (50 ओवर के मैच और लाल गेंद से खेले जाने वाले चार दिवसीय क्रिकेट) से भी संन्यास ले रहा हूं।' उन्होंने कहा,



'ओलंपिक खेलों (2028 में) को देखते हुए मुझे लगता है कि अगले 12 से 24 महीनों में काफी बदलाव होने वाले हैं, ऐसे में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि युवा खिलाड़ियों पर ध्यान दिया जाए और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के दबाव का सामना करने का मौका मिले।'

कनकशन के कारण कॉनवे पहले वनडे से बाहर, सीफर्ट टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड के सीनियर बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अभ्यास सत्र के दौरान साथी खिलाड़ी मैट हेनरी से टकराने से सिर में चोट लगने (कनकशन) के कारण भारत के खिलाफ बुधवार को होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने मंगलवार को बताया कि टिम सीफर्ट उनकी जगह लेंगे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पुष्टि की कि कॉनवे को जांच के लिए अस्पताल ले जाने के बाद 'कनकशन' का पता चला, जिसके कारण वह श्रृंखला के पहले मैच में



नहीं खेल पाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, 'कॉनवे को जांच के लिए अस्पताल के दुर्घटना एवं आपातकालीन विभाग (ए एंड ई) में ले जाया गया, जहां 'कलकशन' की पुष्टि हुई। इस कारण वह कल भारत के खिलाफ पहले वनडे में नहीं खेल पाएंगे।''

यह टक्कर तब हुई जब दोनों खिलाड़ी श्रृंखला के पहले मैच से पूर्व ऑकलैंड के ईडन पार्क में टीम के अभ्यास सत्र के दौरान हवा में लहराते कैच को लेने की कोशिश कर रहे थे। सैंटनर ने पुष्टि की कि हेनरी ठीक हैं। उन्होंने मैच की कहा, 'मुझे लगता है मैट को सिर में चोट लगी थी। वह ठीक लग रहा है, लेकिन डेव (कॉनवे) को तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया है। वास्तव में वह टक्कर अच्छी नहीं लग रही थी।'

एथलीट सुधा सिंह हटीं चुनावी दौड़ से

आईओए एथलीट आयोग की निर्विरोध सदस्य चुनी गईं सिंधू-मीराबाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और मीराबाई चानू सहित 10 खिलाड़ियों को मंगलवार को निर्विरोध भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग का सदस्य चुन लिया गया। पूर्व ट्रैक एवं फील्ड एथलीट सुधा सिंह के चुनावी दौड़ से हटने के बाद मतदान कराने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि 10 सीट के लिए केवल 10 उम्मीदवार ही रह गए थे।

निर्वाचन अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने 5 पुरुष और 5 महिला सहित सभी 10 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इससे पहले बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने भी अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी।



आईओए एथलीट आयोग के निर्विरोध निर्वाचित सदस्य

पीवी सिंधू, मीराबाई चानू, हरमनप्रीत सिंह, सलीमा टेटे, स्वप्निल कुसाले, भवानी देवी, तजिंदरपाल सिंह तूर, बोम्बाल्या देवी, साजन प्रकाश और मंजीत सिंह।

आईएसएसएफ एथलीट समिति का चुनाव लड़ेगी मनु भाकर

दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 2026-2030 के लिए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) एथलीट समिति का चुनाव लड़ेंगी, जिन्हें पिस्टल वर्ग में नामित किया गया है। भाकर उन दस उम्मीदवारों में से हैं, जो पिस्टल श्रेणी में दो पदों के लिए दौड़ में होंगे। पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा को बचाना और ओलंपिक कार्यक्रम में इसके दीर्घकालिक भविष्य को सुरक्षित करने के साथ आईएसएसएफ विश्व कप में बेहतर इनामी राशि के लिए जोर देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। भाकर ने कहा, 'शीर्ष स्तर पर खेलने के बाद मुझे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के सामने आने वाली चुनौतियों और मौकों दोनों का अनुभव है। मेरा मानना है कि खिलाड़ियों को खेलों में भागीदारी के अलावा भविष्य को गढ़ने के लिए भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।'

भारत-इंडोनेशिया रक्षा सहयोग को मजबूती दे रहा संयुक्त अभ्यास 'गरुड़ शक्ति'

पूर्वी जावा के चुनौतीपूर्ण और घने जंगलों वाले इलाके में शुरू हुआ अभ्यास

निशानेबाजी, पर्वतारोहण, हेलीकॉप्टर के जरिए अभियान जैसी गतिविधियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा सहयोग को मजबूती देते हुए दोनों देशों की सेनाओं ने मंगलवार को इंडोनेशिया के पूर्वी जावा में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'गरुड़ शक्ति 2026' का अंतिम सत्यापन अभ्यास शुरू किया। जकार्ता स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि भारतीय सेना और इंडोनेशियाई सेना (टीएनआई-एडी) के विशेष बलों के बीच 48 घंटे तक चलने वाले इस अभ्यास में कठिन परिचालन परिस्थितियों में सैनिकों की विशेष युद्ध कौशल का परीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही उनकी सहनशक्ति, सामरिक समन्वय और दबाव में निर्णय लेने की क्षमता का भी आकलन किया जाएगा।

घने जंगलों वाले इलाके में शुरू हुआ युद्धाभ्यास

दूतावास के अनुसार, पूर्वी जावा के चुनौतीपूर्ण और घने जंगलों वाले इलाके में शुरू हुए इस अभ्यास में सैनिक पिछले एक सप्ताह के दौरान सीखे गए



कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इनमें निशानेबाजी, पर्वतारोहण, हेलीकॉप्टर के जरिए अभियान, गश्त और युद्ध क्षेत्र में लक्ष्य का पीछा करने जैसी गतिविधियां शामिल हैं। वास्तविक परिस्थितियों पर आधारित इस अभ्यास में दोनों देशों के विशेष बलों को कठिन परिस्थितियों में एक टीम के रूप में काम करना होगा। इसका उद्देश्य इस संस्करण के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों को मजबूत करना और भविष्य में जटिल संयुक्त अभियानों के लिए सैनिकों को तैयार करना है।

वास्तविक परिस्थितियों पर आधारित इस अभ्यास में दोनों देशों के विशेष बलों को कठिन परिस्थितियों में एक टीम के रूप में काम करना होगा। इसका उद्देश्य इस संस्करण के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों को मजबूत करना

सैन्य कौशल के साथ आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर जोर

इससे पहले शनिवार को भारत और इंडोनेशिया की सेनाओं ने इंडोनेशिया के बन्युवांगी में जंगलों के बीच युद्ध क्षेत्र में लक्ष्य का पता लगाने और उसका पीछा करने का अभ्यास किया था। भारतीय दूतावास के अनुसार, इस प्रशिक्षण में जमीन की बनावट और निशानों का विशेष तरीके से अध्ययन कर लक्ष्य का पता लगाने पर ध्यान दिया गया। इस दौरान दोनों देशों के विशेष बलों को घने जंगलों में निगरानी, टोही और परिस्थितियों की जानकारी जुटाने के लिए ड्रोन के परिचालन उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। इसमें पारंपरिक सैन्य कौशल के साथ आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया गया। भारतीय दूतावास ने बताया कि छठे दिन के अभ्यास में सैनिकों को पारंपरिक युद्ध कौशल और विशेष तकनीकों से परिचित कराया गया, ताकि जंगलों में किसी भी गतिविधि या खतरे का पता लगाने में कोई चूक न हो।

6 नवंबर तक चलेगा प्रशिक्षण


रक्षा मंत्रालय के अनुसार, भारत-इंडोनेशिया संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'गरुड़ शक्ति' की शुरुआत 27 अक्टूबर को इंडोनेशिया के बन्युवांगी में हुई थी। दोनों देशों के विशेष बल 6 नवंबर तक जंगलों में युद्ध संचालन का प्रशिक्षण लेंगे। भारतीय दल में पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिक शामिल हैं, जबकि इंडोनेशिया की ओर से वहां के विशेष बलों के जवान हिस्सा ले रहे हैं।

ये जानकारी रक्षा मंत्री ने मंगलवार को राजधानी में हुए दिल्ली रक्षा संवाद को संबोधित करते हुए दी है

बाहरी निर्भरताओं की वजह से बाधित नहीं होनी चाहिए देश की रक्षा जरूरतें: राजनाथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन से लेकर पश्चिम-एशिया क्षेत्र में जारी भीषण युद्ध की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से बदलते युद्ध के स्वरूप और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को नई दिल्ली में कहा कि हमें रक्षा उपकरणों, महत्वपूर्ण हथियारों के देश के भीतर डिजाइन के साथ-साथ निर्माण को भी हर हाल में चाक-चौबंद बनाने की आवश्यकता है। इसके अलावा यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि बाहरी निर्भरताओं के चलते भारत की रक्षा जरूरतें किसी भी प्रकार से बाधित नहीं होनी चाहिए। यह जानकारी उन्होंने मानेकशॉ केंद्र में रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (एमपी-आईडीएसए) द्वारा आयोजित किए गए तीसरे दिल्ली रक्षा संवाद को संबोधित करते हुए दी है।



बताया आत्मनिर्भरता का अर्थ

उन्होंने आत्मनिर्भरता का वास्तविक अर्थ समझाते हुए कहा कि इसे तकनीकी संप्रभुता हासिल करने के प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए। क्योंकि इसकी मदद से ही हम ये सुनिश्चित कर सकते हैं कि भारत की सामरिक आवश्यकताओं की पूर्ति में विदेशों पर बनी हुई निर्भरता किसी भी प्रकार से रुकावट या बाधा उत्पन्न न करे। लेकिन हकीकत में इसे तभी प्राप्त किया जा सकता है। जब देश के पास किसी रक्षा प्लेटफार्म के मामले में 360 डिग्री ज्ञान मौजूद हो। इसका मतलब ये है कि हम न केवल उस प्लेटफार्म को बनाने की मूलभूत समझ रखते हों। बल्कि हमारे पास उसके डिजाइन के अलावा निर्माण करने की प्रौद्योगिकी होनी चाहिए। इसके अलावा सुधार के लिए बौद्धिक संपदा सहित संपूर्ण जीवन काल तक उस प्लेटफार्म को बरकरार रखने का सामर्थ्य भी इस मामले में बेहद महत्वपूर्ण है।

इन चार तत्वों से आएगी रणनीतिक स्वायत्तता

रक्षा मंत्री ने कहा कि संवाद की विषयवस्तु में शामिल चार तत्वों जैसे रक्षा सुधार, आत्मनिर्भरता, सहयोग और निर्यात की बदौलत देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। चारों तत्वों में पहले का उद्देश्य भारत में रक्षा सुधारों को लेकर अनुकूल वातावरण का निर्माण करना होना चाहिए। जबकि दूसरे से स्वदेशी तकनीकी क्षमताओं को मजबूती दी जानी चाहिए। तीसरे की मदद से उन्नत प्रौद्योगिकियों तक पहुंच बनाना, सह-विकास को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। जबकि अंत में निर्यात के जरिए औद्योगिक तंत्र को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। यह चारों तत्व देश की रणनीतिक स्वायत्तता को मजबूती प्रदान करने में काफी अहम भूमिका निभाएंगे।

मामूली ड्रोन बने बड़ी चुनौती

उन्होंने कहा कि दुनिया में जारी संघर्षों ने युद्ध में हो रहे बदलावों को और अधिक स्पष्ट रूप से हमारे सामने ला दिया है। वर्तमान में युद्धक्षेत्र की कल्पना महज जल, थल और नभ के रूप में नहीं की जा सकती है। बल्कि इसमें अंतरिक्ष, साइबर और डिजिटल क्षेत्रों के समावेश से विस्तार हुआ है। इतना ही नहीं पारंपरिक, गैर-पारंपरिक युद्धों के बीच का फासला भी घटता जा रहा है। कम लागत वाले छोटे ड्रोन और स्वायत्त प्रणालियां अत्याधुनिक तथा महंगे सैन्य प्लेटफॉर्म के लिए खासी चुनौती पेश कर रहे हैं। जिसे देखते हुए अब तेजी से नवाचार की रफ्तार बढ़ाने, बड़े पैमाने पर उत्पादन के साथ उन्नत हथियार प्रणालियों की स्वामित्व के साथ मौजूदगी महत्वपूर्ण हो गई है। राजनाथ ने कहा, एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, एटीएजीएस, तोपखाने के गोला बारूद व जहाज निर्माण जैसे कार्यक्रमों में निजी क्षेत्र को शामिल करने से स्वदेशी विकास निश्चित रूप से को गति मिलेगी, विनिर्माण क्षमता बढ़ेगी और वैश्विक रक्षा बाजार बाकी भागीदारों के साथ प्रतिस्पर्धा के मामले में भारत की स्थिति मजबूत होगी।

3 लाख करोड़ के रक्षा उत्पादन का लक्ष्य

उन्होंने 2029 तक 3 लाख करोड़ के रक्षा उत्पादन और इसी समयावधि में 50 हजार करोड़ रुपए के रक्षा निर्यात के लक्ष्य को प्राप्त करने के सरकार के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए घरेलू रक्षा विनिर्माण क्षमता के विस्तार, गुणवत्ता में सुधार व वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता को सशक्त बनाना पड़ेगा।

एक ऐतिहासिक युग का समापन

नवंबर के अंत तक साउथ ब्लॉक से हटकर शौर्य भवन बनेगा सेनाप्रमुख का नया कार्यालय


नौसेनाप्रमुख अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जाएंगे सेना या नौसेना भवन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार की तेजी से परवान चढ़ती सेंट्रल विस्टा परियोजना के जरिए राष्ट्रीय राजधानी में जारी निर्माण कार्य के बीच रायसीना हिल्स इलाके में मौजूद केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) के तहत आने वाले एक प्रमुख मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय का कार्यालय अब साउथ ब्लॉक से औपचारिक रूप से खाली होने जा रहा है। पूर्व में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस जनरल सुब्रमणि और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय मौजूदा साल के अप्रैल महीने में कर्तव्य भवन-2 में शिफ्ट हो चुके हैं। जबकि अब इसी कवायद को आगे बढ़ाते हुए इसी नवंबर महीने के अंत में सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ, उप-सेनाप्रमुख और उनके सभी सातों प्रमुख स्टाफ अधिकारी (पीएसओ) भी साउथ ब्लॉक स्थित अपने कार्यालय को छोड़कर दिल्ली कैंट स्थित नवनिर्मित शौर्य भवन से अपना कामकाज करते हुए नजर आएंगे। जबकि नौसेनाप्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन अपने तमाम वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नई दिल्ली में मौजूद नौसेना भवन या फिर सेना भवन की ओर रुख कर सकते हैं। पूर्व में साउथ ब्लॉक नई दिल्ली के उस सरकारी पावर हाउस के रूप में जाना जाता था। जहां पर रक्षा मंत्री तीनों सशस्त्र सेनाप्रमुखों के साथ देश की सरहदों की सुरक्षा से जुड़ा हर छोटा-बड़ा निर्णय लिया करते थे। लेकिन अब इस ऐतिहासिक भवन का खाली होना किसी ऐतिहासिक युग के समापन से कम नहीं है।

केबी-6,7 में बनेगा नया ढांचा

रक्षा सूत्रों ने बताया कि तीनों सशस्त्र सेनाओं के कार्यालय वर्तमान में एक जगह से दूसरी जगह पर स्थानांतरित होने का यह अर्थ बिल्कुल भी नहीं है कि उनके बीच कामकाज को लेकर बने हुए समन्वय में किसी प्रकार की कोई कमी देखने को मिलेगी। बल्कि वह



पहले की तरह ही एक-दूसरे के साथ पर्याप्त रूप से संचार स्थापित करते हुए आपस में जुड़े रहेंगे। इन सबसे इतर नौसेना का वॉर रूम कहां शिफ्ट होगा? इस बाबत तस्वीर अभी पूरी तरह से साफ नहीं है। क्योंकि इसे लेकर नौसेना को बड़े पैमाने पर सुरक्षित संचार व्यवस्था, आधुनिक तकनीक की दरकार है। वहीं, यहां ये भी बता दें कि 2024 में नौसेना ने दिल्ली कैंट स्थित नौसेना भवन में अपना मुख्यालय शिफ्ट कर दिया है। आगे चलकर या बहुत संभावना है कि अगले साल 2027 में रक्षा मंत्रालय का कार्यालय कर्तव्य भवन-2 से शिफ्ट होकर नए बनाए जा रहे कर्तव्य भवन 6, 7 में शिफ्ट होगा। ये दोनों इमारतें पूर्ण रूप से रक्षा मंत्रालय को समर्पित होंगी। इनकी एक खास बात ये होगी कि इनमें तीनों सशस्त्र सेनाप्रमुखों को भी अलग से कार्यालय प्रदान किए जाएंगे।

बांग्लादेश के साथ सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्योन्मुखी संबंधों को बनाए रखने के पक्ष में भारत।

बांग्लादेश में जारी प्रदर्शनों से जुड़े घटनाक्रम पर भारत की पैनी नजर: जायसवाल

ये जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मंगलवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में दी है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शन के मामले पर मंगलवार को भारत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। यहां राजधानी में हुई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारे निकट पड़ोसी देश में बड़े पैमाने पर जारी प्रदर्शनों से संबंधित समूचे घटनाक्रम पर नई दिल्ली की पैनी नजर बनी हुई है। जहां तक वहां पर हालिया समय में नई सरकार के गठन के बाद बांग्लादेश के साथ भारत के संबंधों का मामला है तो उसे लेकर हमारा यही कहना है कि भारत बांग्लादेश के साथ सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्योन्मुखी संबंधों को बनाए रखने के पक्ष में है।

भारत यात्रा के लिए रहमान को दिया न्योता

उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में बताया कि नई दिल्ली ने बीते वक्त में बांग्लादेश के नवनियुक्त प्रधानमंत्री तारिक रहमान को भारत की यात्रा करने के लिए निमंत्रण दिया है। उनकी यात्रा को लेकर तारीखों को अंतिम रूप देने को लेकर दोनों देशों के बीच कूटनीतिक चैनलों के जरिए विचार किया जा रहा है। जैसे ही इस मामले पर हमारे पास जरूरी अपडेट होगी या ये कहें कि हम उचित समय पर इस बाबत मीडिया को जरूर सूचित करेंगे।

अटलांटा में मिले भारत, रूस के विदेश मंत्री

रणधीर ने कहा कि अमेरिका के अटलांटा में जी-20 समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर भारत, रूस के विदेश मंत्रियों के बीच भी एक द्विपक्षीय बैठक हुई थी। जिसमें दोनों देशों के आपसी संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न मामलों के अलावा साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मामलों पर भी विचार-विमर्श किया गया है। दोनों शीर्ष मंत्रियों की चर्चा में पश्चिम एशिया व यूक्रेन संघर्ष के मुद्दे को शामिल किया गया। भारत द्वारा यूक्रेन को सौंपा गया शांति प्रस्ताव इसी का एक हिस्सा कहा जा सकता है। जिसे लेकर रूस के राष्ट्रपति और यूक्रेन के विदेश मंत्री ने अपना पक्ष सार्वजनिक रूप से रखा है।

अमेरिका-ईरान युद्ध में शांति, कूटनीति पर जोर

युद्ध के बीच ईरान को लेकर की गई अमेरिका की ताजा टिप्पणी से संबंधित प्रश्न को लेकर उन्होंने कहा कि इलाके में जारी तमाम घटनाक्रमों पर हम बेहद बारीकी के साथ नजर बनाए हुए हैं। लेकिन भारत एक बार फिर से विवाद को खत्म करने के लिए सभी पक्षों से बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान करता है। क्योंकि संघर्ष के बढ़ने से वैश्विक स्तर पर ईंधन, खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी होती है। इजरायल में हुए चुनाव के संभावित नतीजों पर भी नई दिल्ली अपनी निगाह बनाए हुए है।

ये जानकारी मंगलवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में हरिभूमि के सवाल के जवाब में रणधीर जायसवाल ने दी है

नेपाल में हुआ बड़ा हादसा, लैंडिंग के वक्त टकराए दो हेलीकॉप्टर, 1 भारतीय की हुई मौत

उन्होंने कहा, घटना की कुछ तस्वीरें हमने देखी हैं, जिसमें मारे गए 1 भारतीय की पार्थिव देह को जल्द स्वदेश लाने की कोशिश करेंगे

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल में माउंट एवरेस्ट के पास सोलुखुम्बु हेलीपैड पर मंगलवार को दो हेलीकॉप्टरों के टकराने से एक बड़ा हादसा हो गया है। जिसमें एक भारतीय नागरिक की दुखद मौत हो गई है।



जबकि भारतीय मूल का एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ है। काठमांडू में भारतीय दूतावास ने इस घटना को लेकर एक्स पर की गई अपनी एक पोस्ट के जरिए देश के नागरिक की दुखद मृत्यु को लेकर गहन संवेदनाएं जताई हैं। साथ ही ये भी कहा कि वह उनकी पार्थिव देह को जल्द से जल्द स्वदेश भेजने के लिए नेपाल के अधिकारियों के साथ बेहद करीबी समन्वय के साथ काम कर रहा है। यह जानकारी राजधानी में मंगलवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने हरिभूमि द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में दी है।

आपस में टकराई हेलीकॉप्टरों की पंखुड़ियां

पड़ोसी देश के स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, ये हादसा हेलीपैड पर सुबह 8 बजकर 11 मिनट पर हुआ। जब फिशटेल एयर और डायनेस्टी एयर के दो हेलीकॉप्टर लैंडिंग के दौरान आपस में टकरा गए। दुर्घटना में मारे गए भारतीय की पहचान 47 वर्षीय वसंत कुमार बालारामरामाडु के रूप में हुई है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो वह चेन्नई के रहने वाले थे। जबकि इसी दुर्घटना में घायल हुए न्यूजीलैंड के एक अन्य नागरिक की पहचान 53 वर्षीय शैलेश कृष्ण पटेल के रूप में सामने आई है। उन्हें जरूरी उपचार प्रदान करने के लिए मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिशटेल एयर के हेलीकॉप्टर के पायलट भी घायल हुए हैं और उन्हें इलाज के लिए काठमांडू ले जाया गया है। इस टक्कर के दौरान हेलीकॉप्टरों में कुल कितने लोग सवार थे। इसके बारे में नेपाल पुलिस ने कोई पुख्ता जानकारी नहीं दी है। लेकिन उसका कहना है कि हम इसे लेकर जरूरी जानकारी जुटा रहे हैं। सोलुखुम्बु के पुलिस निरीक्षक मौसम तामांग ने बताया कि मृत विदेशी नागरिक के शव को प्रभु हेलीकॉप्टर के जरिए लुक्ला लाया गया है। वहीं, इस दुर्घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में काफी वायरल हुआ है। जिसमें दोनों हेलीकॉप्टरों की टक्कर को साफ देखा जा सकता है।

विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया

रणधीर ने बताया कि नेपाल में हुए इस हादसे की कुछ तस्वीरें मंत्रालय ने भी देखी हैं। एक भारतीय की मौत हो गई है। जिसकी पुष्टि काठमांडू में मौजूद हमारे दूतावास ने करते हुए देश की नागरिक की मृत्यु पर अपनी ओर से संवेदनाएं व्यक्त की हैं। इसके अलावा हम उनके पार्थिव शरीर को शीघ्र अति शीघ्र भारत वापस लाने की कोशिशों में जुटे हुए हैं।

अमेरिका में मिडटर्म इलेक्शन के लिए वोटिंग शुरू

8 राज्यों के पोलिंग बूथ खुले, निचले सदन की 435 और उच्च सदन की 35 सीटों पर मतदान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में मिडटर्म चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान शुरू हो गया। भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे सबसे पहले 8 राज्यों में पोलिंग बूथ खुले। इनमें कनेक्टिकट, इंडियाना, केंटकी, मेन, न्यू हैम्पशायर, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क और वर्जीनिया शामिल हैं। इन चुनावों में अमेरिकी संसद के निचले सदन की सभी 435 सीटों और उच्च सदन सीनेट की 35 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। अमेरिका में राष्ट्रपति के चुनाव के ठीक दो साल बाद मिडटर्म चुनाव कराए जाते हैं। इसमें संसद की सीटों और कुछ राज्यों में गवर्नर के पदों के लिए मतदान होता है। फिलहाल ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के पास संसद के दोनों सदनों में बहुमत है। अगर पार्टी किसी एक सदन में भी बहुमत खो देती है, तो ट्रंप के लिए कानून पास कराना मुश्किल हो जाएगा।



ट्रंप से नाराज 62% भारतीय-अमेरिकी

मध्यावधि चुनाव में भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं का रुझान डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवारों की ओर बढ़ता दिख रहा है और एक नए सर्वेक्षण में अनुमान जताया गया है कि 62% भारतीय-अमेरिकी मतदाता डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों को वोट दे सकते हैं। सर्वेक्षण में इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मोहभंग होने का संकेत बताया गया है। 62% नागरिकों ने बताया कि वे डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों को वोट देंगे।

मतदान से कुछ घंटे पहले अमेरिका का ईरान पर हमला

केश्म द्वीप पर 5 धमाके, ईरान ने 2 यूएस ड्रोन मारे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/ तेहरान

ईरान के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण केश्म द्वीप और होर्मुज के आसपास अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने के संकेत मिले हैं। अमेरिका में मंगलवार को मध्यावधि चुनाव के लिए मतदान होने से पहले सोमवार को ईरान के केश्म द्वीप पर कम से कम पांच जोरदार धमाके हुए। कुछ दूर पर बंदर लेंगेह शहर में भी विस्फोट की खबर है। ईरानी मीडिया ने अमेरिका के दो एमक्यूएम-170 जासूसी ड्रोन मार गिराने का दावा किया है। ईरान ने अमेरिकी एमक्यूपी-170 जासूसी ड्रोन को मार गिराने का वीडियो जारी किया है। सरकारी चैनल आईआरआईबी ने फुटेज जारी किया है।

ईरान का 4 अमेरिकी ड्रोन पकड़ने का दावा



केश्म द्वीप पर हमले के बाद आग

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने मंगलवार को बताया कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनसंपर्क कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक आईआरजीसी की नौसेना ने केश्म द्वीप के ऊपर और होर्मुज के दक्षिण में दो अमेरिकी ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली की मदद से अपने नियंत्रण में लिया। ईरानी पक्ष का दावा है कि इन ड्रोन को मार गिराने के बजाय सुरक्षित उतारा गया। इसके साथ ही ईरान के कब्जे में आए ऐसे अमेरिकी ड्रोन की संख्या चार हो गई है।

कूटनीतिक समझौते के भी संकेत

ट्रंप प्रशासन की ओर से कूटनीतिक समझौते की संभावनाओं के संकेत भी दिए जा रहे हैं। ऐसे में एक तरफ सैन्य अभियान और दूसरी तरफ बातचीत की उम्मीद दोनों देशों के बीच जारी तनाव की जटिल तस्वीर पेश करते हैं। केश्म द्वीप फारस की खाड़ी में ईरान के दक्षिणी तट पर स्थित है और होर्मुज के बेहद करीब होने के कारण सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109